हिंदी दैनिक
# कोयलांचल संवाद
www.ksnewsupdates.com
धनबाद, गुरुवार 03 जुलाई, 2025, वर्ष : 34, अंक : 98, मूल्य : 3 रूपए
धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### गिरिडीह में कार और ट्रक के बीच भीषण टक्कर, तीन की मौत

गिरिडीह : गिरिडीह जिले में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है, यहां एक कार और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई।इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है। तीनों एक ही परिवार के सदस्य थे, घटना बेंगाबाद थाना इलाके के दामोदरडीह के पास की है। मृतकों में छोटू तुरी ( 50 वर्ष ), राजन तुरी ( 25 वर्ष ) एवं लीलो तुरी ( 45 वर्ष ) शामिल है। जबकि घायलों में संगीता देवी और रानी देवी शामिल है।मृतकों में पिता-पुत्र शामिल है।

### स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह जायेंगे फिलिपिंस


रांची(ईएमएस)।स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह फिलिपिंस जायेंगे। वे फिलिपिंस की राजधानी मनीला में एशियन डेवलपमेंट बैंक के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।जानकारी के् अनुसार श्री सिंह इस कार्यक्रम में वह स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करेंगे और अपने अनुभव साझा करेंगे।अजय कुमार सिंह सात से 11 जुलाई तक विदेश में रहेंगे।इससे पहले अजय कुमार सिंह 17 मई से एक सप्ताह की छुट्टी पर यूके गये थे।

### रांची के सभी स्कूलों के आस-पास अब नहीं बिकेगा मांस-मछली

**नगर निगम ने लगाया प्रतिबंध**

राँची नगर निगम ने नगर निगम क्षेत्र के सभी स्कूलों के 300 मीटर के दायरे में मांस-मछली की बिक्री पर रोक लगाने और स्कूलों के आसपास किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पादों की खरीद-बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है।

### सितंबर तक पूरी कर ली जाएगी शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया : जेएसएससी



रांची : झारखंड हाईकोर्ट ने जेएसएससीको 26,001 शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया सितंबर 2025 तक पूरा करने का निर्देश दिया है. बुधवार को चीफ जस्टिस की बेंच में हुई सुनवाई के दौरान जेएसएससी की ओर से शपथपत्र दायर कर यह बताया गया कि नियुक्ति प्रक्रिया चार श्रेणियों में की जा रही है. गणित एवं विज्ञान (5,008 पद), सामाजिक विज्ञान (5,002 पद), भाषा (4,991 पद) और इंटरमीडिएट प्रशिक्षित शिक्षक (11,000 पद)। इंटर प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति प्राथमिक विद्यालयों के लिए होगी. जुलाई के दूसरे सप्ताह तक गणित और विज्ञान, चौथे सप्ताह तक सामाजिक विज्ञान, अगस्त के तीसरे सप्ताह तक भाषा और सितंबर के अंत तक इंटरमीडिएट शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी. जिसके बाद अदालत ने इस मामले की सुनवाई के लिए 15 सितंबर की तिथि निर्धारित की है. हाईकोर्ट में बुधवार को राज्य सरकार के लिए महाधिवक्ता राजीव रंजन और जेएसएससी के लिए अधिवक्ता संजोय पीपरवाल ने पक्ष रखा.

### आज होगा रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन, अंतिम चरण में तैयारियां

रांची : राजधानी रांची के बहुप्रतीक्षित रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन कल 3 जुलाई को होगा. केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी इसका लोकार्पण करेंगे. इसके बाद कॉरिडोर आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा. इस मौके पर ओटीसी मैदान में एक बड़ी जनसभा का आयोजन किया गया है, जिसमें हजारों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी इस सभा को संबोधित करेंगे. उद्घाटन कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं. कॉरिडोर से जुड़े सौंदर्यीकरण और मूलभूत सुविधाओं को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि उद्घाटन के समय हर व्यवस्था दुरुस्त रहे. कार्यक्रम को लेकर एनएचएआई को केंद्रीय मंत्रालय से अनुमति पत्र प्राप्त हो चुका है. उद्घाटन कार्यक्रम में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, एनएचएआई के अधिकारी व अन्य विशिष्ट अतिथि भी मौजूद रहेंगे.

### कुख्यात ललित नेपाली का एनकाउंटर

नई दिल्ली(ईएमएस)। दिल्ली पुलिस और एसटीएफ की टीम ने एक कुख्यात बदमाश ललित नेपाली का एनकाउंटर कर दिया। मुठभेड़ में बदमाश ललित नेपाली घायल हो गया। फिलहाल उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ में लाजपत नगर के एसीपी बुलेटप्रुफ जैकेट के कारण बाल-बाल बच गए। ललित दो दर्जन से अधिक वारदातों में शामिल था। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, साउथ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट एसटीएफ और सनलाइट कॉलोनी थाने की संयुक्त कार्रवाई में सराय काले खां बस स्टैंड के पास वांछित अपराधी ललित के साथ मुठभेड़ हुई।

### राजीव कुमार सिन्हा निदेशक (तकनीकी) बने



धनबाद । भारत सरकार के लोक उद्यम चयन बोर्ड ने भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के तकनीकी सचिव महा प्रबंधक श्री राजीव कुमार सिन्हा को सी एम पीडी आई के निदेशक (तकनीकी) के पद के लिए चयनित किया है । आज इस पद के लिए हुए इंटरव्यू में श्री राजीव कुमार सिन्हा सहित 11 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया उनमें से श्री राजीव कुमार सिन्हा का चयन हुआ है ।

### गरीब रथ ट्रेन का नाम बदलने की मांग

गुरुग्राम। गुरुग्राम के एक व्यक्ति ने देशभर में चल रहे गरीब रथ ट्रेनों का नाम बदलकर सम्मान रथ करने की मांग उठाई है।

जोनल रेलवे यूजर्स कंसल्टेटिव कमेटी उत्तरी रेलवे के सदस्य और पूर्व डीआरयूसीसी सदस्य दीपक भारद्वाज ने इस संबंध में दिल्ली रेल मुख्यालय में अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है।

साथ ही उन्होंने रेल मंत्री को एक चिट्ठी भेजकर इस मुद्दे को उठाया है और सम्मानजनक नामकरण की अपील की है। दीपक भारद्वाज का कहना है कि 'गरीब रथ' नाम मध्यम वर्ग और उससे नीचे के वर्ग के लोगों के सम्मान को ठेस पहुंचाता है।

**राजकीय श्रावणी मेले की मुख्य सचिव ने की तैयारियों की समीक्षा, दिये दिशा-निर्देश**

# भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था पुख्ता बनाएं और श्रद्धालुओं की सुविधा का रखें ध्यान




रांची : राजकीय श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर बुधवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी ने समीक्षा की. इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था पुख्ता बनाएं और श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखें. भगदड़ की स्थित नहीं बने, इसके लिए तय मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करें.

श्रद्धालु एक जगह अधिक संख्या में इकट्ठे नहीं हों, इसके लिए ऐसी व्यवस्था बनायें कि वे छोटे-छोटे समूह में रहें. सुरक्षा व्यवस्था में तैनात कर्मी शिफ्ट बदलने पर तभी अपना स्थान छोड़े, जब उनका विकल्प वहां आ जाये. शिकायत और सुझाव के लिए क्यूआर कोड की व्यवस्था को भी तमाम जगहों पर उपलब्ध कराएं. भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था पुख्ता बनाएं और श्रद्धालुओं को छोटे-छोटे समूह में रखें. एआई आधारित सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन आदि के फुटेज की लगातार मॉनिटरिंग हो.

आपात स्थिति से निपटने के लिए जो जहां तैनात हों, वे प्रशिक्षित, जवाबदेह और संवेदनशील हों.

बारिश के मौसम को देखते हुए स्वच्छता पर पूरा फोकस करें और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता बनी रहे. श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं के रख-रखाव पर विशेष ध्यान दें. ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करें और श्रद्धालुओं के लिए यातायात की सुविधा प्रदान करें चिकित्सा व्यवस्था को दुरुस्त करें और श्रद्धालुओं के लिए एंबुलेंस की सुविधा प्रदान करें.

अग्निशमन व्यवस्था को दुरुस्त करें और श्रद्धालुओं की सुरक्षा का ध्यान रखें. सुरक्षा कर्मी शिफ्ट बदलने पर तभी अपना स्थान छोड़े, जब उनका विकल्प वहां आ जाए.

श्रद्धालुओं के आने-जाने की अलग व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, शयन आदि की व्यवस्था सुनिशिचित हो. श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह होर्डिंग आदि के माध्यम से यातायात, चिकित्सा, विश्राम स्थलों आदि की सूचना प्रचारित-प्रसारित करें.

अचानक बिजली गुल नहीं हो. बिजली कटने के साथ उसकी

## मुहर्रम पर्व को लेकर राज्यव्यापी अलर्ट जारी असामाजिक तत्वों पर होगी कार्रवाई : डीजीपी




रांची : झारखंड में आगामी मुहर्रम पर्व के मद्देनजर राज्यव्यापी अलर्ट जारी किया गया है. पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने बुधवार को राज्य के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों (एसपी), क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षकों (डीआईजी) और जोनल पुलिस महानिरीक्षकों (आईजी) के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की. यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई. बैठक का मुख्य उद्देश्य मुहर्रम के दौरान राज्य में किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था संबंधी समस्या को रोकना है. बैठक में कई प्रमुख एजेंडों पर विस्तार से चर्चा हुई और डीजीपी पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किये. बैठक में रांची एडीजी प्रिया दुबे,आईजी मनोज कौशिक, आईजी प्रभात कुमार, डीआईजी शैलेंद्र वर्णवाल के अलावा कई पुलिस अधिकारी उपस्थित थे.

**डीजीपी ने दिए कई दिशा निर्देश**

मीक्षा के दौरान डीजीपी ने सभी जिलों के एसएसपी व एसपी को आगामी पर्व के मद्देनजर निरोधात्मक कार्रवाई करने, जिलों में संभावित घटना वाले स्थलों पर बलों की पर्याप्त प्रतिनियुक्ति करने और असंभावित घटना की स्थिति में त्वरित कार्रवाई कर समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिये.

उन्होंने सुरक्षा बलों के लिए भोजन, आवासन, पानी आदि का पर्याप्त व्यवस्था करने, जिलों में दंगारोधी सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता का सत्यापन करने, एंटी रॉयट कन्ट्रोल ड्रील की व्यवस्था करने, जिला और थाना स्तर पर शांति समिति की बैठकें आयोजित करने और नियंत्रण कक्ष से लगातार निगरानी रखने के निर्देश भी दिये.

**हेमंत सोरेन ने नितिन गड़करी को लिखा पत्र**

## पिता अस्वस्थ हैं, फ्लाईओवर उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं हो पाऊंगा



रांची : सीएम हेमंत सोरेन तीन जुलाई को रातू रोड फ्लाईओवर के उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं हो पाएंगे. इस संबंध में सीएम मे केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है.

पत्र में लिखा कि तीन जुलाई को रांची और गढ़वा में आयोजित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किये जाने के शिलान्यास समारोह में भाग लेने के लिए आपके आमंत्रण को मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं. इस महत्वपूर्ण अवसर पर उपस्थित होना मेरे लिए सौभाग्य की बात होती. शिबू सोरेन जी के अस्वस्थ होने के कारण, मैं वर्तमान में उनकी चिकित्सा देखभाल के लिए दिल्ली में हूं. इसलिए कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाऊंगा.

उन्होंने पत्र में यह भी लिखा है कि यदि आपको यह उचित लगे, तो मैं आपसे विनम्रतापूर्वक अनुरोध करता हूं कि इस कार्यक्रम को किसी और तिथि पर पुनर्निर्धारित करने पर विचार करें, जिससे मैं व्यक्तिगत रूप से इसमें भाग ले सकूं. मैं आपके इस दयालु व्यवहार और समर्थन के लिए आभारी हूं.

**झारखंड शराब घोटाला मामले में एसीबी की बड़ी कार्रवाई**

## प्रिज्म होलोग्राफी के एमडी विधु गुप्ता गिरफ्तार




रांची(ईएमएस)। झारखंड में 70 करोड़ से अधिक के शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार को एसीबी की टीम ने प्रिज्म होलोग्राफी कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) विधु गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है।

विधु गुप्ता मूल रूप से उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के रहने वाले हैं। एसीबी ने विधु गुप्ता को 20 मई को दर्ज हुए कांड संख्या 09/25 के तहत गिरफ्तार किया है। यह शराब घोटाले में एसीबी द्वारा की गई आठवीं गिरफ्तारी है।इस घोटाले की जड़ें छत्तीसगढ़ में हुए इसी तरह के घोटाले से जुड़ी हुई है।गिरफ्तार कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया ने ही प्रिज्म होलोग्राफी और उसके निदेशक विधु गुप्ता को झारखंड में अवैध जनशक्ति मॉडल के सक्रिय संचालक के रूप में पेश किया था।इस घोटाले में आबकारी लाइसेंस धारकों और झारखंड स्टेट बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड की निविदाओं के लिए विधु गुप्ता की एजेंसी के माध्यम से फर्जी जनशक्ति की लगातार तैनाती की गई। सार्वजनिक धन का गबन करने के लिए फर्जी दस्तावेजों और बढ़ाए गए वेतन दावों का भी इस्तेमाल किया गया।जांच में यह भी सामने आया है कि विधु गुप्ता के नियंत्रण में ठेकेदारों, आबकारी अधिकारियों और जनशक्ति एजेंसियों को शामिल करते हुए विभिन्न राज्यों में एक संरचित नेटवर्क काम कर रहा था।यह गिरफ्तारी झारखंड शराब घोटाले की जांच में एक महत्वपूर्ण मोड़ मानी जा रही है।आने वाले दिनों में और भी गिरफ्तारियां होने की संभावना है।

## पॉलिटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम घोषित, ज्योति शुक्ला बनी टॉपर

**ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू**

रांची। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने पॉलिटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम बुधवार को जारी कर दिया। इस प्रवेश परीक्षा में ज्योति शुक्ला पूरे राज्य में पहले स्थान पर रही हैं। दूसरे स्थान पर अब्दुल सकलैन मुस्तफा तथा तीसरे स्थान पर अंकित राज आदित्य रहे हैं। तीनों को 150 अंकों में क्रमशः 141.25, 138.25 तथा 137.50 अंक मिले हैं। 18 मई को हुई इस परीक्षा में निगेटिव मार्किंग की व्यवस्था थी। पर्षद ने इस परीक्षा के परिणाम जारी करने के साथ-साथ नामांकन के लिए काउंसलिंग की ऑनलाइन प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। पहली काउंसलिंग के लिए तीन से आठ जुलाई तक ऑनलाइन निबंधन तथा सीटों के विकल्प भरने की प्रक्रिया संपन्न होगी। नौ से 10 जुलाई तक विकल्पों में संशोधन हो सकेगा। पर्षद 13 जुलाई को सीटों के आवंटन की सूची प्रकाशित करेगा। इसके बाद 14 से 19 जुलाई तक सीटों का आवंटन डाउनलोड किया जा सकेगा तथा इसी अवधि में संस्थानों में नामांकन होगा। इस प्रवेश परीक्षा के माध्यम से राज्य के सरकारी पॉलीटेक्निक संस्थान, गैर सरकारी डिप्लोमा संस्थानों के साथ-साथ उद्योग विभाग द्वारा संचालित गवर्नमेंट टूल रूम में पहले सेमेस्टर में नामांकन होगा। पर्षद ने दूसरी एवं तीसरी काउंसलिंग की भी तिथियां निर्धारित कर दी हैं। अभ्यर्थियों को सीटों का आवंटन डाउनलोड करने के लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत एक हजार रुपये आंशिक शुल्क जमा करना होगा। नामांकन नहीं लेने पर यह राशि जब्त कर ली जाएगी तथा नामांकन लेने पर इसका समायोजन शुल्क में होगा। इधर, पर्षद ने परिणाम में पारदर्शिता लाने के लिए अभ्यर्थियों की स्कैन ओएमआर शीट भी वेबसाइट पर अपलोड कर दी है, जिसे अभ्यर्थी डाउनलोड कर सकेंगे।

# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने ग्लोबल-नेशनल रैंकिंग में छुई नई बुलंदी, दुनिया की शीर्ष 2% यूनिवर्सिटीज में हुई शामिल

चंडीगढ़ : चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी (सीयू) ने दुनिया की शीर्ष दो प्रतिशत में शामिल होकर प्रतिष्ठित क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2026 में प्रभावशाली 575वीं रैंक हासिल की है। सीयू ने इस सूची में शामिल होने के लिए 125 स्थान की छलांग लगाई है। इसके साथ ही देश में भी सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में भी सीयू 18वीं से बढ़कर 16वीं रैंक पर पहुंच गई है।

भारत की निजी यूनिवर्सिटीज की रैंकिंग में भी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने पिछले वर्ष तीसरी रैंक से आगे बढ़कर दूसरी रैंक पर पहुंच गई है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में 54 भारतीय यूनिवर्सिटीज को शामिल किया गया है।

सीयू की नवीनतम रैंकिंग भारत और विश्व स्तर पर उच्च शिक्षा के अग्रणी संस्थान के रूप में इसकी बढ़ती प्रतिष्ठा को रेखांकित करती है।

**'एम्पलॉयर्स रेपुटेशन' में लगाई 25 स्थानों की छलांग**

एम्प्लॉयर्स के बीच चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की प्रभावशाली प्रतिष्ठा को रेखांकित करते हुए सीयू ने पिछले वर्ष की तुलना में 'एम्प्लॉयर्स रेपुटेशन' में 172वीं रैंक से 25 स्थानों की छलांग लगाई और विश्व में 147वें स्थान पर पहुंचने में सफल रही। भारत में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी को एम्पलॉयर्स रेपुटेशन इंडिकेटर में 7वीं रैंक मिली है।

**इंटरनेशनल रिसर्च नेटवर्क में सीयू को भारत में मिला 12वां स्थान**

पिछले साल की 26वीं रैंक की तुलना में 14 स्थानों की छलांग के साथ चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने इंटरनेशनल रिसर्च नेटवर्क में भारत में 12वां स्थान हासिल किया है, जो अन्य शिक्षण संस्थानों के साथ रिसर्च साझेदारी बनाए रखने में यूनिवर्सिटी की सफलता को दर्शाता है। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने 4300 से अधिक पेटेंट फाइल किए हैं और देश की शीर्ष पांच रिसर्च गहन यूनिवर्सिटीज में शामिल रही है।




**चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की एकेडमिक रेपुटेशन में भी इजाफा**

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी को भारत में पिछले वर्ष एकेडमिक रेपुटेशन में 14वें स्थान की तुलना में इस बार 13वां स्थान मिला है। एकेडमिक रेपुटेशन (एआर) संकेतक शैक्षणिक विशेषज्ञों से यूनिवर्सिटीज को उनकी विशेषज्ञता के विषय क्षेत्र के आधार पर नामित करने के लिए संस्थानों और उनके प्रोग्राम्स की रेपुटेशन को मापता है। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर सतनाम सिंह संधू और विश्वविद्यालय के अधिकारी क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की सफलता का जश्न मनाते हुए।

**2004 से जारी हो रही है क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग**

वर्ष 2004 में शुरू हुई क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग पिछले 20 वर्षों में 'वैश्विक पहचान' बन गई है, जिसने आज वैश्विक स्तर पर अकादमिक रैंकिंग के क्षेत्र में अधिकार और प्रामाणिकता की मुहर लगा दी है। क्यूएस रैंकिंग हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट्स के लिए वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त बेंचमार्क, जहां यूनिवर्सिटीज को एम्प्लॉयर रेपुटेशन, एकेडमिक रेपुटेशन, इंटरनेशनल एम्प्लॉयर रेश्यो, इंटरनेशनल स्टूडेंट्स रेश्यो, फैकल्टी-स्टूडेंट रेश्यो, साइटेशन पर फैकल्टी, रिसर्च एंड इनोवेशन, इंटरनेशनल रिसर्च नेटवर्क और एम्प्लॉयर आउटकम सहित कड़े मापदंडों पर उनके प्रदर्शन के आधार पर रैंक किया जाता है। इसके आधार पर स्टूडेंट्स अपनी अकादमिक और करियर की आकांक्षाओं के अनुसार दुनिया में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले शैक्षणिक संस्थानों में से एक को चुनकर एडमिशन लेने के लिए सही निर्णय ले सकते हैं। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी विषय रैंकिंग के 2025 संस्करण में भी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने शानदार प्रदर्शन किया है। यह रैंकिंग स्टूडेंट्स को उन संस्थानों के बारे में जानकारी देती है जो उनके महत्वपूर्ण विषय क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। 100 देशों और क्षेत्रों में 1,700 से अधिक यूनिवर्सिटीज में स्टूडेंट्स द्वारा किए 21,000 से अधिक एकेडमिक प्रोग्राम्स की तुलना के आधार पर क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी विषय रैंकिंग-2025 में, 55 विषयों और पांच फैकल्टी क्षेत्रों में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी में विश्वभर की शीर्ष 231 यूनिवर्सिटीज की लीग में प्रवेश करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

## संक्षिप्त खबरें

### बाबा मंदिर प्रांगण से पूजन सामग्री के सभी काउंटर हटाए गए, मजिस्ट्रेट की अगुवाई में कार्रवाई

देवघर(ईएमएस)।श्रावणी मेला 2025 की तैयारियों के तहत बाबा बैद्यनाथ मंदिर प्रांगण को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से विशेष कार्रवाई की गई। डीसी के निर्देश पर मजिस्ट्रेट राहुल कुमार के नेतृत्व में मंदिर प्रांगण से सभी पूजन सामग्री के काउंटर हटा दिए गए।इस संबंध में मजिस्ट्रेट राहुल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि तीन दिन पूर्व डीसी एवं मंदिर प्रभारी सह एसडीओ रवि कुमार की अध्यक्षता में एक पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया था। समिति ने मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की सुविधाओं एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूजन सामग्री काउंटरों को हटाने का निर्णय लिया था।उन्होंने बताया कि सभी दुकानदारों को पहले से सूचना दे दी गई थी कि वे स्वयं अपना काउंटर हटा लें। स्पष्ट चेतावनी दी गई थी कि निर्धारित समय सीमा के भीतर काउंटर नहीं हटाने पर मंदिर प्रशासन द्वारा सभी सामान सहित काउंटर हटाया जाएगा।आज मंदिर प्रांगण से सभी काउंटर हटा दिए गए। इस दौरान प्रशासनिक पदाधिकारी की मौजूदगी में पूरी कार्रवाई की गई मंदिर प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन एवं पूजा व्यवस्था देने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है।श्रावणी मेले के मद्देनज़र मंदिर प्रांगण में व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है और आगे भी व्यवस्था में सुधार के लिए कार्य किए जा रहे है।

### अदाणी फाउंडेशन ने 80 टीबी मरीजों के बीच बांटे निःशुल्क पोषण किट

हजारीबाग(ईएमएस)।हजारीबाग के बड़कागांव गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी रोगियों के लिए निःशुल्क पोषण किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर 80 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित किया गया, जो वर्तमान में इलाजरत हैं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेडिकल ऑफिसर डॉ. मिथु हलदार ने टीबी बीमारी के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और बताया कि पोषण मरीजों की शीघ्र ठीक होने में अहम भूमिका निभाता है।

उन्होंने अदाणी फाउंडेशन की ओर से लगातार चलाए जा रहे इस कार्यक्रम की सराहना की।कार्यक्रम के दौरान टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए संवादात्मक सत्रों का आयोजन किया और उपस्थित लोगों के बीच जानकारी पूर्ण पर्चे बांटे।इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में अदाणी फाउंडेशन ने बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक, डीजे पर रहेगा प्रतिबंध

#### अफवाह फैलाने और शांति भंग करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

धनबाद(ईएमएस)।धनबाद के टाउन हॉल में उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता और एसएसपी प्रभात कुमार की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक की गई।मौके पर सर्वसम्मति से मुहर्रम पर्व को आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। अधिकारियों ने लोगों से मुहर्रम को के दौरान सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के साथ प्रशासन को पर्याप्त सहयोग की अपील की। एसएसपी ने कहा कि पर्व में खलल डालने वाले असमाजिक तत्वों पर करवाई होगी। वहीं सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर निगरानी रखी जाएगी भड़काऊ पोस्ट करने और सर्कुलेट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इसके साथ ही डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध की बात को गई है।

### चाकुलिया में आभूषण कारोबारी से हुई लूट का खुलासा, दो लुटेरे गिरफ्तार

#### 1.34 किलोग्राम सोने के जेवरात, नकद और हथियार बरामद

पूर्वी सिंहभूम(ईएमएस)।चाकुलिया थाना क्षेत्र में 30 जून की रात हुई भीषण लूटकांड का खुलासा पुलिस ने 48 घंटे के भीतर कर लिया है।अपराधियों ने 70 वर्षीय अरुण कुमार नंदी के घर में घुसकर हथियार और चाकू का भय दिखाकर करीब डेढ़ किलोग्राम सोने के जेवरात और 1.55 लाख नकद लूट लिए थे। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य अपराधी फरार है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश और ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग के दिशा-निर्देश पर गठित छापामारी टीम ने घाटशिला के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुजूर के नेतृत्व में कार्रवाई की।टीम ने पश्चिम बंगाल के जामबनी थाना क्षेत्र अंतर्गत बाड़ा बनशौल गांव में छापेमारी की।

वहां मोटरसाइकिल से भाग रहे तीन संदिग्धों में से दो को पकड़ लिया गया।पकड़े गए आरोपियों में चांडिल निवासी मोहम्मद रफीक और जमशेदपुर का बागबेड़ा निवासी निरंजन गोड शामिल हैं, जबकि एक अन्य अपराधी भागने में सफल रहा।गिरफ्तार अपराधियों के पास से घटना में प्रयुक्त एक चाकू, एक देशी पिस्टल (कट्टा), एक जिंदा गोली, माइक्रोमैक्स मोबाइल फोन और सुपर स्प्लेंडर बाइक बरामद की गई। साथ ही लूट के कुल 1340.720 ग्राम वजनी सोने जैसे आभूषण एक हरे-काले चेकदार थैले में बरामद किए गए। आभूषणों में तख्ती, लेडिज अंगूठी, इयररिंग, मंगलसूत्र, लॉकेट, चैन, टर्किस अंगूठी, बेबी रिंग, मांग टिका, झुमका, जेंट्स रिंग आदि शामिल हैं।

### श्रावणी मेला में सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम ने की व्यापक तैयारी, दो क्लस्टर में बांटा गया क्षेत्र

देवघर(ईएमएस)।विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला में सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम ने इस बार विशेष इंतजाम किए हैं। सावन माह के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की आगम को देखते हुए सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ और व्यवस्थित बनाने के लिए कुल 750 सफाई कर्मियों को तैनात किया गया है।नगर निगम के प्रबंधक प्रकाश मिश्रा ने बताया कि सफाई कार्य को दो क्लस्टरों में बांटा गया है। पहले क्लस्टर में बाबा मंदिर परिसर, शिवगंगा और बीएड कॉलेज परिसर को शामिल किया गया है, जबकि दूसरे क्लस्टर में बीएड कॉलेज से कुमैठा तक का पूरा इलाका शामिल है।

उन्होंने बताया कि सफाई कार्य में नगर निगम के 350 कर्मी, इसके अलावा अन्य 210 सफाई कर्मी, और टेंडर के माध्यम से पूर्व में चयनित अन्य सफाई कर्मी मिलकर कार्य करेंगे। सभी कर्मियों को आवश्यक उपकरण, सुरक्षा किट, यूनिफॉर्म और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि किसी तरह की अव्यवस्था न हो।प्रबंधक प्रकाश मिश्रा ने बताया कि सावन मेला के दौरान 24x7 शिफ्टों में सफाई कर्मी कार्यरत रहेंगे और निगरानी के लिए सुपरवाइजर की भी तैनाती की गई है। नगर निगम की ओर से यह सुनिश्चित किया गया है कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और पूरा मेला क्षेत्र स्वच्छ एवं सुरक्षित बना रहे।श्रावणी मेला में इस बार सफाई व्यवस्था को लेकर जो तैयारी की गई है, उससे उम्मीद जताई जा रही है कि यह मेला भी भक्ति के साथ-साथ स्वच्छता का उदाहरण बनेगा।

### झामुमो ने कहा, हूल दिवस की घटना बीजेपी की सोची समझी साजिश मुख्यमंत्री मामले की जांच कराएं

रांची(ईएमएस)।हूल दिवस के मौके पर संथाल परगना में हुए घटना के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भारतीय जनता पार्टी को दोषी ठहराया है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भोगनाडीह में सोची समझी साजिश के तहत घटना को अंजाम दिया गया है।

भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पार्टी संथाल परगना को मणिपुर बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि बारूद के ढेर पर संथाल परगना को बैठाना चाहते है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने कुछ लोगों के पास से हथियार बरामद किया है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राजकीय समारोह में इस तरह की घटना काफी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को इस मामले का संज्ञान लेते हुए जांच कराना चाहिए।

## पलामू में उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन

# उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं दिया यथोचित कार्रवाई के निर्देश

पलामू (ईएमएस)। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने समाहरणालय सभागार में बुधवार को जनता दरबार लगाया। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्या लेकर काफी संख्या में लोग पहुंचे। उपायुक्त ने उनकी समस्याएं सुनीं और प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिया। कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। वहीं कुछ आवेदनों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित कर लोगों को लाभान्वित करने की बात कही। जनता दरबार में सिंदुरिया के ग्राम चट्टी निवासी 83 वर्षीय अंजनी देवी के पोते ने उपायुक्त को बताया कि उनके दादी का पेंशन पिछ्ले दो वर्षों से आधार नहीं रहने के कारण बंद पड़ा है।उन्होंने कहा कि दादी का पेंशन बनाने हेतु ऑनलाइन आवेदन किया गया है लेकिन अबतक आधार कार्ड नहीं बन पाया है।उन्होंने कहा कि दादी के पेंशन राशि से ही उनका दवाई-बीरो चलता है।उन्होंने उपायुक्त से अपने दादी का आधार कार्ड बनवाने में सहयोग करने को लेकर अनुरोध किया,इसपर डीसी ने यूआईडी के डीपीओ उदय सिंह को ऑन स्पॉट बुलाकर उक्त आवेदन सौंपते हुए अगले एक सप्ताह में अंजनी देवी का आधार कार्ड बनवाने की बात कही।इसी तरह सतबरवा से आयी अर्चना कुमारी ने बताया कि उनकी




मां की मृत्यु सदर अस्पताल में वर्ष 2003 में हो गया था जिसके पश्चात उस वक्त हॉस्पिटल द्वारा मेरी मां का मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत किया गया था लेकिन जब उक्त प्रमाण पत्र को झारखंड वनांचल ग्रामीण बैंक में फिक्स्ड राशि के निकासी हेतु उपयोग के लिये प्रस्तुत किया जाता है तो बैंक प्रबंधन द्वारा उक्त मृत्यु प्रमाण पत्र को मान्यता नहीं प्रदान किया जाता है।बैंक द्वारा कहा जाता है कि सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाण पत्र ही माना जायेगा।इस कार्य हेतु मैं मेदिनीनगर नगर निगम व सतबरवा ब्लॉक कार्यालय का कई बार चक्कर लगा चुकी हूं लेकिन अब तक कहीं से कोई फलाफल नतीज़ा नहीं हुआ है।आवेदन का अवलोकन के पश्चात उपायुक्त ने मेदिनीनगर के सहायक नगर आयुक्त को आवेदन अग्रसारित करते हुए स्वर्गीय पुष्पा देवी का मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने को लेकर निर्देशित किया।इसी तरह सदर अंचल के ग्राम रेड़मा से आयी एक महिला ने उपायुक्त को बताया कि उनके पति की मृत्यु रेल हादसे में हो गया है जिसके पश्चात उनके ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा पारिवारिक संपत्ति का बिक्री किया जा रहा है जिससे मुझे वंचित रखा जा रहा है।अतः उन्होंने उपायुक्त से सदर अंचल से रेजिस्टर टू की सत्यापित कॉपी प्रदान कराने को लेकर अनुरोध किया।इसी तरह चियांकी के रामआशीष कुमार ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत अपनी बेटी रुपाली का नामांकन कक्षा 1 में कराने का अनुरोध किया।इसी क्रम में धर्मेंद्र कुमार विश्वकर्मा ने जनता दरबार में उपायुक्त के समक्ष कहा कि वर्ष 1999 में उग्रवादियों द्वारा मेरे पिता की हत्या कर दी गयी थी जिसके कारण हमारा परिवार आर्थिक तंगी से गुजर रहा है।उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा मारे गये व्यक्ति के परिवारजनों को सरकारी नौकरी एवं मुआवजा दिये जाने का प्रावधान है लेकिन अबतक उन्हें न तो नौकरी मिली है,ना ही किसी तरह का मुआवजा।

# 2027 में गुजरात में बनेगी आम आदमी पार्टी की सरकार : अरविंद केजरीवाल

## गुजरात में सदस्यता अभियान की शुरुआत, भाजपा और कांग्रेस पर किए कड़े प्रहार


अहमदाबाद (ईएमएस)| आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को अहमदाबाद में सदस्यता अभियान की शुरुआत की। एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला बोला। साथ ही दावा किया कि आगामी 2027 में गुजरात में आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी| अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने गुजरात में 30 साल तक कैसे राज किया, क्योंकि कांग्रेस उनकी जेब में थी। भाजपा को अहंकार हो गया कि गुजरात के लोग कहां जाएंगे, उनके पास कोई विकल्प नहीं है। गुजरात के लोगों को भाजपा को ही वोट देना



होगा। उन्होंने कहा कि चूंकि कांग्रेस उनकी जेब में है, इसलिए उन्हें कमल का बटन दबाना ही पड़ेगा। 70 प्रतिशत ठेके उनकी पार्टी को और 30 प्रतिशत उनकी पार्टी को दिए गए हैं। दोनों पार्टियों के नेताओं ने अपनी-अपनी कंपनियां खोल ली हैं। केजरीवाल ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ़ भाजपा के लिए काम करती है। सिर्फ़ आप ही देश की सेवा करती है। जो गुजरात के लोगों की सेवा करती है। मैंने किसी से पूछा कि कांग्रेस और भाजपा के बीच के इस रिश्ते को क्या कहते हैं? क्या ये भाई-बहन का रिश्ता है या पति-पत्नी का रिश्ता है? ना तो ये भाई-बहन का रिश्ता है और ना ही पति-पत्नी का। ये प्रेमी-प्रेमिका का रिश्ता है जो छुप-छुप कर मिलते हैं। ये सब कुछ छुप-छुप कर करते हैं। ये प्रेमी-प्रेमिका का रिश्ता है, इनसे दूर रहो, ये बहुत खतरनाक हैं। उन्होंने कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है| अब जनता के पास विकल्प है| 30 साल तक जनता के पास कोई विकल्प नहीं था, लेकिन अब उसके पास आम आदमी पार्टी विकल्प है| ये विसावदर उपचुनाव सेमीफाइनल था और 2027 की दस्तक| केजरीवाल ने दावा किया कि 2027 में गुजरात में आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी|


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, धनबाद

(गुमशुदा का सूचना)



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गुमशुदा इस्तीयाक अहमद अंसारी, उम्र–60 वर्ष, पे0 स्व0 जलालुदीन अंसारी, सा0–कादिर मुहल्ला, थाना चिरकुण्डा, जिला धनबाद, कद 5 फीट, 8 इंच, रंग गोरा, चेहरे पर सफेद दाढी, शरीर दुबला पतला, भाषा हिन्दी, पहनावा लुंगी एवं सर्ट पहने हुए है।

इस संबंध में चिरकुण्डा सनहा सं0–21/25, दिनांक–15.05.2025 अंकित कर खोजबीन की जा रही है। अतः आप सभी से अनुरोध है कि उक्त गुमशुदा के बारे में कोई जानकारी प्राप्त हो, तो कृपया निम्नांकित नंबर पर सूचित करने की कृपा की जाय।

0326–2220802 (वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय, धनबाद)
094317–06373 (अनु0पु0पदा0 निरसा, धनबाद)
91622–55498 (ओ0पी0 प्रभारी, पंचेत, धनबाद)

वरीय पुलिस अधीक्षक,
धनबाद

PR 356379 Police(25-26).D


### मुहर्रम को लेकर राज्य में विधि व्यवस्था के लिए पुलिस मुख्यालय तैयार

रांची(ईएमएस)।मुहर्रम पर राज्यभर में विधि व्यवस्था के लिए बुधवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पुलिस मुख्यालय में बैठक की। उन्होंने राज्य में दंगारोधी उपकरणों की व्यवस्था सुदृढ़ करने, निरोधात्मक कार्रवाई करने, संवेदनशील स्थानों पर जवानों को लगाने, सभी थानों में शांति समिति की बैठक करने व नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था के आदेश दिए। बैठक में प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, सभी क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक, सभी वरीय पुलिस अधीक्षक एवं सभी पुलिस अधीक्षक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक में शामिल हुए। डीजीपी ने संवेदनशील स्थलों पर बलों की पर्याप्त संख्या में प्रतिनियुक्ति व असंभावित घटना की स्थिति में तुरंत कार्रवाई करने को कहा।उन्होंने सुरक्षा बलों के लिए भोजन, ठहरने, पानी आदि का पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराने को भी कहा। जुलूस मार्गों का सत्यापन कर सोशल मीडिया पर रखें नजर डीजीपी ने सभी जिलों के एसएसपी व एसपी को सोशल मीडिया पर नजर रखने कहा कहा। अफवाह फैलाने वालों का पता लगाकर कार्रवाई के निर्देश दिए। जुलूस मार्गों समेत अन्य स्थानों पर सीसीटीवी की व्यवस्था करने को भी कहा। फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, ड्रोन की भी व्यवस्था की बात कही। उन्होंने जुलूस मार्गों में पर्याप्त रौशनी एवं पब्लिक संबोधन सिस्टम की व्यवस्था करने, जुलूस के दौरान सभी पुलिस कर्मियों को बॉडी प्रोट्रेक्टर समेत अन्य दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ प्रतिनियुक्ति करने, आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था करने, जिला नियंत्रण कक्ष को सक्रिय रखने एवं डी जे व अन्य साउण्ड सिस्टम द्वारा उतेजक भड़काउ गानों के प्रसारण पर रोक लगाने का निर्देश दिया। बैठक में एडीजी प्रिया दुबे, आईजी रांची मनोज कौशिक, आईजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार, आईजी अभियान डॉ माईकलराज एस, डीआईजी स्पेशल ब्रांच शैलेन्द्र वर्णवाल, एसपी स्पेशल ब्रांच मुमल राजपुरोहित भौतिक रूप से शामिल हुए।

### नगर निकाय चुनाव को लेकर कार्यकर्ता रहे तैयार : अरूप चटर्जी

चिरकुंडा : निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र के तालडांगा जीटी रोड में मार्क्सवादी लेनिनवादी लिबरेशन कार्यालय का उद्घाटन किया।इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चिरकुंडा को शहरी क्षेत्र बने 17 साल हो गए हैं, लेकिन निवासियों को मिलने वाली सुविधाएं अभी तक नहीं मिली हैं। चटर्जी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वे जाति और धर्म के नाम पर वोट लेते हैं, लेकिन विकास के नाम पर कुछ नहीं करते। उन्होंने कहा कि एक दशक बीत जाने के बाद भी चिरकुंडा की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। अरूप चटर्जी ने कार्यकर्ताओं से झारखंड में जल्द होने वाले नगर निकाय चुनाव की तैयारी में अभी से ही जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाकपा माले सिर्फ वादे नहीं, बल्कि विकास करके दिखाएगी।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/BOKARO/32/2024-25/4th Call

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बोकारो जिला के चास प्रखण्ड अंतर्गत भवानीपुर स्थित एस०एस० बालिका उच्च विद्यालय में जर्जर भवन के जगह नये भवन का निर्माण कार्य। | 4969000.00 | 99500.00 | 5000.00 | 06 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 05.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 05.07.2025 से दिनांक 12.07.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, बोकारो।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 14.07.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06542 291060 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो

PR 356336 Rural Development(25-26)#D


# मुहर्रम को लेकर चिरकुंडा थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न




चिरकुंडा, (धनबाद ) : मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए बुधवार शाम को चिरकुंडा थाना परिसर में एक शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में शांति समिति के सदस्यों के साथ-साथ निचे बाजार, फकीर मोहल्ला, सोनार डंगाल और तालडांगा के अखाड़ा संचालक बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि मुहर्रम पर्व हमेशा शांतिपूर्ण रहा है और आगे भी शांति बनाए रखने के लिए वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

सदस्यों ने मुहर्रम के दिन शराब पर पाबंदी, भारी वाहनों के आवागमन पर रोक, और पानी, बिजली व सफाई की सुचारु व्यवस्था की मांग की। चिरकुंडा थाना प्रभारी रामजी राय ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी को सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि डीजे और खतरनाक खेलों पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। थाना प्रभारी ने सोशल मीडिया पर फैलाई जाने वाली भ्रामक खबरों से दूर रहने की भी हिदायत दी और कहा कि ऐसी किसी भी संदिग्ध खबर की सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन को दें, ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि प्रशासन पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरी तरह से तैयार और मुस्तैद है। सभी लाइसेंस धारकों को चिरकुंडा थाना में अपना संपर्क नंबर देना होगा, साथ ही सभी जुलूस अपने निर्धारित समय और मार्ग से ही जाएंगे। बैठक का संचालन मणिक गोराई ने किया।


e-Procurement Cell

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION, DHANBAD.
VERY SHORT TERM E-QUOTATION INVITATION NOTICE

**Quotation Reference No : BCD/Bld. Div. No. - 02/2025-26 (2nd Call)**

Sealed Quotations are invited for the work of **PROPOSED CONSTRUCTION OF PAVILION (G+1) FOOTBALL STADIUM OF KFS GROUND AT KUMARDUBI, DHANBAD.** for all Materials from Reputed Shop Keepers, Manufacturers. Suppliers, Retailers, Distributors, Timber Merchants, Registered BCD Constructions and others for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. if they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition:-**

1. **The quotationer shall furnish Pan, GST registration no.**
2. **The rate quoted by quotationer shall be firm and final.**
3. **The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.**

नोट :–

1. वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि 02.07.2025 के अपराह्न 12:00 बजे।
2. वेबसाईट में ई–कोटेशन में अपलोड की अन्तिम तिथि 09.07.2025 के अपराह्न 12:00 बजे तक।
3. ई–कोटेशन अपलोड का हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि 09.07.2025 को अपराह्न 1:00 बजे तक।
4. ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 10.07.2025 के अपराह्न 12:30 बजे।
5. ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, धनबाद।
6. ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 9973309316

**नोट :** जो कोटेशनदाता कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, धनबाद के कार्यालय में हार्ड कॉपी जमा करेंगे उन्हीं का रेट खोला जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल धनबाद

PR 356370 Building (25-26)_D

# दो टेंपो की टक्कर में छह से ज्यादा लोग हुए घायल, एक की मौत



वैशाली : वैशाली जिला के हाजीपुर जंदाहा मुख्य मार्ग के राजापाकड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत झखराहा के निकट दो अनियंत्रित टेम्पो की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। जबकि टेम्पो सवार आधा दर्जन व्यक्ति गंभीर घायल हो गया। टेम्पो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायल अवस्था में तरपते देख आसपास के लोग जुट गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने एक युवक को मृत्यु घोषित कर दिया। जबकि सभी घायलों का इलाज किया गया। मृतक नगर थाना क्षेत्र के मेदनी मल पोखरा मोहल्ला निवासी अर्जुन महतो के 17 वर्षीय पुत्र कृष कुमार थे। जबकि घायल मेदनीमल पोखरा मोहल्ला निवासी रामबाबू महतो के 20 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार, महनार थाना क्षेत्र अंतर्गत मकनपुर मोहम्मद जफर इमाम के 21 वर्षीय पुत्र तौसीफ राजा, महिसौर निवासी संजय राय की 35 वर्षीय पत्नी मीना देवी, 17 वर्षीय पुत्री सोनी कुमारी, समस्तीपुर जिले के ताजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बनबीरा निवासी सुरेंद्र राय की 45 वर्षीय पत्नी शांति देवी एवं अविनाश राय क्या 12 वर्षीय पुत्र प्रियदर्शी राज बताया गया है। हादसे के संबंध में बताया गया राजापाकर थाना क्षेत्र अंतर्गत झखराहा में दो अनियंत्रित टेम्पो टकरा गई। दोनों टेंपो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बताया गया कि हाजीपुर की तरफ से डाला बड़ी टेंपो पर ऑक्सीजन लोड करके चालक जंदाहा की तरफ जा रहा था। वहीं जंदाहा की तरफ से एक टेंपो सवारी लोड करके हाजीपुर की तरफ आ रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित होकर दोनों आपस में आमने-सामने टकरा गया। जिसमें एक किशोर की मौत हो गई जबकि टेंपो सवार आधा दर्जन व्यक्ति घायल हो गया। घटना की सूचना पर जुटे स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचा।जहां डॉक्टर ने किशोर को मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक किशोर नगर थाना क्षेत्र का रहने वाला कृष कुमार बताया गया। कृष कुमार अपने चचेरे भाई सूरज कुमार के साथ जंदाहा बुआ के घर गया था। बुआ के घर से वह टेंपो पर सवार होकर हाजीपुर आ रहा था। वहीं मीना देवी अपनी पुत्री सोनी कुमारी के साथ हाजीपुर टेंपो से आ रही थी। हाजीपुर से टेंपो पड़कर पटना जंक्शन जाकर दिल्ली का ट्रेन पकड़ना था। वहीं शांति देवी अपने पोता प्रियदर्शी राज के साथ हाजीपुर आ रही थी।

## कैमूर में पसरा मातमः झारखंड में सड़क हादसे में सीआरपीएफ जवान की मौत, शव गांव पहुंचते ही उमड़ा जनसैलाब



कैमूर : झारखंड के जमशेदपुर में ड्यूटी जाते समय सड़क हादसे में शहीद हुए सीआरपीएफ जवान का पार्थिव शरीर बुधवार को उनके पैतृक गांव पहुंचा तो मातम का माहौल छा गया। जैसे ही कैमूर जिले के चांद प्रखंड के भेलाडीह गांव में जवान महेश राम का शव पहुंचा, परिजनों के साथ सैकड़ों लोगों की आंखें नम हो गईं। मृतक महेश राम भेलाडीह गांव निवासी मदन राम के 35 वर्षीय पुत्र थे। उन्होंने 2014 में सीआरपीएफ ज्वाइन किया था और पिछले दो वर्षों से झारखंड के टाटा (जमशेदपुर) में कोबरा बटालियन में कमांडो के रूप में तैनात थे। जानकारी के मुताबिक सोमवार की सुबह वे अपने क्वार्टर से मोटरसाइकिल से ड्यूटी जा रहे थे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बुधवार को सीआरपीएफ बटालियन के जवान शहीद महेश राम का शव लेकर भेलाडीह गांव पहुंचे। जवान का पार्थिव शरीर देखते ही माता शांति देवी और पिता मदन राम बेसुध होकर रोने लगे। जवान के अंतिम दर्शन के लिए भेलाडीह, दीवाने, पहरैचा सहित आसपास के गांवों से लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सीआरपीएफ बटालियन ने शहीद जवान को गार्ड ऑफ ऑनर दिया और शव को परिजनों को सौंपा। इस दौरान स्थानीय प्रशासन और पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### आरएसएस को इंदिरा जी ने भी बैन किया था, उनका हश्र देखा अपना भी देख लेंगे

पटना,(ईएमएस)। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे के आरएसएस पर बैन लगाने के बयान से विवाद खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र में हमारी सरकार बनती है, तो हम आरएसएस पर बैन लगा देंगे। इस बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता गिरिराज सिंह ने कहा कि कभी इंदिरा गांधी ने भी बैन किया था। उन्होंने अपना हश्र देखा था। ये भी ऐसा कर अपना हश्र देख लेंगे।पटना में गिरिराज ने कहा कि आरएसएस दुनिया में ऐसा संगठन है जो लोगों के हित के लिए काम करता है। 1971 के युद्ध में आरएसएस ने लोगों की मदद की थी। जब बाढ़ या आपदा की स्थिति होती है तो आरएसएस के लोग मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता होगा कि आरएसएस क्या है। उन्होंने बुधवार को होने वाली बीजेपी कार्यसमिति की बैठक को लेकर कहा कि बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल होंगे और कार्यसमिति को संबोधित भी करेंगे।तेजस्वी यादव के लोकतंत्र की जननी बिहार से ही लोकतंत्र को समाप्त करने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं वाले बयान पर गिरिराज सिंह ने कहा कि राजद अध्यक्ष लालू यादव ने तो लोकतंत्र का गला अपनी ही पार्टी में घोंट दिया है। लालू ने तो लोकतंत्र में परिवारवाद को बढ़ावा दिया। उन्होंने कभी लोकतंत्र को नहीं स्वीकारा।वहीं बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने प्रियांक खड़गे के बयान पर कहा कि इंदिरा गांधी ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया था तो चुनाव हार गईं। आज संघ दुनिया का इतना बड़ा संगठन है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पुत्र पर हम क्या कमेंट करें? राजद नेता तेजस्वी यादव के लोकतंत्र की हत्या वाले बयान पर उन्होंने कहा कि लालू यादव के राज में बूथ कैप्चर, मर्डर यही चुनाव था, आज बदलाव हुआ है। अब उनको वोट नहीं मिलता तो परेशान हैं। तेजस्वी यादव के बयान को निंदनीय बताते हुए रविशंकर ने कहा कि संसद से कानून पास हुआ है और सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई हो रही है।

### जेडीयू कार्यालय में पहली बार लगे मोदी और नीतीश के पोस्टर, क्या दे रहे संदेश

पटना,(ईएमएस)। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले सियासी गलियारे में पोस्टर वार चरम पर है। इस बीच पटना में जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पोस्टर लगे हैं। पोस्टर में एनडीए सरकार की उपलब्धियों को बताकर फिर सरकार बनाने की अपील कर नारे लिखे गए हैं। इन पोस्टर के द्वारा बीजेपी और जेडीयू में एकजुटता को दिखाने की कोशिश की गई है। बताया जा रहा है कि यह पहला मौका है जब जेडीयू दफ्तर में औपचारिक रूप से मोदी और नीतीश के एक साथ पोस्टर लगाए गए हैं।जेडीयू कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में पोस्टर लगे हैं। कार्यालय की बाहरी दीवार इन पोस्टर से पटी हुई है। पोस्टर में पीएम मोदी और सीएम नीतीश की तस्वीरें हैं। उनके साथ अलग-अलग नारे लिखे गए हैं, महिलाओं की जय-जयकार, लग रहे उद्योग मिल रहा रोजगार, नौकरी रोजगार खुशहाल बिहार, फिर से एनडीए सरकार।जेडीयू के पोस्टरों में नीतीश के साथ मोदी का फोटो होना सियासी गलिरायों में चर्चा का विषय बना हुआ है। बिहार में आगामी अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। नीतीश कुमार को ही एनडीए का सीएम कैंडिडेट बता रही है। सहयोगी दल भाजपा के नेता भी नीतीश के नेतृत्व में ही आगामी चुनाव में उतरने की बात कह रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बिहार में हुई रैलियों में नीतीश अक्सर साथ नजर आए और एकजुटता का संदेश दिया। हालांकि, कुछ विश्लेषकों का मानना है कि जेडीयू कार्यालय में पीएम मोदी के साथ नीतीश के पोस्टर लगना यह संकेत देता है कि जेडीयू अब किसी और के कब्जे में है और नीतीश कुमार चेहरा मात्र हैं जिन्होंने भाजपा के आगे सरेंडर कर दिया है।

### थानाध्यक्ष ने टेंपो चालक को पीटा, ब्राह्मण मेरा दुश्मन कहकर थूक चटवाकर माफी मांगवाई

पटना,(ईएमएस)। बिहार के शेखपुरा जिले में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक थानाध्यक्ष पर टेंपो चालक से थूक चटवाने और उसकी बेरहमी से पिटाई करने का आरोप लगा है। पीड़ित टेंपो चालक, मेंहुस गांव निवासी अजय मिश्रा के 26 वर्षीय पुत्र प्रद्युम्न कुमार के मुताबिक थानाध्यक्ष प्रवीण चंद्र दिवाकर ने साइड न देने पर टेंपो चालक को रोका, थाना ले जाकर पीटा, फिर उसकी जाति पूछी और ब्राह्मण मेरा दुश्मन है जैसे शब्द कहे, जिसके बाद थूक चटवाकर माफी मांगने को कहा।पीड़ित टेंपो चालक ने बताया कि वह सवारी उतार कर घर जा रहा था, तभी पीछे से बुलेट पर आ रहे थानाध्यक्ष ने साइड न मिलने पर रोककर लाठी से पीटा। इसके बाद टेंपो जब्त कर थाना ले जाकर फिर उसकी पिटाई की गई। हालांकि, थानाध्यक्ष ने आरोपों से इंकार कहा कि टेंपो चालक ने गश्ती कर रही महिला सिपाही को देखकर सीटी मारी थी, इसकारण थाने लाकर पीटा गया था। पीड़ित ने बरबीघा विधायक सुदर्शन कुमार से संपर्क किया, जिन्होंने घटना सुनकर तुरंत एसपी से बात की। विधायक ने एसपी से जांच कर कार्रवाई करने का भरोसा मिलने की बात कर घटना की निंदा करते हुए कहा कि पुलिस को आम लोगों के साथ ऐसा अमानवीय व्यवहार नहीं करना चाहिए।

### एनटीपीसी द्वारा बीएमडी स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन

पटना : एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-I मुख्यालय शास्त्री नगर पटना में कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के बेहतर स्वास्थ्य और जागरूकता के लिए आज एक विशेष बीएमडी स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया। यह शिविर एनटीपीसी स्वास्थ्य संभाग द्वारा प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित किया गया, जिसमें कर्मचारियों और उनके परिजनों ने हड्डियों की जाँच कराकर लाभ उठाया। शुभारंभ अवसर पर कहा गया कि एनटीपीसी अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। स्वस्थ शरीर ही खुशहाल जीवन की नींव है। ऐसे शिविरों के माध्यम से हम समय रहते हड्डियों की समस्याओं की पहचान कर सकते हैं और उचित परामर्श देकर कर्मचारियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं।

# पटना के गांधी मैदान में छह जुलाई को आयोजित होगा सनातन महाकुंभ



पटना : भगवान परशुराम जन्म महोत्सव के समापन अवसर पर 6 जुलाई 2025 को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में सनातन महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है जिसकी जानकारी पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि इस महायोजन का उद्देश्य भारत की सनातन चेतना को जागृत करना, सामाजिक समरसता को प्रोत्साहित करना और सांस्कृतिक एकता को सशक्त रूप देना है। इस महाकुंभ का आयोजन श्री राम कर्मभूमि न्यास द्वारा किया जा रहा है, जो वर्षों से भारतीय आध्यात्मिक पुनरुत्थान एवं सांस्कृतिक जागरण के लिए समर्पित है। इस महाकुंभ में देशभर से प्रतिष्ठित शंकराचार्यगण, जगद्गुरु, महामंडलेश्वर, मठाधीश, संत-आचार्य, तथा विविध सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थाएं भाग लेंगी। इस अवसर पर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामभद्राचार्य की विशिष्ट उपस्थिति रहेगी। वहीं देश के प्रमुख शंकराचार्य पीठों के पीठाधीश्वर, प्रमुख अखाड़ों तथा वेद-संस्थाओं के प्रतिनिधि भी इस ऐतिहासिक आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे। साथ ही बिहार के मुख्यमंत्री, राजस्थान के मुख्यमंत्री, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ समेत कई राज्य के उपमुख्यमंत्री व राज्यपाल भी शामिल होंगे। संभवत नितिन गड़करी का भी आगमन हो सकता है। अश्विनी चौबे ने कहा कि यह महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि एक राष्ट्र जागरण का सामाजिक-सांस्कृतिक महायज्ञ है, जिसमें युवाओं, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं साधकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। महाकुंभ के अंतर्गत एक गहन वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसका विषय है भगवान श्री परशुराम की प्रतीक्षा। यह विषय केवल धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि एक सामाजिक-सांस्कृतिक संदेश है, जो समता, न्याय और सशक्त समाज के निर्माण की प्रेरणा देता है।अश्विनी कुमार चौबे ने स्पष्ट किया है कि "परशुराम की प्रतीक्षा" किसी व्यक्ति विशेष के अवतरण की प्रतीक्षा नहीं, बल्कि उस जाग्रत चेतना का पुनरुत्थान है जो अन्याय के विरुद्ध खड़ी होती है, समरसता को स्थापित करती है, और सनातन मूल्यों के आलोक में राष्ट्र का नव निर्माण करती है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत आज विकास के मार्ग पर तीव्र गति से अग्रसर है, और यह विकास तभी सार्थक होगा जब समाज में न्याय, नीति, समता और सनातन संस्कृति के मूल तत्व पुनः प्रतिष्ठित होंगे।

## तेज रफ्तार बाइक की ठोकर से किशोर की मौत

वैशाली : वैशाली जिला के जंदाहा-पटोरी मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की ठोकर से एक 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान महिंदवारा पंचायत के प्रमोद चौधरी के पुत्र छोटू (14) के रूप में हुई है। बताया गया कि छोटू अपने घर के बाहर लघुशंका कर रहा था, तभी तीन युवकों की सवार तेज रफ्तार अपाचे बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गए। ठोकर लगते ही किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और जंदाहा-पटोरी मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची जंदाहा थाना पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि तीनों बाइक सवार युवकों की पहचान कर ली गई है, वे सभी मृतक के गांव के ही रहने वाले हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस पदाधिकारियों ने बताया कि परिजनों की ओर से अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# चाची ने जहर देकर की भतीजे की हत्या, आज ही होने वाली थी शादी

### गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापेमारी



समस्तीपुर : समस्तीपुर जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र में रिश्तों को कलंकित करने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक चाची ने अपने ही भतीजे को जहर देकर मौत के घाट उतार दिया और वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गई। मृतक की आज ही शादी होनी थी। घटना उजियारपुर थाना क्षेत्र के बलभद्रपुर वार्ड नंबर-3 की है। जानकारी के मुताबिक मृतक अली हुसैन (18), मोहम्मद इलियास का बड़ा बेटा था। अली हुसैन उजियारपुर बाजार में एक टायर दुकान में काम करता था। कुछ साल पहले वह अपनी चाची हसबुल खातून की बहन की बेटी से प्यार करने लगा था। दोनों परिवारों की सहमति से मंगलवार शाम 5 बजे दोनों का निकाह होना तय था। लेकिन मृतक की चाची हसबुल खातून इस रिश्ते से नाराज चल रही थी। बताया जाता है कि वह अपनी ही बहन की बेटी की शादी परिवार में नहीं करना चाहती थी। इसी नाराजगी में उसने साजिश रचते हुए अली हुसैन को अपने घर बुलाया और गिलास में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। जहर पीते ही युवक की हालत बिगड़ गई और कुछ देर में उसकी मौत हो गई।सूचना मिलते ही उजियारपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। आरोपी चाची और उसके पति की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। मृतक के पिता मोहम्मद इलियास ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि मेरे दो बेटे हैं, जिनमें से बड़े बेटे अली हुसैन की आज शादी थी। लेकिन मेरी भाभी हसबुल खातून ने उसे जहर देकर मार डाला और घटना के बाद से फरार है। उन्होंने कहा कि मेरी भाभी नहीं चाहती थी कि उनके रिश्तेदार से शादी हो।इस संबंध में एएसआई दीपशिखा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## पटना में रेस्टोरेंट में भीषण आग, मौके पर मची अफरा तफरी, दमकल की आठ गाड़ियों ने पाया काबू



पटना : पटना जिले के दानापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खगौल रोड स्थित सगुना मोड़ के समीप अनन्या मोटर्स के सामने जुडिओ मॉल के चौथे तल्ले पर स्थित एक रेस्टोरेंट में मंगलवार को अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे रेस्टोरेंट में मौजूद कर्मचारियों और ग्राहकों के बीच अफरा-तफरी और भगदड़ मच गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए, जिससे सड़क से लेकर मॉल तक लोगों की भीड़ लगी रही। सूचना पर दमकल विभाग की दानापुर समेत कई जगहों से कुल आठ गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं। अग्निशामक विभाग के डीएसपी मनोज कुमार भी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और हाइड्रोलिक मशीन की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कराया। घंटों मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने रेस्टोरेंट में लगी आग को पूरी तरह बुझा दिया। बताया जा रहा है कि आग लगने के बाद पास में मौजूद एसएसबी के जवान भी सबसे पहले मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में मदद की। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। सभी लोग सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए हैं। फिलहाल दमकल विभाग की टीम मौके पर रहकर स्थिति पर नजर बनाए हुए है। अग्निशामक डीएसपी मनोज कुमार ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है और फिलहाल किसी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है।

# पीट-पीटकर खाद बीज व्यवसायी की हत्या, पुलिस ने पिस्टल किया बरामद



दरभंगा : दरभंगा जिले के कुशेश्वरस्थान थाना क्षेत्र अंतर्गत बहेड़ा गांव में एक खाद-बीज व्यवसायी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान मदन यादव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह अपने चचेरे भाई की शादी की तैयारी के सिलसिले में गांव आया हुआ था। जानकारी के अनुसार, मंगलवार की रात करीब 30 से 40 लोगों का एक समूह मदन यादव के घर पहुंचा और उसे खींचकर घर से करीब 500 मीटर दूर ले गया। वहां लाठी-डंडों से बेरहमी से उसकी पिटाई की गई। गंभीर हालत में परिजनों ने उसे कुशेश्वरस्थान सीएचसी पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद डीएमसीएच रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के कमर से एक देसी पिस्टल भी बरामद की है, जिसकी पुष्टि कुशेश्वरस्थान थानाध्यक्ष अंकित चौधरी ने की है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी रामसकल यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।मृतक के भाई ललित यादव ने बताया कि मदन यादव परिवार सहित कुशेश्वरस्थान बाजार में रहता था और खाद-बीज की दुकान चलाता था। उसके दो बेटे और एक बेटी हैं। परिवार के मुताबिक, मदन मंगलवार को अपने गांव शादी की तैयारी के लिए आया था। तभी गांव के ही शिवधारी यादव, भूपी यादव, रामसकल यादव, लालमोहर यादव सहित करीब 40-50 लोगों ने उस पर हमला कर दिया। परिजनों ने गांव के ही सुजीत कुमार पर हत्या की साजिश में शामिल होने का भी आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि मृतक के पिता लालो यादव और बड़ा भाई हीरा यादव पहले से ही शिक्षक रामाश्रय यादव की हत्या के आरोप में जेल में बंद हैं। गौरतलब है कि जनवरी महीने में एक शिक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिसमें हीरा यादव का नाम लाइनर के तौर पर सामने आया था। पुलिस उस मामले में पहले ही कई आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।कुशेश्वरस्थान थानाध्यक्ष अंकित चौधरी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### कावडियों का ट्रक पलटा, 3 की मौत

टिहरी (ईएमएस)। यूपी के कांवडियों का ट्रक उत्तराखंड में पलट गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, 14 घायल हैं। बताया जा रहा है कि कांवड़िए बुलंदशहर से गंगोत्री जल भरने जा रहे थे। बुधवार सुबह करीब 10 बजे नरेंद्र नगर के पास ऋषिकेश-टिहरी मार्ग पर जाजल फकोट के पास ट्रक पलट गया। सभी 21 कांवड़िए ट्रक के नीचे दब गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक सडक़ किनारे पलटा था, अगर खाई में गिर जाता तो बड़ा हादसा हो जाता। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र नगर संजय मिश्रा ने बताया कि एक चार साल का बच्चा भी ट्रक में आगे फंसा था, जिसको पुलिस ने सकुशल बाहर निकाल लिया है।

### चुनाव आयोग अब सिर्फ पार्टियों के प्रमुखों से ही मीटिंग करेगा

नई दिल्ली(ईएमएस)। बिहार में मतदाता सूची के स्पेशल रिवीजन को लेकर कई अनधिकृत लोगों की तरफ से बार-बार चुनाव आयोग से मिलने की मांग की जा रही थी। इस पर आयोग ने कहा है कि अब से केवल राजनीतिक दलों के प्रमुखों के अनुरोध पर ही विचार किया जाएगा। कई लोग खुद को पार्टियों का प्रतिनिधि बताकर मीटिंग मांग रहे थे। चुनाव आयोग ने इन्हें अनधिकृत करार देते हुए ऐसे अनुरोधों को खारिज करने का फैसला लिया है। विपक्ष का आरोप है कि इस प्रक्रिया से वोटर लिस्ट से नाम काटे जा सकते हैं और सरकार इसका गलत इस्तेमाल कर रही है। कांग्रेस के एक वकील ने 2 जुलाई को इंडिया गठबंधन की ओर से मीटिंग मांगी थी, लेकिन अब तक सिर्फ सीपीआई(एम) और सीपीआई(एमएल) लिबरेशन ने ही इसमें भागीदारी की पुष्टि की है।

### सोनिया-राहुल गांधी की बढ़ीं मुश्किलें
#### ईडी ने अधिग्रहण में फर्जी लेन-देन का किया दावा

नई दिल्ली(ईएमएस)। नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। दरअसल ईडी ने अदालत में दावा किया है कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के अधिग्रहण में फर्जी लेन-देन किया गया। असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ईडी की तरफ से अदालत में पेश हुए। एसवी राजू ने बताया कि यंग इंडियन नामक कंपनी ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का अधिग्रहण किया। एजेएल की संपत्ति 2000 करोड़ रुपये है। एजेएल के अधिग्रहण के लिए ही यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड को बनाया गया था। एसवी राजू ने बताया कि एजेएल के निदेशक ने ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी को पत्र लिखा था, जिसमें कहा गया कि वे कर्ज चुकाने में सक्षम नहीं हैं क्योंकि अखबार का प्रकाशन बंद हो चुका है और उनके पास आय का कोई नियमित साधन नहीं है। एसवी राजू ने कहा कि यंग इंडियन में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे और सैम पित्रोदा प्रबंधकीय पदों पर थे। राजू ने कहा कि कंपनी एजेएल के पास करीब 2000 करोड़ रुपये की संपत्ति है, जिसका 90 करोड़ रुपये के कर्ज के बदले अधिग्रहण कर लिया गया। यह एक धांधली है, जिसमें कोई असल लेन-देन नहीं हुआ। एजेएल का अधिग्रहण कांग्रेस ने नहीं किया बल्कि यंग इंडियन ने किया। यह एक साजिश के तहत किया गया। ईडी ने कहा कि कांग्रेस ने न ही ब्याज दिया और न ही जमानत और 90 करोड़ रुपये के कर्ज को सिर्फ 50 लाख रुपये में बेचा गया। सोनिया गांधी और राहुल गांधी के इशारे पर यह साजिश रची गई। एसवी राजू ने कहा कि यंग इंडियन में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के 76 प्रतिशत शेयर हैं।

### जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में जनता को बड़ी राहत देने की तैयारी
#### टूथपेस्ट, बर्तन, कपड़े और जूते हो सकते हैं सस्ते

नई दिल्ली(ईएमएस)। इस साल की शुरुआत में इनकम टैक्स में कई रियायतें देने के बाद केंद्र सरकार अब मिडिल-क्लास और लोअर-इनकम फैमिली को गुड्स एंड सर्विस टैक्स यानी जीएसटी में कटौती कर राहत देने की तैयारी कर रही है। जिससे टूथपेस्ट, बर्तन, कपड़े, जूते जैसे आम आदमी के इस्तेमाल में आने वाले आइटम्स जल्द ही सस्ते हो सकते हैं। दरअसल, 56वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक इस महीने के आखिरी में बुलाई जाएगी, जिसमें सरकार 12 प्रतिशत जीएसटी स्लैब को पूरी तरह से खत्म करने या वर्तमान में 12 प्रतिशत टैक्स वाले आइटम्स को 5 प्रतिशत स्लैब में ला सकती है। सूत्रों के अनुसार, इस रिस्ट्रक्चरिंग यानी बदलाव में मिडिल-क्लास और इकोनॉमिकली वीकर सेक्शन के यूज में आने वाले आइटम्स शामिल होंगे। इनमें टूथपेस्ट और टूथ पाउडर, छाते, सिलाई मशीन, प्रेशर कुकर और रसोई के बर्तन, इलेक्ट्रिक इस्त्री, गीजर, स्माल-कैपेसिटी वाशिंग मशीन, साइकिल, 1,000 रुपए से ज्यादा कीमत वाले रेडीमेड कपड़े, 500 से 1,000 रुपए के बीच की कीमत वाले जूते, स्टेशनरी आइटम, वेक्सीन, सिरेमिक टाइलें और एग्रीकल्चर टूल्स शामिल हैं।

### दिल्ली सीएम रेखा के बंगले का रेनोवेशन : पहले चरण में खर्च होंगे 60 लाख, लगेंगे 24एसी, 5 स्मार्ट टीवी

नई दिल्ली,(ईएमएस)। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के लिए राज निवास मार्ग स्थित बंगला नंबर 1 का कायाकल्प किया जा रहा है। पहले यह बंगला उपराज्यपाल सचिवालय के तौर पर उपयोग में लिया जाता था, लेकिन अब इसे मुख्यमंत्री आवास बनाया जा रहा है। सरकारी दस्तावेजों का हवाला देते हुए बताया जा रहा है कि इस बंगले के रेनोवेशन के पहले चरण का बजट 60 लाख रुपये तय किया गया है। इसमें सबसे बड़ी मद एयर कंडीशनिंग सिस्टम है, जिस पर तकरीबन 11 लाख रुपये से ज्यादा खर्च होंगे। इसके साथ ही इस बंगले में 24 एयर कंडीशनर, 5 स्मार्ट टीवी जिसमें चार 55 इंच के और एक 65 इंच का टीवी लगाया जाएगा। 3 बड़े झूमर और 80 से ज्यादा पंखे लगाए जाएंगे। इनके अलावा नई किचन मशीनें: गैस हॉब, इलेक्ट्रिक चिमनी, माइक्रोवेव, टोस्ट ग्रिल, वॉशिंग मशीन, डिशवॉशर और 50 लीटर प्रति घंटे का आरओ वॉटर प्लांट लगाया जाएगा। इसके अलावा लाइट्स और झूमरों पर 6 लाख रुपये का अलग से बजट रखा गया है। पिछले साल पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बंगले के रेनोवेशन को लेकर भाजपा ने तीखा हमला बोला था और उस सरकारी आवास को शीशमहल करार दिया था। ऐसे में अब मौजूदा भाजपा सीएम रेखा गुप्ता के बंगले के रेनोवेशन पर हो रहे खर्च को लेकर भी राजनीतिक बहस तेज हो सकती है। हालांकि, मौजूदा रेनोवेशन को एक पूर्व सरकारी कार्यालय को आवास में तब्दील करने की प्रक्रिया के रूप में बताया जा रहा है, लेकिन तब भी विपक्ष इस पर सवाल उठा सकता है। इस प्रकार बताया गा है कि दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के लिए बंगला नंबर 1 को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। जहां एक ओर यह सरकारी आवश्यकता बताई जा रही है, वहीं दूसरी ओर राजनीतिक हलकों में इसे लेकर विवाद के आसार भी बनते दिख रहे हैं, खासकर उस पृष्ठभूमि में जब पिछली सरकार को इसी मुद्दे पर घेरा गया था।

### वाराणसी में गंगा उफान पर, छोटे मंदिर डूबे और जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी

वाराणसी (ईएमएस)। यूपी में हो रही तेज बारिश के कारण वाराणसी में गंगा नदी उफान पर है, जिससे घाटों की सीढ़ियां और किनारे के छोटे-बड़े मंदिर डूब गए हैं। करीब 20 छोटे मंदिर पानी में समा चुके हैं। बीते 50 घंटे में गंगा का जलस्तर 2.96 मीटर बढ़ चुका है और हर घंटे 10 सेमी की बढ़ोतरी दर्ज हो रही है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार सुबह 8 बजे गंगा का जलस्तर 62.28 मीटर रिकॉर्ड किया गया, जो चेतावनी बिंदु से 8.31 मीटर नीचे है। मंगलवार शाम 6 बजे जलस्तर 61.95 मीटर था, जबकि सोमवार सुबह 6 बजे यह 59.32 मीटर रिकॉर्ड किया गया था। अस्सी और सामने घाट के पास रेत के टीले का दो तिहाई हिस्सा गंगा में डूब चुका है। तुलसीघाट के आगे की मिट्टी और रेत गंगा में डूब गई है, और भदैनी, जानकी घाट, केदार घाट, पंचगंगा घाट, ललिता घाट, मान सिंह, दरभंगा घाट की सीढ़ियों तक पानी आ गया है। अगर इसी रफ्तार से गंगा बढ़ती रही तो अगले सप्ताह तक घाटों का संपर्क टूट सकता है। घाटों पर खड़ी नावें और बजड़े पीछे खिसका लिए गए हैं। गंगा में आए शैवाल नाविकों के लिए परेशानी का सबब बन रहे हैं, और वे रात में भी अपनी नावों की निगरानी कर रहे हैं। प्रशासन भी अलर्ट पर है, और जिलाधिकारी ने बैठक कर सभी विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। बाढ़ की आपात स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ भी तैयार है। वाराणसी की 11 एनडीआरएफ यूपी के 42 जिलों में राहत और बचाव का काम करती है।

# एमएस सर्जन महिला डॉक्टर के हाथों में इंद्राड गांव के सरपंच पद की कमान

## डॉ. जैमिनी जायसवाल (सर्जन) सुशिक्षित महिला सरपंच बनकर वास्तविक महिला सशक्तिकरण



वडोदरा (ईएमएस)| जहाँ संकल्प है, वहाँ रास्ता है... - यह चरितार्थ हुआ वडोदरा जिले के सावली तालुका के एक छोटे से सुदूर गांव इंद्राड की निर्वाचित सरपंच डॉ. जैमिनी जायसवाल के जरिए। एक शिक्षित, योग्य और सेवाभावी महिला डॉ. जैमिनी जायसवाल ने स्थानीय निकाय चुनाव में सरपंच के रूप में जीत हासिल कर इतिहास रच दिया है। डॉ. जैमिनी जायसवाल एक प्रसिद्ध त्वचा रोग विशेषज्ञ और सर्जन हैं। एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद वे शहर में अपने अस्पताल के माध्यम से सर्जन के रूप में लोगों की सेवा कर रहे थे। दिवाली का समय था और जैमिनी अपने परिवार के साथ अपने गांव इंद्राड में लोगों से मिलने और दिवाली की मिठाइयाँ बाँटने जा रहे थे। हुआ यूं कि उन्होंने असुविधाएं देखीं। और फिर उन्हें पता चला कि उनके अपने गांव के लोग कई बुनियादी जरूरतों से वंचित हैं। आज उनके लिए अपने गृहनगर के विकास की जिम्मेदारी लेने का सुखद अवसर था। फिर, आयुष्मान मंदिर, प्राथमिक विद्यालय, पंचायत भवन और आंगनवाड़ी सहित गांव के सभी सार्वजनिक स्थानों को विकसित करने के संकल्प के साथ, जैमिनीबेन ने आगामी स्थानीय स्वशासन चुनावों में सरपंच के रूप में अपनी उम्मीदवारी दर्ज करने का फैसला किया। किस्मत से, चुनाव में उसके गांव की सरपंच सीट महिला उम्मीदवार के लिए आरक्षित हो गई। ऐसा लग रहा था जैसे ये सारी घटनाएं उसे सरपंच बनने की ओर ले जा रही थीं। चुनावों में भी गांव के लोगों ने भारी बहुमत से वोट देकर भारी जीत हासिल की है और एक पढ़ी-लिखी महिला के सरपंच बनने से ऐसा लग रहा है जैसे महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में क्रांति आ रही है।

डॉ. जैमिनी जायसवाल कहती हैं, डॉक्टर के तौर पर मुझे लोगों का स्वास्थ्य सुधारने का मौका मिला, अब सरपंच के तौर पर मुझे उनके जीवन की दिशा सुधारने का मौका मिला है - यही मेरा सौभाग्य है। इसके साथ ही गांव में स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और सड़क निर्माण पर मुख्य रूप से जोर दिया जाएगा। पेशे से त्वचा विशेषज्ञ होने के बावजूद, डॉ. जैमिनी कहती हैं कि उन्हें नेतृत्व के गुण अपने परिवार से विरासत में मिले हैं, क्योंकि उनके माता-पिता और ससुराल वाले नेतृत्व में रुचि रखते थे। मैंने कभी सरपंच बनने के बारे में नहीं सोचा था, लेकिन जब मुझे अपने समुदाय का विकास करने का अवसर मिलेगा, तो मैं इसे बखूबी करूंगी। जैमिनीबेन ने आगे कहा कि राज्य सरकार द्वारा स्थानीय स्वशासन में 50 प्रतिशत महिला आरक्षण का प्रावधान भी बहुत अप्रभावी हो रहा है। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई है कि महिलाएं शिक्षित होकर घर से बाहर निकलेंगी और नेतृत्व करेंगी। ग्रामीण क्षेत्रों में नेतृत्व की भूमिका में महिलाओं को आमतौर पर मूर्तियों की तरह दर्शाया जाता है, लेकिन डॉ. जैमिनी ने इन पारंपरिक मानदंडों को चुनौती दी। उन्होंने अपना चुनाव अभियान बहुत प्रभावी ढंग से चलाया। अपने पेशेवर अनुभव और सेवा भावना के कारण वे न केवल महिलाओं, बल्कि गांव के सभी वर्गों के मतदाताओं का विश्वास जीतने में सफल रहे। डॉ. जैमिनी जायसवाल का सरपंच बनना सिर्फ़ एक राजनीतिक जीत नहीं थी, बल्कि एक मनोवैज्ञानिक क्रांति थी। उन्होंने साबित कर दिया कि जब शिक्षित और सक्षम महिलाएँ समाज के विकास का नेतृत्व करती हैं, तो बदलाव बहुत तेज़ी से और सहज रूप से आता है। वडोदरा जिले में महिला सशक्तिकरण की नई दिशा की ओर कदम बढ़ाते हुए इंद्राद गांव आज प्रेरणा का स्रोत बनकर उभरा है।

## मानसून का रौद्र रूप : एक माह के दौरान देशभर में बारिश, बाढ़, भूस्खलन ने मचाई तबाही

### हिमाचल में सबसे ज्यादा नुकसान, 66 लोगों की मौत, कई लापता

नई दिल्ली/भोपाल/रायपुर(ईएमएस)। देश में मानसून का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है। एक माह के दौरान देशभर में बारिश, बाढ़, भूस्खलन ने तबाही मचाई है। हिमाचल और उत्तराखंड में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। देशभर से मिले आंकड़ों के अनुसार पिछले एक माह में 112 लोगों की मौत हुई है। वहीं करीब 2700 करोड़ रूपए का नुकसान हुआ है। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और बादल फटने से तबाही मची है। मंडी जिले में बादल फटने से 10 लोगों की मौत हो गई और 30 लापता हैं। राज्य में मूसलाधार बारिश बाढ़ और भूस्खलन के कारण कम से कम 51 लोगों की जान चली गई है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में अभी



तक 500 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान है।

इस समय मौसम हिमाचल में कहर बरपा रहा है। मंडी जिले में बादल फटने से जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। गोहर, करसोग, थुनाग व धर्मपुर उपमंडल में सात स्थानों पर बादल फटने से मकान जमींदोज होने व बाढ़ के पानी में बहने से 10 लोगों की मौत हो गई जबकि 30 लोग लापता हैं। गोहर उपमंडल में पांच, सराज में चार व करसोग में एक व्यक्ति की मौत हुई है। ग्रामीणों व प्रशासन ने 132 लोगों बचाया है। वहीं, नए आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश में मूसलाधार बारिश, अचानक बाढ़ और भूस्खलन के कारण कम से कम 51 लोगों की जान चली गई है और 22 अन्य लापता हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार के राजस्व विभाग के तहत राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) ने 20 जून से 1 जुलाई तक की अवधि को कवर करते हुए 2 जुलाई को एक संचयी क्षति आकलन रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में राज्य के 12 जिलों में मानव जीवन, निजी संपत्तियों, पशुधन और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को हुए महत्वपूर्ण नुकसान का खुलासा किया गया है।

### रेप पीड़िता दुष्कर्म के बाद महीने भर से न्याय के लिए दर- दर की ठोकरें खाने को विवश

दुमका : मसलिया थाना क्षेत्र की 54 वर्षीय रेप पीड़िता दुष्कर्म के बाद महीने भर से न्याय के लिए दर बदर की ठोकरें खाने को विवश हैं। पीड़िता का आरोप है कि गांव के ही दबंग किस्म के प्रधान दिलीप टुडू ने विगत 29 मई को दोपहर घर में अकेली पाकर घर के अंदर ले जाकर कुंडी लगाकर दुष्कर्म किया। कुछ देर बाद जब उसकी बड़ी बहू ने इस घटना की जानकारी अपने पति व ग्रामीणों को दी तो बहु ने बाहर से सिकली चढ़ा दी और पूरे गांव में इसकी जानकारी दी। जिसके बाद सभी ने ग्राम प्रधान के इस कुकृत्य को अपने आंखों से देखा। जिसके बाद गांव के मांझी थान के पास न्याय के लिए बैठक हुई, लेकिन ग्राम प्रधान के दबंगई के कारण गरीब पीडिता को न्याय नहीं मिला बल्कि भरी सभा में फटकार मिली।पीड़िता द्वारा मसलिया थाना में गुहार लगाई गई लेकिन वहां भी त्वरित कार्रवाई के जगह निराशा मिली। उसी आवेदन को लेकर जब पुलिस अधीक्षक के पास गयी तो पीड़िता को 1 जून को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया। मसलिया थाना पुलिस ने केस संख्या 33/25 मे बीएनएस की धारा 64(1) के तहत मामला दर्ज करने के अलावे अबतक आगे कोई कारवाई नही की है।पीड़िता ने बताया कि एक महीना बीतने के बाद भी दोषी प्रधान की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। अब भी गांव में दुष्कर्मी खुलेआम घूम कर पीड़िता के स्वजनों को जान मारने की धमकी देकर भयादोहन कर रहा है। पीड़िता के पति ने बताया कि वह बंगलोर में सरिया एलएनटी कंपनी में मजदूरी पर था। सभी बेटे भी जम्मू कश्मीर में काम करने गए है। अकेले मौका पाकर प्रधान ने मेरी पत्नी पर जुल्म ढाहा। अबुवा राज में आदिवासी महिला के साथ अन्याय किया और इस केस की जांच भी नहीं की गई। इस संदर्भ में थाना प्रभारी धनंजय प्रजापति से बात करने पर बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर आगे कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल पीड़ित परिवार ने राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन से उचित जांचोपरांत प्रधान पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्कर को 5 वर्ष की सजा

भोपाल/इन्दौर (ईएमएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश में वन एवं वन्य-जीव संरक्षण के लिये किये जा रहे समग्र प्रयासों के अंतर्गत वन विभाग की स्टेट टाइगर फोर्स भोपाल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्कर ताशी शेरपा, जो मूल रूप से तिब्बत का निवासी है, जिसे 9 साल की कड़ी मेहनत के बाद 25 जनवरी, 2024 को अंतर्राष्ट्रीय सीमा भारत-नेपाल के पास सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया था। स्टेट टाइगर फोर्स द्वारा की गयी सटीक विवेचना एवं न्यायालय में रखे गये ठोस पक्ष के आधार पर आरोपी शेरपा को 9 मई, 2025 को 5 वर्ष की सजा दी गयी। इंटरपोल मुख्यालय ल्योन, फ्रांस से जारी पत्र में मध्यप्रदेश वन विभाग की स्टेट टाइगर फोर्स को अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्कर ताशी शेरपा के सफलतापूर्वक अभियोजन पूर्ण कर सजा दिलवाने की उत्कृष्ट कार्रवाई के लिये बधाई-पत्र भेजा है। इंटरपोल जिसे आधिकारिक तौर पर अंतर्राष्ट्रीय अपराधी नियंत्रण पुलिस संगठन कहा जाता है। यह एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है, जो 195 से अधिक देशों ने मिलकर बनाया है। यह पूरे विश्व में पुलिस एवं अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सहयोग और अपराध नियंत्रण की सुविधा प्रदान करता है। मध्यप्रदेश वन विभाग ने स्टेट टाइगर फोर्स का गठन केन्द्र शासन के निर्देश पर वन्य-जीवों की तस्करी की रोकथाम के लिये किया है। स्टेट टाइगर फोर्स ने विगत कुछ वर्षों में उत्कृष्ट कार्य करते हुए अंतर्राज्यीय एवं अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। इससे पहले भी इंटरपोल द्वारा 3 बार एसटीएसएफ के कार्यों की सराहना की जा चुकी है।

अपराधी ताशी शेरपा अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्करी गिरोह की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जिसका नेटवर्क भारत, नेपाल, भूटान और चीन तक फैला हुआ है। जुलाई-2024 में सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली ने मामले की गंभीरता को देखते हुए ताशी शेरपा की जमानत याचिका को खारिज कर ट्रॉयल कोर्ट नर्मदापुरम को एक वर्ष के भीतर ट्रॉयल पूरा करने का निर्देश दिया था।

### कैब एग्रीगेटर्स के लिए नई गाइडलाइंस जारी

मुंबई,(ईएमएस)। कैब सर्विस लेने वालों के लिए अहम खबर है। अगर आप ऊबर, ओला, इनड्राइव या रैपिडो से सफर करते हैं, तब यह खबर आपके लिए हो सकती है। केंद्र सरकार ने कैब एग्रीगेटर्स के लिए नई गाइडलाइंस जारी की हैं, गाइडलांइस के मुताबिक अब ये कंपनियां पीक ऑवर्स में बेस फेयर का दोगुना तक किराया वसूल सकेंगी। पहले यह सीमा 1.5 गुना थी। वहीं नॉन-पीक ऑवर्स में किराया बेस फेयर का करीब 50 प्रतिशत रखा जाएगा। ड्राइवर या यात्री द्वारा बिना उचित कारण के बुकिंग रद्द करने पर अब किराए का 10 प्रतिशत जुर्माना लगेगा। यह राशि ड्राइवर और एग्रीगेटर के बीच साझा की जाएगी।

### अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर लोन मेला का आयोजन




दुमका : झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड शाखा दुमका में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर लोन मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में विभिन्न समितियां के कृषकों ने भाग लिया।इस अवसर पर संयुक्त निबंधक संथाल परगना प्रमंडल लुईस टोप्पो एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी कर्मवीर मेहता द्वारा विभिन्न लैम्प्स समितियों के कृषकों के बीच केसीसी ऋण का वितरण किया गया। मौके पर मौजूद सभी समिति के सदस्यों एवं कृषको को समय पर ऋण भुगतान करने का सुझाव दिया गया तथा इससे होने वाले लाभ के संबंध में बताया गया| शाखा प्रबंधक मुकेश कुमार ने कृषकों को व्यक्तिगत व्यवसायिक वाहन ऋण की जानकारी दी। मौके पर कृषकों के साथ-साथ सहयोग समितियों के सदस्य एवं सरसाजोल लैम्प्स लिमिटेड के संचालक ताजमहल अंसारी मुख्य रूप से मौजूद थे।

### सीएचओ और एएनएम को मिला प्रशिक्षण

दुमका : सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुमका सदर में प्रथम चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वनिता मराण्डी की अध्यक्षता में प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य,मोबाइल एकेडमी व किलकारी से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया । अरमान संस्था की ओर से राज्य स्तरीय तीन सदस्य राज्य पर्यवेक्षक सुब्रोत राय, ज्वाला प्रसाद



एसपीएम और कार्यक्रम पदाधिकारी वरूण द्वारी ने सभी सी0एच0ओ0 और ए0एन0एम0 को बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिशु मृत्यु दर को कम करना है। इसके तहत गर्भवती महिला और बच्चों को गुणवत्तापूर्वक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है । सुब्रोत राय ने बताया कि किलकारी भारत सरकार की एक मुफ्त सेवा है जिसे मोबाइल के माध्यम से मॉ के गर्भावस्था से लेकर जन्म लेने वाले बच्चों के एक साल तक स्वास्थ्य की सलाह हर हफ्ते उसके रजिस्टर मोबाइल में दी जाती है । इस प्रशिक्षण में सीएचओ और एएनएम को निर्देशित किया गया कि अनमोल में लाभुकों का स्वंय या घर के किसी सदस्य के मोबाइल नंबर ही ऑनलाइन एंट्री करेगे.अगर मोबाइल नंबर गलत दिया जाता है तो लाभुकों को किलकारी का सेवा नही मिल पायेगे.इसलिए इस पर विशेष ध्यान देने कि आवश्यकता है.


### नेशनल हाईवे पर शव रखकर प्रदर्शन किया, 6 किलोमीटर लंबा जाम लगा

पटना,(ईएमएस)। बिहार के पटना में एक सड़क हादसे में वेयरहाउस सुपरवाइजर केशरी कुमार उर्फ मंटू की मौत हुई। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने बुधवार सुबह 6:30 बजे से पटना-बख्तियारपुर नेशनल हाईवे पर शव रखकर प्रदर्शन किया, इससे 6 किलोमीटर लंबा जाम लग गया और गाड़ियां 6 घंटे तक फंसी रहीं। इतना ही नहीं प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर आगजनी भी की। करीब 12 बजे, स्थानीय विधायक डॉ. रामानंद यादव और पटना सिटी एसडीओ सत्यम सहाय के समझाने के बाद परिजनों ने जाम खोला। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# बाल कल्याण समिति दुमका ने आवश्यक कार्रवाई कर दो बालकों को किया अभिभावक को सुपुर्द

### एक सीतामढ़ी बिहार से किया गया था उपस्थापित तो दूसरा थाना सरैयाहाट से

दुमका : जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्रांतर्गत के दो बालकों का उपस्थापन बुधवार को बाल कल्याण समिति दुमका के समक्ष किया गया। समिति के सदस्य सुबीर कुमार भट्टाचार्य व किरण तिवारी ने किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 30 (1) के तहत् मामले को संज्ञान में लेकर



अपने देखभाल एवं संरक्षण में लिया। समिति के सदस्य सुबीर कुमार भट्टाचार्य ने बताया कि बाल कल्याण समिति सीतामढ़ी (बिहार) ने बालक को बाल श्रम से मुक्त कराकर बाल गृह (बालक) सीतामढ़ी में आवासित कर दिया था। बाल कल्याण समिति सीतामढ़ी (बिहार) ने आवश्यक कार्रवाई कर किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 95 के तहत् बालक को बाल कल्याण समिति दुमका स्थानांतरण कर दिया है। समिति की महिला सदस्या किरण तिवारी ने बताया कि पुलिस अवर निरीक्षक सह अनुसंधानकर्ता थाना सरैयाहाट के द्वारा एक पॉक्सो पीड़िता को समिति के समक्ष उपस्थापित किया गया है। समिति ने बालकों के सर्वोत्तम हित को देखते हुए सीएनसीपी घोषित कर दोनों बालकों को उनके अभिभावक को सुपुर्द कर दिया है। उक्त कार्यवाही में डीसीपीयू एवं सीएचएल से दीपा साहू, पूनम कुमारी, सगुफ्ता साहिन, निशा कुमारी एवं निक्कू कुमार साह ने आवश्यक सहयोग प्रदान किया।

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

### बिग ब्यूटीफुल बिल बना ट्रंप के लिए जी का जंजाल ?

डोनाल्ड ट्रंप का प्रस्तावित बिग ब्यूटीफुल बिल से अमेरिकी संसद में तूफान खड़ा हो रहा है। इसे ट्रंप प्रशासन की दूसरी पारी का ब्लूप्रिंट माना जा रहा है। जो उनके चुनावी वादों को पूरा करने के रूप में देखा जा रहा है। इस बिल के पीछे की सच्चाई और इसके संभावित परिणामों को लेकर अमेरिका तथा भारत जैसे देशों के लिए इस बिल के परिणाम बड़े घातक हो सकते हैं। इस बिल का मुख्य उद्देश्य टैक्स कटौती, सीमा सुरक्षा, और सामाजिक योजनाओं में बदलाव के ज्यादा अधिकार राष्ट्रपति को देता है। इसमें सरकार द्वारा 2017 के टैक्स कट्स को स्थायी करने, व्यक्तिगत और कॉर्पोरेट टैक्स दरों में कमी करने ओवरटाइम व टिप्स पर टैक्स छूट जैसे प्रावधान शामिल हैं। इस बिल में बॉर्डर, अवैध प्रवासियों के डिपोर्टेशन के लिए 4.5 ट्रिलियन डॉलर का भारी-भरकम खर्च प्रस्तावित है। दूसरी ओर सरकार मेडिकेड और खाद्य सुरक्षा जैसी योजनाओं में कटौती कर सकती है। जिसके कारण गरीब और मध्यम वर्ग को भारी नुकसान होना तय है। भारत एवं भारतीयों के लिए सबसे चिंताजनक विदेशी धन-प्रेषण पर 3.5 से 5% टेक्स भारतीय-अमेरिकी समुदाय को सीधे प्रभावित करेगा। भारत को भेजे जाने वाले धन पर यह टैक्स भारतीय रुपये को और भी कमजोर कर सकता है। जिसका असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ना तय है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह बिल उनके धनाढ्य समर्थकों और पूंजीपतियों के लिए को फायदा पहुंचाने का बिल माना जा रहा है। भारत में जिस तरह से इलेक्ट्रोल बांड के माध्यम से राजनैतिक दलों के लिये बिल लाया गया था, इस बिल के माध्यम से मोदी सरकार को सबसे ज्यादा चंदा मिला। चंदे के आधार पर ठेके दिये गए। बिग ब्यूटी बिल के माध्यम से ट्रम्प को जो अधिकार मिलेंगे, उससे वह चंदा और परिवार के निजी कारोबार को बढ़ाने के लिये उपयोग करेंगे। यह आशंका अमेरिका में व्यक्त की जा रही है। डेमोक्रेट्स इसे अमीरों का बिल बता रहे हैं। वहीं रिपब्लिकन भी अमेरिका के ऊपर बढ़ते कर्ज जो 2.4 से 4 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गया है, उसको लेकर चिंतित हैं। अमेरिकी सांसद बर्नी सैंडर्स ने इस बिल को भ्रष्ट वित्त प्रणाली का प्रतीक बताया है। उनका कहना है राष्ट्रपति ट्रंप अपने अरबपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए इस बिल को पास कराने जा रहे है। राष्ट्रपति और ट्रंप के पूर्व सहयोगी एलन मस्क ने भी इसका विरोध किया है। इस विरोध के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क के बीच तकरार बढ़ी है। एलन मस्क ने धमकी दी है, वह अमेरिका मैं तीसरी पार्टी बनाएंगे। वहीं राष्ट्रपति ट्रंप ने एलन मस्क को अमेरिका से बाहर निकालने तक की बात कह दी है। भारत के लिए यह बिल बिग एंड बैड साबित हो सकता है। भारत सरकार की खामोशी हैरान करने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस बिल के बारे में अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। उनकी चुप्पी से यह धारणा बनने लगी है, भारत अमेरिकी दबाव के सामने नतमस्तक है? गौतम अडानी जैसे कारोबारियों के हितों की रक्षा में क्या भारत सरकार राष्ट्रीय हितों को नजरअंदाज कर रही है? यह बिल अमेरिकी संसद में पारित होने के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसका दूरगामी दुष्प्रभाव होगा। भारत सरकार का मौन न केवल निराशाजनक है, बल्कि भारत सरकार की अर्थव्यवस्था एवं भारतीयों के लिए यह बिल खतरनाक भी है। ट्रंप के लिए यह बिल उनकी सत्ता और उनके परिवार के कारोबार को बढ़ाने के लिए हो सकता है। भारत सहित दुनिया के कई देशों के लिए यह बिल आर्थिक फंदा बन सकता है। अमेरिका के माध्यम और गरीब वर्ग के लिए भी इस बिल से भारी नुकसान होने की संभावना है। जिसके कारण अमेरिका में इस बिल का बड़े पैमाने पर विरोध शुरू हो गया है। इस बिल से भारत की प्रभावित हो रहा है। भारत सरकार की चुप्पी से सभी को आश्चर्य हो रहा है। भारत सरकार को भारतीय मूल के नागरिकों और भारत के आर्थिक एवं राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने के लिए तुरंत सक्रिय होने की आवश्यकता है।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल जनसरोकार के प्रतिक

**हेमेन्द्र क्षीरसागर**

**3 सितंबर 1964 को मथुरा में जन्में मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल वाणिज्य और कानून में जेएच गवर्नमेंट कॉलेज, बैतूल से स्नातक हैं। उन्हें संगठन निष्ठा, राजनीति और समाजसेवा के संस्कार अपने पिता विजय कुमार खंडेलवाल से विरासत में मिले। हेमंत खंडेलवाल को बैतूल में 'विकास पुरुष' कहा जाता है। विधायक रहते हुए उन्होंने कभी सुरक्षा गार्ड नहीं रखा। न ही गाड़ी पर नाम पट्टिका लगाई, सरकारी आवास लिया। वे हमेशा सादगी और सादा जीवन, उच्च विचार के मूल्यों पर चलते रहे। आज भी देर रात आमजन और पार्टी कार्यकर्ताओं से बात कर उनकी समस्या सुलझाते हैं। उन्होंने कदापि अपने आपको एक नेता नहीं अपितु कार्यकर्ता के तौर पर माना। यथेष्ट, उनको करीब से जानने वाले उन्हें राजनीति के संत और जनसरोकार के प्रतिक मानते हैं।**

**स्तुत्य, भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक, राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रेरक विजय कुमार खंडेलवाल भाजपा से बैतूल सांसद रह चुके हैं। हेमंत खंडेलवाल अपने पिता के समय से ही जनसेवा के लिए समर्पित रहे। पिता के निधन से बैतूल लोकसभा सीट खाली हो गई। इस दौरान हुए उपचुनाव 2007 में भाजपा ने हेमंत खंडेलवाल को टिकट देकर चुनावी मैदान में उतारा और वे लोकसभा पहुंचे। इसके बाद 2010 से 2013 तक बैतूल के जिलाध्यक्ष रहे। 2013 से 2018 तक बैतूल से विधायक निर्वाचित हुए । 2014 से 2018 तक प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष रहे। 2021 पश्चिम बंगाल चुनाव में प्रवासी कार्यकर्ता का प्रभार मिला। 2022 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में 15 जिलों के समन्वय प्रभारी बनाए गए। 2023 बैतूल विधान सभा से विधायक निर्वाचित हुए। वर्तमान में कुशाभाऊ ठाकरे ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। कर्तव्य निष्ठा, संगठन की गहरी समझ रखने वाले गंभीर व्यक्तित्व के धनी हेमंत खंडेलवाल ने अपने राजनीतिक जीवन में हमेशा जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दी है। क्षेत्र के विकास, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और किसानों के मुद्दों पर वे हमेशा मुखर और सक्रिय रहे हैं। उनके प्रयासों से बैतूल में कई विकास योजनाएं क्रियान्वित की गईं, जिनका आमजन को सीधा लाभ मिला है। ऐसे अभूतपूर्व जनसेवा से उन्होंने अपनी पहचान बनाई। साथ ही प्रदेश एवं भाजपा के सभी जिला कार्यालय निर्माण संबंधी डिजाइन, निर्माण सहित अन्य व्यवस्थाओं को बखूबी देखते रहे। शायद प्रदेश में सबसे अच्छा डिजिटल और सटीक आंकड़ों या संपर्क के मामले में उनका स्वयं का कार्यालय है। जनता जनार्दन और कार्यकर्ताओं तक उनका सीधा संवाद उन्हें आम आदमी का खास मनाता है। वस्तुतः आज के दौर में शुचिता की राजनीति ऐसी अनूठी मिसाल दुर्लभ है। संवाहक हेमंत खंडेलवाल जनसरोकारी जनप्रतिनिधि के साथ कुशल संगठक की निर्णायक भूमिका भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के दायित्व को संगठन ही सेवा और सेवा ही समर्पण के भाव से अक्षरशः निर्वहन करेंगे। तभी तो राजनीति के प्रतिस्पर्धा के समय में भाजपा जैसे 14 करोड़ प्राथमिक सदस्य वाली दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उन्हें निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। जो हेमंत खंडेलवाल के समर्पण और जनसेवा पर अपनी मुहर लगाता है। निश्चित ही आपके कुशल नेतृत्व में भाजपा प्रदेश में सबका साथ, सबका विश्वास, सबके प्रयास से अर्जित करेंगी। अभिभूत आपके भाजपा प्रदेशाध्यक्ष निर्वाचित होने से पार्टी में काम कर रहे हे आम कार्यकर्ताओं में यह संदेश जाएगा कि आज हम जो संगठन और जन सेवा कर रहें हैं उसका परिणाम अवश्य सम्मानित होता है जो आपके नव दायित्व से परिलक्षित होता है।**

# बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण से बेचैन हुआ विपक्ष

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पे शल इन्टेन्सिव रिवीजन —एस.आई.आर.) का काम शुरू हो गया है। चुनाव आयोग के मुताबिक उसकी इस पहल का मकसद मतदाता सूची को शुद्ध और वास्तविक बनाना है। हालांकि, विपक्षी दलों ने मतदाता सूची में छेड़छाड़ के व्यापक आरोप लगाए हैं। लगभग सभी ने एसआईआर का विरोध किया है और कहा है कि इससे मताधिकार से वंचित होने का गंभीर खतरा है। बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर 7.89 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। राज्य में इसी साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं।

बिहार में इस तरह का आखिरी गहन संशोधन 2003 में किया गया था। चुनाव आयोग ने कहा कि बिहार में 2003 की मतदाता सूची को फिर से वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा, जिसमें 4.96 करोड़ लोगों के नाम हैं। इनमें शामिल लोगों को जन्मतिथि या जन्मस्थान साबित करने के लिए दस्तावेज नहीं देने होंगे। बाकी 3 करोड़ मतदाताओं को प्रमाण के लिए दस्तावेज देने होंगे। वोटिंग लिस्ट में ये संशोधन ऐसे वक्त किए जाने हैं जब बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. ऐसे में विपक्षी पार्टियां इस पर नाराज़गी जता रही हैं। इस मसले पर विपक्ष की ओर से एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई थी, जिसमें बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कई मुद्दे उठाए थे और व्यावहारिक समस्याएं बताई थीं।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस कदम को एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर) से भी ज्यादा खतरनाक बताया और आरोप लगाया कि उनका राज्य, जहां अगले साल चुनाव होने हैं, असली लक्ष्य है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 7 जून को महाराष्ट्र की मैच फिक्सिंग के बारे में कई बातें लिखी थीं। उन्होंने लिखा था, "…क्योंकि महाराष्ट्र की यह मैच फिक्सिंग अब बिहार में भी दोहराई जाएगी और फिर वहां भी, जहां-जहां बीजेपी हार रही होगी।"

तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने 28 जून को कहा कि चुनाव आयोग द्वारा घोषित मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण "पिछले दरवाजे से एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) लाने का एक भयावह कदम" है। इससे पहले ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इसको लेकर सवाल उठाए। उन्होंने 27 जून को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, निर्वाचन आयोग बिहार में गुप्त तरीके से एनआरसी लागू कर रहा है। जबकि सत्तारूढ़ दलों ने इसे पूर्व की चुनावी धांधली पर चुनाव आयोग की सख्ती के साथ पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है।

महागठबंधन के प्रमुख घटक दल राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 2003 में जब मतदाता सूची का पुनरीक्षण हुआ था तो उसमें दो साल लगे थे और तब साढ़े चार करोड़ से कुछ ज्यादा मतदाता थे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) का मानना है कि विधानसभा चुनाव से एक महीने पहले सघन पुनरीक्षण अभियान संभव नहीं है। राजद नेताओं ने सवाल उठाया कि अगर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की इतनी आवश्यकता है, तो यह केवल बिहार में ही क्यों किया जा रहा है? क्या देश के अन्य राज्यों को इसकी जरूरत नहीं है? नेताओं ने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया बिहार को निशाना बनाने की एक सोची-समझी रणनीति है। संविधान का अनुच्छेद 324 (1) भारत के निर्वाचन आयोग को संसद और राज्य विधानसभाओं के - चुनावों के लिए मतदाता सूची तैयार करने और उनके संचालन के अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण की शक्ति देता है। गहन पुनरीक्षण में मतदाता सूची को नए सिरे से तैयार किया जाता है। भारत निर्वाचन आयोग बिहार के बाद, चुनाव आयोग इस वर्ष के अंत तक 2026 में चुनाव होने वाले पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की इसी प्रकार की समीक्षा करेगा। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है। ध्यान रहे पश्चिम बंगाल और असम दोनों ही राज्यों में एनआरसी बड़ा मुद्दा है क्योंकि इन राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों और शरणार्थियों की बड़ी संख्या है। राजनीतिक हलकों में इस बात की जोरों से चर्चा है कि बिहार के बाद मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की बारी पश्चिम बंगाल की होगी। तभी पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस बहुत बेचैन है। तृणमूल कांग्रेस को यह चिंता सता रही है कि अगर चुनाव आयोग ने चुनिंदा विधानसभा क्षेत्रों में टारगेट करके मतदाताओं के नाम काटे तो उसका फ़ायदा भाजपा को होगा। पश्चिम बंगाल में 30 फीसदी मुस्लिम आबादी है, जिसके बारे में भाजपा आरोप लगाती है कि इनमें बड़ी संख्या बांग्लादेशी और रोहिंग्या की है। इनका वोट एकमुश्त तृणमूल को जाता है। हर क्षेत्र में 10 से 20 हजार नाम अगर कट जाते हैं तो तृणमूल को उसका बड़ा नुकसान होगा। हालांकि बिहार से उलट पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेता ज्यादा जागरूक और सक्रिय हैं। वे आसानी से नाम नहीं कटने देंगे। पिछले कई महीनों से वे खुद घर घर जाकर सब चेक कर रहे हैं। बिहार की राजनीति को करीब से जानने वालों के अनुसार, निर्वाचन आयोग देश में अवैध रूप से बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार से आकर जो लोग रह रहे हैं, जिन्होंने मतदाता सूची में नाम दर्ज करवा लिया है। वैसे लोगों को मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू की है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जो भी अवैध रूप से बिहार आकर बस गए हैं, उनका वोट विपक्ष को जाता है।

# हेमंत खंडेलवाल की मप्र भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में ताजपोशी के मायने

**हर्षवर्धन पान्डे**

मध्यप्रदेश की राजनीति में हाल के वर्षों में नए नेतृत्व के रुप में डॉ. मोहन यादव का उभार को एक बड़ी राजनीतिक घटना के तौर पर देखा गया है। बेहद कम समय में अपनी लगन, मेहनत, समाजसेवा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से नजदीकी के दम पर देश की राजनीति में खुद को एक मंझे हुए खिलाडी के तौर पर स्थापित कर लिया है। डॉ. मोहन यादव का मुख्यमंत्री बनना भाजपा की एक रणनीति का हिस्सा था जिसके तहत पार्टी ने एक ओबीसी चेहरे को आगे बढ़ाकर प्रदेश से बाहर भी तमाम सामाजिक समीकरणों को साधने की बेहतर कोशिश की। उनकी मध्यप्रदेश के सीएम के रूप में ताजपोशी न केवल मध्यप्रदेश में, बल्कि पड़ोसी राज्यों विशेष रूप से उत्तर प्रदेश,बिहार में भी भाजपा को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना गया। अब मध्यप्रदेश भाजपा में लंबे समय से चल रही अटकलों का आज अंत हो गया जब बैतूल से विधायक और पूर्व सांसद हेमंत खंडेलवाल को प्रदेश अध्यक्ष के रूप में चुन लिया गया है। उनकी ताजपोशी न केवल मध्यप्रदेश भाजपा के लिए एक नया अध्याय शुरू करेगी बल्कि यह संगठनात्मक और सामाजिक समीकरणों को भी बेहतर तरीके से साधेगी। हेमंत खंडेलवाल मध्यप्रदेश के बैतूल क्षेत्र से ताल्लुक रखते हैं जिन्होंने एक सामान्य कार्यकर्ता के तौर पर पार्टी में संगठन शिल्पी के तौर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी साफ-सुथरी छवि और कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर तालमेल और आरएसएस से बेहतरीन तालमेल ने ने उन्हें इस पद के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार बनाया। खंडेलवाल की ताजपोशी मालवा-निमाड़ से लेकर महाकौशल सरीखे क्षेत्रों में आने वाले दिनों में भी बड़ा प्रभाव छोड़ेगी जो प्रदेश में क्षेत्रीय संतुलन के लिहाज से भी बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। खंडेलवाल मध्यप्रदेश भाजपा के एक महत्वपूर्ण संगठनकर्ता और रणनीतिकार के रूप में जाने जाते हैं। जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ उनकी संवाद कला और कार्यकर्ताओं में मजबूत पकड़ ने उनके चयन में बड़ी भूमिका निभाई है। हेमंत खंडेलवाल ने उज्जैन जैसे महत्वपूर्ण निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा की जीत में उनकी रणनीति ने अहम भूमिका निभाई है। खंडेलवाल की कार्यशैली में स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट करने की असाधारण क्षमता है। पार्टी के सीनियर और जूनियर नेताओं के साथ भी उनके सम्बन्ध बेहतरीन रहे हैं। वे उन नेताओं में से हैं जो पर्दे के पीछे रहकर संगठन को मजबूत करते रहे और सबके चहेते बने रहे। हेमंत खंडेलवाल का निर्वाचन निर्विरोध होने के पीछे सामाजिक और जातीय संतुलन का विशेष ध्यान रखा गया है। वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन यादव ओबीसी वर्ग से और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा अनुसूचित जाति वर्ग से हैं। ऐसे में सामान्य वर्ग या अनुसूचित जनजाति वर्ग से अध्यक्ष चुनने की रणनीति के तहत खंडेलवाल का नाम आगे आया। यह कदम भाजपा की सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति को दर्शाता है।

हेमंत खंडेलवाल की राजनीतिक पृष्ठभूमि भी मजबूत रही है। उनके पिता विजय खंडेलवाल भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे हैं जिससे संगठन की उन्हें अच्छी समझ रही है। खंडेलवाल की बेदाग़ ईमानदार छवि और साफ-सुथरे ट्रैक रिकॉर्ड ने उन्हें अन्य दावेदारों से कहीं आगे करने का काम किया है। हेमंत खंडेलवाल ने 2007 में पहली बार बैतूल लोकसभा उपचुनाव में जीत हासिल की थी। यह सीट उनके पिता विजय खंडेलवाल के निधन के बाद खाली हुई थी। 2009 में बैतूल लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हो गई लेकिन खंडेलवाल की भूमिका इसके बाद भी प्रभावशाली बनी रही। उन्होंने 2013 में विधायक के रूप में जीत दर्ज की। 2018 में वह चुनाव हार गए। 2023 में वह फिर से विधायक चुने गए। वर्तमान में हेमंत खंडेलवाल प्रदेश भाजपा के कुशाभाऊ ठाकरे ट्रस्ट के अध्यक्ष भी हैं। हेमंत खंडेलवाल एक कुशल संगठनकर्ता होने के साथ चुनाव रणनीति में बेहतरीन रणनीति के साथ कार्य करने के लिए जाने जाते हैं । मध्यप्रदेश भाजपा के कुशल चुनावी संचालकों में से एक हेमंत खंडेलवाल रहे हैं। किसी राजनेता की छवि को जनता के बीच स्थापित करते हुए किस तरीके से अनूकूल परिणाम लाए जा सकते हैं यह हेमंत खंडेलवाल से बेहतर शायद ही कोई नेता महसूस कर सकता है। हेमंत खंडेलवाल ने भाजपा के संगठन को अपने व्यवहारिक और सांगठनिक कार्यों के जरिए सहेजा है। उन्होंने खुद को गुटबाजी से ऊपर रखते हुए पार्टी को एकजुट करने की नीतिगत कोशिशें की हैं। इसी परिपक्वता ने उन्हें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर आज अन्य नेताओं से कहीं आगे बेहद मजबूत किया है।

अब जबकि मध्यप्रदेश कांग्रेस का युवा वर्ग गुटबाजी और भारी आंतरिक कलह से जूझ रहा है, हेमंत खंडेलवाल जैसे नेता भाजपा के लिए नई ऊर्जा और उम्मीद का प्रतीक बनकर उभर रहे हैं। उन्होंने हमेशा पार्टी हित को सदैव सर्वोपरि रखा है। हेमंत खंडेलवाल ने अपने अब तक के राजनीतिक सफर में कुशल संगठन शिल्पी, कार्यकर्ताओं के साथ शालीनता, संवाद और एक ईमानदार जनप्रतिनिधि होने की गम्भीरता दिखाई है यही उनकी सबसे बड़ी यूएसपी रही है जिसका लाभ उन्हें आज मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर मिला है।

डॉ.मोहन यादव और हेमंत खंडेलवाल की बेहतरीन ट्यूनिंग रही है। दोनों ही नेता मध्यप्रदेश के उस क्षेत्र से आते हैं जो भाजपा का एक बड़ा मजबूत गढ़ रहा है। इस क्षेत्र में दोनों की गहरी पैठ और आपसी समन्वय ने भाजपा को न केवल विधानसभा चुनावों में बल्कि स्थानीय चुनावों में भी मजबूती प्रदान की है। मौजूदा दौर में प्रदेश की सियासत में यह जोड़ी न केवल भारतीय जनता पार्टी के भीतर अपनी मजबूत स्थिति के लिए जानी जा रही है, बल्कि उनकी आपसी समझ और रणनीतिक समन्वय ने मध्य प्रदेश भाजपा की राजनीति में एक नया आयाम जोड़ा है। पिछले कुछ समय से भाजपा में जिस तरीके से विधायक संगठन को लगातार ताक पर रखते हुए सरकार को आईना दिखाने से पीछे नहीं हैं उसके मद्देनजर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और हेमंत खंडेलवाल की नई जोड़ी मध्यप्रदेश भाजपा के लिए संजीवनी के समान कारगर साबित हो सकती है। हेमंत खंडेलवाल की प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर ताजपोशी मध्यप्रदेश भाजपा के लिए एक बड़ा मास्टरस्ट्रोक साबित हो सकती है। एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने अपनी कुशल नेतृत्व क्षमता और ठोस निर्णयों से खुद को जननायक बनाया है वहीं हेमंत खंडेलवाल ने सामान्य कार्यकर्ता के रूप में संगठन शिल्पी के तौर पर पार्टी को मजबूत करने के साथ ही पार्टी के लाखों कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने का काम किया है।

डॉ. मोहन यादव का ओबीसी समुदाय से होना और हेमंत खंडेलवाल की सामान्य वैश्य वर्ग में पकड़ ने भाजपा को विभिन्न सामाजिक समूहों के बीच संतुलन बनाने में मदद की है। मध्यप्रदेश में ओबीसी समुदाय की 52 फीसदी आबादी को देखते हुए यह जोड़ी अब आने वाले दिनों में सामाजिक समावेश की दिशा में एक मजबूत कड़ी बनकर उभर सकती है।भविष्य में इस जोड़ी की ट्यूनिंग बीजेपी के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकती है। डॉ.मोहन यादव का मुख्यमंत्री के रूप में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और खंडेलवाल की संगठनात्मक रणनीति मिलकर मध्यप्रदेश भाजपा को और मजबूत कर सकती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा संगठन दोनों को भी अब यह भरोसा है कि हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल बना रहेगा। इसी को देखते हुए सभी कार्यकर्ता उनके नाम पर सहमत नजर आये हैं।

हेमंत खंडेलवाल के सामने सबसे बड़ी चुनौती मध्यप्रदेश में भाजपा संगठन को मजबूत करने से लेकर पार्टी के सभी विधायकों, सांसदों और कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर समन्वय की होगी। आगामी विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनावों को देखते हुए संगठन के भीतर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने से लेकर जनता के बीच पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से ले जाने की जिम्मेदारी उनके कंधों पर होगी। उनकी जमीनी सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण ने उन्हें यह पद दिलाया है। यह दर्शाता है कि भाजपा में नेतृत्व चयन में सोशल मीडिया की चमक से ज्यादा जमीनी कार्यकर्ता को महत्व दिया जाता है। हेमंत खंडेलवाल की ताजपोशी मध्यप्रदेश भाजपा के लिए एक नई दिशा और ऊर्जा लाने की उम्मीद की जा रही है। उनकी नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और यह माना जा रहा है कि वे अपने करिश्मे से संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

इस ताजपोशी ने यह भी साबित किया है मध्यप्रदेश भाजपा अब एक नए युग में प्रवेश कर रही है और वह नए नेतृत्व और सामान्य से कार्यकर्ता को भी उभरने का बेहतर मौका दे रही है।

डॉ.मोहन यादव का विजन और हेमंत खंडेलवाल का बेहतरीन समन्वय अब मध्यप्रदेश भाजपा में सफलता का नया अध्याय लिखेगा।

यह जोड़ी आने वाले दिनों में मध्यप्रदेश भाजपा के लिए भी एक बड़ा सकारात्मक संदेश देगी। भविष्य में इस जोड़ी का समन्वय और रणनीति प्रदेश भाजपा को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है।

# हिन्दी को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनायें

**ललित गर्ग**

दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में हिन्दी विरोध की राजनीति अब महाराष्ट्र में भी उग्र से उग्रत्तर हो गयी, इसी के कारण त्रिभाषा नीति को महाराष्ट्र में लगा झटका दुखद और अफसोसजनक है। आखिरकार राजनीतिक दबाव, लंबी रस्साकशी और कशमकश के बाद महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई से जुड़े मुद्दे पर यू-टर्न लेते हुए अपने कदम पीछे खींच लिए। विदित हो कि केंद्र सरकार की नीति के तहत महाराष्ट्र के स्कूलों में पहली कक्षा से हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाना था। राजनीतिक आग्रहों एवं दुराग्रहों के चलते अब ऐसा नहीं हो पाएगा। मतलब, महाराष्ट्र को तीसरी भाषा के रूप में भी हिंदी मंजूर नहीं है। महाराष्ट्र में हिंदी का संकट वास्तव में एक गहरे सामाजिक-राजनीतिक विमर्श का हिस्सा है। यह केवल भाषाई नहीं, बल्कि अस्मिता, पहचान और सह-अस्तित्व से जुड़ा हुआ है। जबकि भाषा को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनाना चाहिए। क्योंकि जब मराठी और हिंदी एक-दूसरे की सहयोगी बनेंगी, तभी महाराष्ट्र और भारत दोनों का भविष्य उज्ज्वल होगा और तभी महाराष्ट्र राष्ट्रीयता से जुड़ते हुए समग्र विकास की ओर अग्रसर हो सकेगा।

हिन्दी को हथियार बनाकर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मराठी समर्थक राजनीति को इस तरह से गरमा दिया था कि सरकारी प्रयासों के हाथ-पांव फूलने लगे और अपने फैसलों पर पुनर्विचार करना पड़ा। ठाकरे बंधुओं का हिन्दी विरोधी आंदोलन दिनोंदिन उग्र होता जा रहा था। यह सच है, हर राज्य के लिए भाषा की राजनीति मायने रखती है और कोई भी पार्टी स्थानीय स्तर पर अपनी क्षेत्रीय भाषा से मुंह नहीं मोड़ सकती। यह सर्वविदित है कि महाराष्ट्र में पूर्व में एक समिति ने जब हिंदी पढ़ाने की सिफारिश की थी, तब उद्धव ठाकरे ही राज्य के मुख्यमंत्री थे। तब हिंदी का मामला बड़ा नहीं था, पर आज जब ठाकरे विपक्ष में हैं, तब यही मुद्दा सबसे अहम हो गया है। शायद यह शर्म की बात है कि जिस राज्य की राजधानी मंज पूरा हिंदी फिल्म उद्योग बसता है, समूचे देश की आर्थिक राजधानी होने का गौरव जिसे मिला हुआ है, जहां समूचे देश के लोगों बसे है, जिसे सांझा-संस्कृति का गौरव प्राप्त है, उस राज्य की राजनीति अब हिंदी से परहेज करती दिख रही है। आज उद्धव ठाकरे बोल रहे हैं कि देवेंद्र फडणवीस सरकार मराठी मानुष की शक्ति से हार गई, पर वे इस बात को छिपा रहे हैं कि हारी सरकार नहीं, बल्कि राष्ट्र-भाषा हिंदी हारी है, जिसने मुंबई को सपनों का शहर बनाए रखा है।

भारत विविधताओं का देश है, यहां भाषाएं न केवल संवाद का माध्यम हैं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी हैं। परंतु जब भाषाएं टकराव का विषय बन जाएं, तो वह केवल भाषाई संकट नहीं रह जाता, बल्कि एक सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दा बन जाता है। ऐसा ही कुछ महाराष्ट्र में देखने को मिल रहा है, जहां हिंदी भाषा को लेकर एक अनकहा-अनचाहा-सा संघर्ष चल रहा है। महाराष्ट्र में मराठी भाषा केवल एक भाषा नहीं, बल्कि मराठी अस्मिता का प्रतीक है। कई मराठी संगठनों और राजनीतिक दलों का यह मानना है कि हिंदी भाषा का बढ़ता वर्चस्व मराठी संस्कृति के लिए खतरा बन सकता है।

फडणवीस सरकार की ताजा घोषणा यह दर्शा रही है कि हिंदी का मुद्दा राज्य में विपक्षी दलों के हाथों का एक ताकतवर राजनीतिक हथियार बनता जा रहा था। न केवल विपक्ष के सभी दल इस मसले पर एकजुट और विधानसभा के मॉनसून सत्र को हंगामेदार बनाने पर आमादा थे, बल्कि ठाकरे बंधुओं को भी हिंदी विरोध की राजनीति की अपनी जानी-पहचानी जमीन वापस मिलती दिख रही थी। क्योंकि शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे के शुरुआती दौर में पार्टी खास तौर पर हिंदीभाषियों के विरोध के लिए जानी जाती थी। मुंबई और महाराष्ट्र में हिंदीभाषियों की निरंतर बढ़ती आबादी को शिवसेना मराठी अस्मिता के लिए खतरे के रूप में देखती थी। हालांकि बाद के दौर में, खासकर नब्बे के दशक से भाजपा के गठबंधन में शिवसेना की राजनीति भी हिंदी से हिंदू की ओर मुड़ती गई। ऐसे में निश्चित ही मराठा राजनीति से हिन्दी विरोध की उम्मीद नहीं थी। अब तक तमिलनाडु को ही हिंदी विरोध के लिए जाना जाता था, पर इधर तीखे हिंदी विरोध में कर्नाटक के साथ ही, महाराष्ट्र भी शामिल हो गया है। दुनिया की सर्वाधिक तीसरी बोली जाने वाली हिन्दी भाषा अपने ही देश में उपेक्षा एवं राजनीति की शिकार है। अब केन्द्र सरकार के साथ-साथ हिंदी समाज को ज्यादा सजग होना पड़ेगा। हिन्दी भाषी प्रांतों को अपनी राजनीतिक व आर्थिक शक्ति को इतना बल देना पड़ेगा कि कम से कम तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को अहिंदीभाषी राज्यों में स्वीकार किया जाए। क्या हिंदी प्रदेश के नेता इससे सबक लेंगे? हालांकि, जिस तरह की त्रासद भाषा-राजनीति महाराष्ट्र में हो रही है, उससे यही लगता है कि इसके लिये बनी समितियों में बैठने वाले विशेषज्ञों की राय को किनारे कर दिया जाएग और राष्ट्रीयता पर क्षेत्रीयता की जीत हासिल हो जाएगी।

महाराष्ट्र में बढ़ते हिन्दीभाषियों के अनुपात को देखते हुए देर-सबेर हिन्दी को अपनाना ही लोकतांत्रिक दृष्टिकोण है। चाहे मुंबई हो या महाराष्ट्र, कुल आबादी में हिंदीभाषियों का बढ़ता अनुपात हिन्दी के पक्ष में है। 2001 की जनगणना के मुताबिक हिंदीभाषियों की संख्या मुंबई में 25.9 प्रतिशत और मराठीभाषियों की 42.9 प्रतिशत थी जो 2011 में क्रमशः 30.2 प्रतिशत और 41 प्रतिशत हो गई। महाराष्ट्र में इसी अवधि में जहां मराठीभाषी आबादी 76 प्रतिशत से 73.4 प्रतिशत पर आ गई, वहीं हिंदीभाषियों का अनुपात 7.3 प्रतिशत से बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो गया। इसीलिये हिंदी लादने के इस फैसले ने न केवल उद्धव और राज ठाकरे को आक्रामक रूप में सामने ले आई बल्कि 20 साल बाद उद्धव और राज ठाकरे के एक मंच पर आने की खबर ने महाराष्ट्र की सियासत में हलचल मचा दी। 5 जुलाई को होने वाली हिन्दी विजय रैली पर महाराष्ट्र के लोगों की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि मराठी भाषा और संस्कृति के मुद्दे पर सुर में सुर मिलाने वाले उद्धव और राज ठाकरे को सियासी हौसला मिल गया है। जिसे महाराष्ट्र की सियासत में एक नया मोड़ माना जा रहा, लेकिन साथ ही सवाल है कि उद्धव और राज ठाकरे की सियासी केमिस्ट्री कब तक बरकरार रहेगी। हिंदी बनाम मराठी विवाद को कई बार राजनीतिक रंग भी दिया गया है। कुछ स्थानीय दलों ने हिंदी भाषी प्रवासियों, विशेषकर उत्तर प्रदेश और बिहार से आए लोगों को निशाने पर लेकर हिंदी भाषा पर परोक्ष रूप से प्रहार किया है। इससे न केवल भाषा के नाम पर लोगों में दूरी बढ़ी है, बल्कि महाराष्ट्र की समावेशी छवि को भी आघात पहुंचा है। महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों, विशेषकर मुंबई, ठाणे, पुणे, और नासिक में बड़ी संख्या में हिंदीभाषी समुदाय निवास करता है। ये लोग महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था, व्यापार, निर्माण और सेवा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परंतु जब इनकी भाषा को दोयम दर्जे का माना जाता है, या उनके साथ भेदभाव किया जाता है, तो यह संविधान की आत्मा 'एकता में अनेकता' के विपरीत है। भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में हिंदी और मराठी दोनों को मान्यता प्राप्त है।

हिंदी भारत की राजभाषा है और मराठी महाराष्ट्र की राजभाषा। किसी भी राज्य में भाषा का सम्मान होना चाहिए, लेकिन इसके नाम पर दूसरी भाषाओं को अपमानित करना न तो संवैधानिक है और न ही नैतिक। भाषायी सह-अस्तित्व के लिये महाराष्ट्र में मराठी को सर्वोच्च स्थान मिले, लेकिन हिंदी भाषा को भी सम्मान मिले, यह संतुलन ही स्वस्थ लोकतंत्र का आधार है। स्कूलों में मराठी, हिंदी और अंग्रेजी- तीनों भाषाओं को समुचित महत्व देकर बच्चों में बहुभाषिक दृष्टिकोण विकसित किया जा सकता है। विभिन्न राजनीतिक दल भाजपा एवं केन्द्र सरकार को घेरने के लिये जिस तरह भाषा, धर्म एवं जातियता को लेकर आक्रामक रवैया अपनाते हुए देश में अशांति, अराजकता एवं नफरत को फैला रहे रहे हैं, यह चिन्ताजनक है। महाराष्ट्र में हिन्दी का विरोध आश्चर्यकारी है। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद हिन्दी को उसका उचित स्थान न मिलना विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण है।

# हाथ में त्रिशूल का निशान होता है बेहद शुभ



हस्तरेखा ज्योतिष में लोगों की हाथ की लकीरें और निशान देखकर उनके भविष्य के बारें में कई बातों का पता लगाया जा सकता है। हथेली पर कई निशान होते है इन्हीं निशानों में से एक निशान ऐसा होता है जो हजार लोगों में से एक व्यक्ति के हाथ में बना होता है। यह निशान होता है त्रिशूल। तो आइए जानते हैं हथेली पर किस-किस जगह बने त्रिशूल के निशान का क्या मतलब होता है।

यदि हृदय रेखा के सिरे पर गुरु पर्वत के समीप त्रिशूल का निशान हो ऐसा व्यक्ति बेहद प्रतिभाशाली होता है।

सूर्य रेखा पर त्रिशूल का निशान होने पर उच्च पद और सरकारी क्षेत्र की प्राप्ति होती है। वहीं त्रिशूल के चिन्ह के साथ अन्य रेखाएं होने पर परिणाम विपरीत होंगे। यदि ये चिन्ह भाग्य रेखा पर हो तो वह व्यक्ति बहुत ही भाग्यशाली होता है और उसे सभी सुखों की प्राप्ति होती है।वहीं जिसकी हाथ की दस उंगलैयों में भगवान विखष्णुर के प्रतीक चक्र का चिन्ह हो वह चक्रवर्ती होता है। ऐसी रेखाओं से मिलती है हर कदम पर सफलता।

# मंगलसूत्र धारण करने के नियम और इसका महत्व

सनातन धर्म में विवाह में मंगलसूत्र का सबसे अहम स्थान है। इसके साथ ही वैवाहिक जीवन का प्रतीक माने जाने वाले मंगलसूत्र को धारण करने के नियम और सावधानियां भी बतायी गयी हैं।

मंगलसूत्र एक काले मोतियों की माला होती है, जिसे महिलाएं अपने गले में धारण करती हैं। इसके अंदर बहुत सारी चीज़ें जुड़ी होती हैं और हर चीज़ का सम्बन्ध शुभता से होता है। माना जाता है कि मंगलसूत्र धारण करने से पति की रक्षा होती है और पति के जीवन के सारे संकट कट जाते हैं जबकि यह महिलाओं के लिए भी रक्षा कवच और सम्पन्नता का काम करता है।


मंगलसूत्र के अंदर क्या-क्या चीज़ें होती हैं?

मंगलसूत्र में पीला धागा होता है

इसी पीले धागे में काली मोतियाँ पिरोई जाती हैं

साथ में एक सोने या पीतल का लॉकेट भी लगा हुआ होता है

यह लॉकेट गोल या चौकोर , दोनों हो सकता है



मंगलसूत्र में सोना या पीतल भले ही न लगा हो पर पीले धागे में काली मोतियाँ जरूर होनी चाहिए

मंगलसूत्र में लगी हुयी चीज़ें कैसे ग्रहों को नियंत्रित करती हैं ?

मंगलसूत्र का पीला धागा और सोना या पीतल बृहस्पति का प्रतीक है जिससे महिलाओं का बृहस्पति मजबूत होता है

काले मोतियों से महिलाएं और उनका सौभाग्य बुरी नज़र से बचे रहते हैं

यह भी मानते हैं कि मंगलसूत्र का पीला हिस्सा माँ पार्वती है और काले हिस्सा भगवान शिव

शिव जी की कृपा से महिला और उसके पति की रक्षा होती है

तथा माँ पार्वती की कृपा से वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहता है

मंगलसूत्र धारण करने के नियम और सावधानियां क्या हैं ?

मंगलसूत्र या तो स्वयं खरीदें या अपने पति से लें

किसी अन्य से मंगलसूत्र लेना उत्तम नहीं होता

मंगलसूत्र मंगलवार को न खरीदें

धारण करने के पूर्व इसे माँ पार्वती को अर्पित करें

जब तक बहुत ज्यादा जरूरी न हो मंगलसूत्र को न उतारें

मंगलसूत्र में लगा हुआ सोना अगर चौकोर हो तो बहुत उत्तम होगा.

# राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, आषाढ़ शुक्ल पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु अस्त, पश्चिमी शुक्रोदय, पूर्वे तिथी, अष्टमी, गुरुवासरे, हस्त नक्षत्रे, वल योगे, वव करणे, कन्या की चंद्रमा, रवियोग 24/42 औषध सेवन हल प्रवाहन व्यापार धान्य छेदन क्रय विक्रय तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ होगी|

आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमानी, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, शिक्षक, लेक्चरार, प्रोफेसर, प्रिंसपल, उद्योग स्थापना करने वाला मकान मालिक होगा।

मेष राशि :- यात्रा विवाद, मातृ कष्ट, व्यय तथा विरोध होगा, मानसिक कष्ट बनेगा|

वृष राशि :- धन व्यय, व्यापार मे प्रगति, शुभ कार्य होंगे, परिणाम अनुरुप ही रहेंगे|

मिथुन राशि :- यात्रा, शत्रु भय, प्रवेश विरोध, लाभ, हर्ष, गृह कार्य, व्यवस्था पूर्ण अवश्य ही बनेगी|

कर्क राशि :-यात्रा, शत्रु भय, प्रवेश विरोध, लाभ, हर्ष, गृह कार्य, व्यवस्था पूर्ण अवश्य ही बनेगी।

सिंह राशि :- यात्रा शुभ, भूमि, खेती लाभ हर्ष, दूषित वातावरण अवश्य ही होगा, ध्यान रखे।

कन्या राशि :- धन लाभ, नेत्र पीड़ा अवश्य होगी, यात्रा परेशानी युक्त होगी, ध्यान दें|

तुला राशि :- सुख सफलता निर्माण, कार्य प्रवास व राजकार्य में व्यवस्था से लाभ अवश्य ही होगा।

वृश्चिक राशि :- मानिसक तनाव अवश्य ही बढ़ेगा तथा स्वजनों की सहानुभूति अवश्य ही होगी।

धनु राशि :- व्यवसाय की उन्नति से आर्थिक विशेष सुधार हो विरोध कार्य होगा।

मकर राशि :- विलास सामग्री का संचय होगा, अधिकारी वर्ग की कृपा का लाभ अवश्य मिलेगा।

कुंभ राशि :- इष्ट मित्रों से अच्छा सहयोग मिले, उत्तम लाभ के योग अवश्य ही बनेंगे, ध्यान रखे|

मीन राशि :- गृह कलह, हीन मनोवृत्ति, शरीर पीड़ा तथा परदेश जाने की यात्रा अवश्य बनेगी।

# बिपाशा ने दी पिता को खास अंदाज में जन्मदिन की बधाई

अभिनेत्री बिपाशा बसु ने सोशल मीडिया पर एक भावुक वीडियो पोस्ट कर अपने पिता हीरक बसु को जन्मदिन की बधाई दी। वीडियो में परिवार के साथ बिताए कई यादगार पल शामिल हैं, जिसमें उनके पति करण सिंह ग्रोवर और बेटी देवी भी नजर आ रहे हैं। बिपाशा ने वीडियो के साथ लिखा, "दुनिया के बेस्ट पिता को जन्मदिन की शुभकामनाएं। आप हमेशा स्वस्थ, खुश और मजाकिया बने रहें। हम बहुत खुशकिस्मत हैं कि आप हमारे पापा हैं। देवी के सबसे पसंदीदा इंसान- ददुआ को हैप्पी बर्थडे अगेन।" वीडियो में छुट्टियों की तस्वीरें और दादू-पोती के प्यारे पल भी दिखाए गए हैं। बिपाशा का अपने पिता से गहरा और दोस्ताना रिश्ता है। उनके पिता हीरक बसु पेशे से सिविल इंजीनियर हैं, जबकि मां ममता हाउसवाइफ हैं। उनकी दो बहनें विदिशा और विजयेता हैं। बिपाशा ने अभिनेता करण सिंह ग्रोवर से 2016 में शादी की थी और 2022 में उनकी बेटी देवी का जन्म हुआ।

# ईशा और भरत फिर नजर आए साथ

ईशा देओल और भरत तख्तानी ने 29 जून 2012 को मुंबई में धूमधाम से शादी की थी। दोनों की शादी से दो बेटियां राध्या और मिराया हैं। लेकिन कई साल साथ रहने के बाद फरवरी 2024 में उन्होंने आपसी सहमति से अलग होने की घोषणा कर दी थी। इस खबर ने उनके फैंस को बड़ा झटका दिया था। अब एक बार फिर यह एक्स कपल साथ नजर आया है, जिससे उनके रिश्ते को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। हाल ही में ईशा और भरत ने एक पूजा में एक साथ हिस्सा लिया और स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और साध्वी भगवती सरस्वती जी का आशीर्वाद लिया। दोनों ने आश्रम में कुछ समय भी बिताया। पूजा के दौरान ईशा ने देवी मां को हार पहनाया और ट्रेडिशनल येलो आउटफिट में बेहद खूबसूरत दिखीं। वहीं भरत भी सफेद कपड़ों में डेशिंग नजर आए। ईशा के मुस्कुराते चेहरे और भरत के साथ उनकी सहज बातचीत ने सबका ध्यान खींचा और सवाल खड़े कर दिए कि क्या दोनों फिर से करीब आ रहे हैं। हालांकि इस मुलाकात को लेकर दोनों की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

# निकिता की जूड लॉ से मुलाकात

अभिनेत्री निकिता दत्ता इन दिनों छुट्टियां मना रही हैं और हाल ही में उनके साथ एक ऐसा खास पल जुड़ गया जो हर सिनेमा प्रेमी का सपना होता है। छुट्टियों के दौरान निकिता की मुलाकात उनके पसंदीदा हॉलीवुड अभिनेता जूड लॉ से हुई। इस खास मुलाकात की एक तस्वीर उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर साझा की और इसे अपना फैनगर्ल मोमेंट कहा। तस्वीर में निकिता और हॉलीवुड फिल्मों सरलॉक होम्स और द हॉलीडे फेम जूड लॉ मुस्कुराते नजर आए, जिसने उनके फैंस का दिल जीत लिया। हालांकि निकिता ने फोटो के कैप्शन में ज्यादा कुछ नहीं लिखा, लेकिन उनकी मुस्कान और चेहरे की खुशी ने साफ जता दिया कि अपने फेवरेट स्टार से मिलना कितना यादगार अनुभव रहा। निकिता की इस मुलाकात पर उनके प्रशंसक जमकर प्यार लुटा रहे हैं। हाल ही में निकिता दत्ता, सैफ अली खान और जयदीप अहलावत के साथ फिल्म ज्वेल थीफ में नजर आई थीं, जिसमें उनके संतुलित और असरदार अभिनय की काफी तारीफ हुई और उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई।

## पति की पुण्यतिथि पर भावुक हुईं मंदिरा

एक्ट्रेस मंदिरा बेदी ने अपने दिवंगत पति राज कौशल की पुण्यतिथि पर इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। 30 जून 2021 को हार्ट अटैक से राज कौशल का निधन हो गया था और आज उनकी चौथी बरसी पर मंदिरा ने उनके साथ एक तस्वीर शेयर की जिसमें दोनों मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ मंदिरा ने लिखा, "हमें छोड़े हुए आपको चार साल हो गए। हम आपको याद करते हैं।" मंदिरा ने पहले एक इंटरव्यू में कहा था कि वह अपने पति की पुण्यतिथि नहीं मनातीं क्योंकि वह दिन उनके लिए बेहद कड़वी यादें लेकर आता है। इसके बजाय वह राज के जन्मदिन को खुशी से मनाना पसंद करती हैं। मंदिरा ने कहा था, "उस मनहूस दिन को क्यों याद करना जो सिर्फ दर्द देता है।" मंदिरा और राज ने 1999 में शादी की थी।

# सावन शुरू होने से पहले घर में बदलावों से आती है सकारात्मक ऊर्जा




हिन्दू धर्म में श्रावण माह भगवान भोलेनाथ को समर्पित है ! श्रावण मास को अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण माना गया है ! भगवान शिव को समर्पित यह महीना भक्ति, तपस्या और श्रद्धा का प्रतीक होता है, लेकिन अगर घर में वास्तु दोष हो, तो व्यक्ति को न तो पूजा-पाठ का संपूर्ण फल मिलता है और न ही व्रत-उपवास का कोई प्रभाव दिखाई देता है ! ऐसे में सावन शुरू होने से पहले कुछ जरूरी बदलाव और साफ-सफाई करके घर को सकारात्मक ऊर्जा से भरना बेहद आवश्यक हो जाता है।


### सावन की शुरूआत

इस वर्ष श्रावण माह की शुरुआत 11 जुलाई 2025 से हो रही है और इसका समापन 9 अगस्त 2025 को होगा। इस पूरे महीने को शिव आराधना और व्रत के लिए अत्यंत फलदायी माना गया है। इस बार सावन में कुल चार सावन सोमवार पड़ेंगे।


सावन से पहले करें ये जरूर करे यह काम

सावन शुरू होने से पहले अपने घर की पूरी साफ-सफाई करें। विशेष रूप से पूजा स्थल की सफाई का ध्यान रखें। मंदिर में जमी धूल को साफ करें और वहां गंगाजल का छिड़काव करें। इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सकारात्मकता का संचार होता है।

कभी भी घर में बंद घड़ी नहीं रखनी चाहिए। बंद घड़ी नकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाती है जिससे समय खराब होने लगता है। ऐसे में अगर घड़ी बंद हो जाती है तो उसे सही करवा या फिर घर से बाहर कर दें। ऐसा करने से सुख समृद्धि और खुशहाली की प्राप्ति होती है।श्रावन माह शुरू होने से पहले फटी धार्मिक पुस्तकों को भी घर से बाहर कर देना चाहिए। इसलिए इस तरह की धार्मिक पुस्तकों को बहते जल में प्रवाहित कर दें या फिर पीपल के पेड़ के नीचे रख दें। अगर घर के मंदिर में या फिर किसी और जगह पर देवी देवता की खंडित मूर्ति रखी है। तो उसे सावन शुरू होने के पहले किसी पवित्र नदी में बहा दें. खंडित मूर्ति से शुभ फल प्राप्त नहीं होते और पूजा भी सफल नहीं होती। इसकी वजह से नकारात्मक ऊर्जा बढ़ जाती है।



# इस माह पड़ने वाले व्रत त्यौहार



सनातन धर्म में जुलाई माह में पड़ने वाले पर्व और त्योहार का काफी धार्मिक महत्व है। इस माह में सावन भी शुरू हो रहा है, जिसे बेहद पवित्र माह माना जा रहा है। जुलाई माह में पड़ने वाले पर्व और त्योहार और उनका धार्मिक महत्व

जुलाई माह में पड़ रहे पर्व और व्रत

3 जुलाई- इस दिन मासिक दुर्गाष्टमी मनाई जाएगी, जो गुप्त नवरात्रि के दृष्टि से बेहद खास है क्योंकि इस दिन तंत्र विद्या आदि के लिए शुभ दिन माना गया है।

6 जुलाई- देवशयनी एकादशी और गौरी व्रत है। साथ ही इसी दिन से चातुर्मास की भी शुरुआत हो रही है। चतुर्मास के दौरान कोई भी शुभ और मांगलिक कार्य नहीं किए जाएंगे।

7 जुलाई- देवशयनी एकादशी व्रत के लिए पारण का दिन है। इसी दिन पर वासुदेव द्वादशी भी मनाई जा रही है।

8 जुलाई- भौम प्रदोष व्रत है। इस दिन शाम के समय में भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने का विधान है।

9 जुलाई- आषाढ़ माह का चौमासी चौदस

10 जुलाई- इस दिन कोकिला व्रत, आषाढ़ पूर्णिमा (गुरु पूर्णिमा) का पर्व है, जो बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा।

11 जुलाई- इसी दिन पवित्र माह सावन की शुरुआत हो रही है।

14 जुलाई- इस दिन गजानन संकष्टी चतुर्थी है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा होती है।

15 जुलाई- मंगला गौरा व्रत

16 जुलाई- कर्क संक्रान्ति है।

17 जुलाई- कालाष्टमी और मासिक कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी।

20 जुलाई- मासिक कार्तिगाई है।

21 जुलाई- कामिका एकादशी और रोहिणी व्रत है।

22 जुलाई- कामिका एकादशी व्रत का पारण होगा। साथ ही इसी दिन भौम प्रदोष व्रत भी है।

23 जुलाई- मासिक शिवरात्रि है, इस दिन कावड़ यात्रा का जल चढ़ेगा।

24 जुलाई- हरियाली अमावस्या है।

27 जुलाई- हरियाली तीज है। इस व्रत को सुहागिन महिलाएं खुशहाल वैवाहिक जीवन के लिए करती हैं।

28 जुलाई- विनायक चतुर्थी है।

29 जुलाई- नाग पंचमी है।

30 जुलाई- कल्की जयन्ती और स्कन्द षष्ठी है।

31 जुलाई- तुलसीदास जयंती है।

# बिल्ली के रास्ता काटने से क्या होता है?

आप अपने गन्त्तव्य तक पहुँचने की ज़ल्दी में हैं। आप अपने कदम तेज़ी से आगे बढ़ा रहे हैं कि तभी अचानक से एक बिल्ली आती है और आपका रास्ता काट जाती है। ऐसे में आप क्या करेंगे ?

**शायद वही जो ज़्यादातर भारतीय ऐसे में करेंगे – थोड़ी देर रुक जायेंगे और किसी और के वहां से गुजरने का इंतज़ार करेंगे।**

प्राचीन काल से ही ऐसी मान्यता प्रचलित है कि अगर बिल्ली आपका रास्ता काट दे तो आपको कुछ देर रूक जाना चाहिए या उस रास्ते से नहीं गुजरना चाहिए, खासकर यदि काली बिल्ली आपका रास्ता काटे तो इसे बहुत अशुभ माना जाता है। हमारे परिजन भी हमेशा हमें बिल्ली द्वारा रास्ता काटने पर आगे न जाने की सलाह देते हैं। बिल्ली के रास्ता काटने को अशुभ का संकेत माना जाता है। यह मान्यता है कि बिल्ली अन्य जीवों की अपेक्षा अधिक संवेदनशील प्राणी है जो कि भविष्य में होने वाली घटनाओं को काफी सटीक और पहले ही भांप लेती है। उसके द्वारा रास्ता काटना एक चेतावनी माना जाता है जिसे समझकर हम दुर्घटनाओं से बच सकते हैं।



### वैज्ञानिक आधार

अनेक लोग इसे अंधविश्वास मानते हैं। हालांकि वैज्ञानिक तथ्य भी यह कहते हैं कि अनेक जीवों में प्रकृति की घटनाओं के घटित होने से पूर्व समझने की शक्ति होती है। यह भी देखा गया है कि बड़ी-बड़ी घटनाओं के पहले अनेक जानवरों के व्यवहार में अचानक परिवर्तन आ जाता है। जब जापान में सुनामी आई थी तब उसके ठीक पहले तटीय क्षेत्रों के पालतू जीवों के व्यवहार में स्पष्ट परिवर्तन देखने को मिला था। बिल्कुल उसी तरह बिल्ली के व्यवहार को भी कुछ लोग सही मानते हैं और बिल्ली के रास्ता काटने के बाद कुछ देर रूक कर आगे बढ़ने को कहते हैं, जिससे भावी दुर्घटनाओं की आशंका टाली जा सके।

### सावधानी ही सुरक्षा

वर्तमान युग में इस बात पर यकीन करना मुश्किल है लेकिन न केवल भारत में बल्कि प्राचीन यूनान, मिस्र आदि अनेक देशों में भी बिल्ली के रास्ता काटने को अशुभ माना जाता है। यूरोप और अमेरिका में भी बिल्ली के रास्ता काटने को अशुभ मानते हैं जबकि जापान में बिलकुल इसके उलट है। जापान में बिल्ली के रास्ता काटने को अच्छा समझा जाता है। वहीं ऐसे लोगों की भी कमी नहीं जो बिल्ली के रास्ता काटने को केवल एक अंधविश्वास मात्र समझते हैं। इसलिए इस तरह की बातों को मानना या नहीं मानना पूरी तरह व्यक्ति विशेष पर निर्भर करता है।

# एसबीआई ने आरकॉम के लोन को बताया फ्रॉड!

मुंबई (ईएमएस)। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने दूरसंचार कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) के लोन खाते को धोखाधड़ी करार दिया है। साथ ही बैंक ने कंपनी के पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम भारतीय रिजर्व बैंक को रिपोर्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह जानकारी रिलायंस कम्युनिकेशंस ने हाल ही में एक नियामकीय फाइलिंग के जरिए दी। एक रिपोर्ट के अनुसार 23 जून 2025 को भेजे गए एक पत्र में एसबीआइ ने कहा कि उसकी फ्रॉड आइडेंटिफिकेशन कमेटी ने आरकॉम के खाते को फ्रॉड घोषित करने का निर्णय लिया है। एसबीआइ ने यह फैसला रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड और अन्य समूह कंपनियों के जरिए संभावित फंड डायवर्जन और लोन शर्तों के उल्लंघन के आधार पर लिया है।

## विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों का अधिग्रहण करेगी एनएमडीसीः सीएमडी

नई दिल्ली (ईएमएस)। सार्वजनिक क्षेत्र की लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों के अधिग्रहण करने के बारे में विचार कर रही है। कंपनी के एक प्रमुख अधिकारी ने कहा कि इससे कंपनी की उपस्थिति मजबूत होगी। एंटीमनी, लिथियम, कोबाल्ट, तांबा जैसे महत्वपूर्ण खनिज सौर पैनल, पवन चक्की, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और ऊर्जा भंडारण प्रणालियों जैसी स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के लिए जरूरी हैं। भारत ने उनकी दीर्घकालिक उपलब्धता और प्रसंस्करण सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन (एनसीएमएम) शुरू किया है। उन्होंने कहा कि खनिज विविधीकरण रणनीति के तहत, एनएमडीसी वैश्विक स्तर पर 10 रणनीतिक खनिज परिसंपत्तियों में अधिग्रहण के अवसरों का सक्रिय रूप से मूल्यांकन कर रही है। एनएमडीसी वैश्विक महत्वपूर्ण खनिज मूल्य श्रृंखला में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अमेरिका में महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक अधिग्रहण की संभावनाएं तलाश रही है। दुबई में एनएमडीसी कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर उन्होंने कहा कि यह शहर वैश्विक अवसरों का प्रवेश द्वार है और नया कार्यालय, कंपनी के खनन परिदृश्य को दोबारा परिभाषित करने के लिए तैयार है। केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने हाल ही में दुबई में एनएमडीसी कार्यालय का उद्घाटन किया।

## यूरो के मुकाबले रुपये में रिकॉर्ड गिरावट

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय मुद्रा रुपये में यूरो के मुकाबले जोरदार गिरावट दर्ज हुई है। 1 जुलाई 2025 को एक यूरो की विनिमय दर 100.70 रूपये पर पहुंच गई है। जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 89.60 रूपये थी। यानी एक वर्ष में 11.10 रूपये की गिरावट के साथ रुपये का 12.5% से अधिक अवमूल्यन हुआ है। इस गिरावट को भारतीय मुद्रा की बाहरी विनिमय नीतियों और यूरो की मजबूती के रूप में देखा जा रहा है। डॉलर के मुकाबले रुपया मात्र 2.3 रूपये कमजोर हुआ है। वही यूरो मुद्रा के मुकाबले भारतीय मुद्रा 12.5 फ़ीसदी गिर गई है। जिसका भारत पर बहुत बड़ा असर होने जा रहा है। डॉलर की ओर भारत सरकार और रिजर्व बैंक अत्यधिक केंद्रित दृष्टिकोण पर सवाल उठने लगे हैं। आर्थिक विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक व्यापार का लगभग 25% भारतीय आयात एवं निर्यात व्यापार यूरो में होता है।जबकि डॉलर में 55% कारोबार होता है। भारत का वर्तमान मे व्यापारिक संतुलन यूरोप की ओर है, जिससे यूरो के प्रति रुपये की कमजोरी देश की आयात लागत पर प्रभाव होगा। जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए काफी नुकसानदेह है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है, डॉलर के साथ-साथ अन्य प्रमुख मुद्राओं पर भी सरकार और रिजर्व बैंक को सतर्क निगरानी रखने की आवश्यकता है। यही प्रवृत्ति बनी रही, तो मुद्रास्फीति, विदेशी निवेश और व्यापार घाटे पर गहरा असर होना तय है। जिसका बहुत बड़ा असर भारतीय अर्थव्यवस्था और महंगाई के रूप में भारत में पड़ेगा।

## संभव स्टील ट्यूब्स का शेयर 34 प्रतिशत बढ़कर सूचीबद्ध हुआ

नई दिल्ली (ईएमएस)। संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड का शेयर बुधवार को 82 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 34 प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर कंपनी के शेयर ने निर्गम मूल्य के मुकाबले 34.26 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 110.10 रुपये पर अपनी शुरुआत की। इसके बाद यह 35.23 प्रतिशत बढ़कर 110.89 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर संभव स्टील का शेयर 34.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 110 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 2,966.75 करोड़ रुपये रहा। संभव स्टील के 540 करोड़ रुपये के आईपीओ को पिछले सप्ताह शुक्रवार को बोली के अंतिम दिन तक 28.46 गुना अभिदान मिला। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 77-82 रुपये प्रति शेयर था। आईपीओ में 440 करोड़ रुपये मूल्य के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम और प्रवर्तकों द्वारा 100 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

## कीस्टोन रियल्टर्स मुंबई में आठ आवासीय परियोजनाओं का करेगी पुनर्विकास

मुंबई (ईएमएस)। रियल एस्टेट कंपनी कीस्टोन रियल्टर्स लिमिटेड ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे मुंबई के अंधेरी पश्चिम के अत्यधिक मांग वाले आवासीय क्षेत्र में बड़े पैमाने पर क्लस्टर पुनर्विकास परियोजना के लिए डेवलपर के रूप में आठ आवासीय सोसायटियों द्वारा चुना गया है। पांच सोसायटियों के साथ विकास समझौते (डीए) पर पहले ही हस्ताक्षर हो चुके हैं, जबकि शेष तीन सोसायटियों से एलओआई (आशय पत्र) प्राप्त हो चुके हैं तथा डीए पर अगले कुछ दिनों में हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। कंपनी ने कहा कि इस परियोजना में अंधेरी के जीवंत आवासीय केंद्र के मध्य में स्थित निजी आवास सोसायटियों के समूह का पुनर्विकास शामिल है, जिसमें कुल मिलाकर लगभग 4.75 एकड़ भूखंड होगा, जिसमें 548 मौजूदा सदस्य शामिल होंगे।

प्रस्तावित पुनर्विकास से लगभग 10.6 लाख वर्ग फुट बिक्री योग्य क्षेत्र उपलब्ध होने तथा लगभग 3,000 करोड़ रुपये का सकल विकास मूल्य (जीडीवी) उत्पन्न होने की उम्मीद है।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

### सेंसेक्स 288 और निफ्टी 88 अंक गिरा




मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 287.60 अंक नीचे आकर 83,409.69 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 88 अंक टूटकर 25,453.40 अंकों पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान बैंकिंग और वित्तीय शेयरों में विशेष रुप से गिरावट रही। वहीं गत दिवस बाजार हल्की बढ़त पर बंद हुआ था। आज सेंसेक्स की 30 में से सिर्फ 14 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ ऊपर आकर बंद हुए, वहीं अन्य सभी 16 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ ही नीचे आये। इसी तरह, निफ्टी की 22 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ ऊपर आकर बंद हुए जबकि 28 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ ही नीचे आये। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल टाटा स्टील के शेयर सबसे ज्यादा 3.72 फीसदी बढ़कर बंद हुए जबकि बजाज फिनसर्व के शेयरों में भी सबसे ज्यादा 2.10 फीसदी की गिरावट रही। सेंसेक्स की बाकियों कंपनियों में आज , अल्ट्राटेक सीमेंट 1.60 फीसदी, ट्रेंट 1.43 फीसदी, मारुति सुजुकी 1.38 फीसदी, सनफार्मा 0.77 फीसदी, टाटा मोटर्स 0.65 फीसदी, भारती एयरटेल 0.53 फीसदी, टेक महिंद्रा 0.48 फीसदी, एनटीपीसी 0.30 फीसदी, टाइटन 0.14 फीसदी, एक्सिस बैंक 0.14 फीसदी और इंफोसिस के शेयर 0.11 फीसदी, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.38 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुए।वहीं लार्सन एंड टुब्रो के शेयर 1.89 फीसदी, बजाज फाइनेंस 1.48 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 1.30 फीसदी, बीईएल 1.23 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक 0.94 फीसदी, पावरग्रिड 0.94 फीसदी, एसबीआई 0.86 फीसदी, रिलायंस 0.66 फीसदी, आईटीसी 0.55 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.36 फीसदी, अडाणी पोर्ट्स 0.28 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 0.27 फीसदी, एचसीएल टेक 0.19 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में आईटी और ऑटो सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सेंसेक्स 225.5 अंक बढ़कर 83,922.79 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 58.75 अंक बढ़कर 25,600.55 पर कारोबार कर रहा था। वहीं एशियाई बाजारों में बैंकॉक, चीन, जापान, सोल और जकार्ता गिरावट के साथ ही लाल निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि केवल हांगकांग हरे निशान में कारोबार कर रहा था। पिछले कारोबारी सत्र में अमेरिका में डाउ जोंस 400.17 अंक की बढ़त के साथ 44,494.94 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 6.90 अंक की गिरावट के साथ 6,198.05 पर बंद हुआ और नैस्डैक 166.85 अंक की गिरावट के साथ 20,202.89 पर बंद हुआ।

## कौन हैं सत्यनारायण नुवाल......जिन्होंने मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी जैसे दिग्गजों को पछाड़ दिया

मुंबई,(ईएमएस)। 2025 की पहली छमाही में बाजार की स्पष्ट अस्थिरता के बावजूद, कई भारतीय अरबपतियों की संपत्ति में भारी बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, विदेशी और खुदरा निवेशक बड़े पैमाने पर किनारे पर रहे, और म्यूचुअल फंड ने भू-राजनीतिक तनाव और उच्च मूल्य इक्विटी बाजारों के बीच उच्च नकदी स्तर को बरकरार रखा। लेकिन इस दौरान एक अरबपति हैं जिन्होंने मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी जैसे दिग्गजों को पछाड़ दिया। दरअसल हम बात कर रहे हैं सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया के सह-संस्थापक और अध्यक्ष सत्यनारायण नुवाल की। चालू वर्ष के पहले छमाही में नुवाल की नेटवर्थ में 78 प्रतिशत से अधिक का इजाफा हुआ है, जिससे उनकी कुल संपत्ति 7.90 बिलियन डॉलर हो गई है। इस मामले में मुकेश अंबानी (110.5 बिलियन डॉलर, 21.9 प्रतिशत वृद्धि) और गौतम अडाणी (85.4 बिलियन डॉलर, 8.5 प्रतिशत वृद्धि) काफी पीछे रहे। नुवाल की कंपनी मुख्य रूप से एम्यूनिशन, डेटोनेटर और एक्सप्लोसिव बनाती है। नागपुर मुख्यालय वाली सोलर इंडस्ट्रीज के पास करीब 17,000 करोड़ की मजबूत ऑर्डर बुक है, जिसमें 15,000 करोड़ के रक्षा ऑर्डर शामिल हैं, इसके बाद निवेशकों का विश्वास कंपनी पर काफी बढ़ाया है। कंपनी ने वित्त वर्ष



2026 में 100 बिलियन के राजस्व का अनुमान लगाया है, जो वित्त वर्ष 2025 की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। इसमें रक्षा क्षेत्र से 30 बिलियन की वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी के अनुसार, एक्सप्लोसिव सेगमेंट में 15 से 20 प्रतिशत की ग्रोथ होने का अनुमान है। 2024 में 45 प्रतिशत और 2023 में 54 प्रतिशत की वृद्धि के बाद, 2025 में कंपनी के शेयर में 81 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। यह प्रदर्शन सत्यनारायण नुवाल को मौजूदा साल के पहले हाफ में सबसे अधिक नेटवर्थ वृद्धि वाले अरबपतियों में शीर्ष पर रखता है।

| अरबपति | कुल नेटवर्थ | प्रतिशत में |
|---|---|---|
| सत्यनारायण नुवाल | 7.9 | 78.4 |
| सुनील मित्तल | 30.4 | 27.3 |
| लक्ष्मी मित्तल | 24.8 | 26.1 |
| राहुल भाटिया | 10.8 | 24.9 |
| मुकेश अंबानी | 110.5 | 21.9 |
| राधाकिशन दमानी | 19.8 | 21.1 |
| बेनु बांगर | 8.5 | 20.5 |
| उदय कोटक | 16.8 | 20.1 |
| विक्रम लाल | 10.2 | 16.0 |
| गौतम अडाणी | 85.4 | 8.5 |

## अमेरिकी ऊर्जा सचिव से ऊर्जा साझेदारी के अवसरों पर हुई चर्चाः जयशंकर

वाशिंगटन (ईएमएस)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी ऊर्जा सचिव क्रिस राइट से मुलाकात की और गहरी द्विपक्षीय ऊर्जा साझेदारी के अवसरों पर चर्चा की। जयशंकर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के निमंत्रण पर आधिकारिक यात्रा पर अमेरिका में हैं। जयशंकर ने बैठक के बाद सोशल मीडिया मंच पर कहा, आज वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी ऊर्जा सचिव क्रिस राइट के साथ एक उपयोगी बातचीत हुई। भारत में चल रहे ऊर्जा परिवर्तन के बारे में बात की और भारत-अमेरिका ऊर्जा साझेदारी को और मजबूत बनाने के अवसरों के बारे में भी बात की। इससे पहले जयशंकर ने रुबियो से मुलाकात कर द्विपक्षीय साझेदारी पर चर्चा की तथा क्षेत्रीय और वैश्विक गतिविधियों पर अपने विचार साझा किए।

## आईपीओ के बाद भी एचडीबी फाइनेंशियल को जारी रहेगा समर्थनः सीईओ

मुंबई (ईएमएस)। एचडीएफसी बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शशिधर जगदीशन ने बुधवार को कहा कि बैंक अपनी अनुषंगी कंपनी एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज को शेयर बाजार पर सूचीबद्ध होने के बाद भी समर्थन देना जारी रखेगा। एचडीबी फाइनेंशियल के 12,500 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम को एक कठिन लेनदेन बताते हुए कहा कि यह एचडीएफसी बैंक द्वारा प्रवर्तित गैर बैंकिंग वित्त कंपनी (एनबीएफसी) के लिए ऐतिहासिक दिन है। एचडीबी का शेयर बुधवार को शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुआ। सूचीबद्धता से पहले जगदीशन ने कहा कि आईपीओ कंपनी को अपने वृद्धि पथ को तेज करने के लिए स्वतंत्र पूंजी और दृश्यता प्रदान करेगा। हम एचडीबी का समर्थन करना जारी रखेंगे क्योंकि यह सार्वजनिक बाजार के अवसरों और चुनौतियों का सामना करता है। एचडीबी देश में कम सेवा वाले ऋण खंडों द्वारा अवसर का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है, जो एक बड़ा रनवे देता है। ऐसा करने के लिए कंपनी के पास मजबूत बुनियादी बातें हैं।

# सोना 97,200 रुपए प्रति दस ग्राम चांदी 1,06,600 रुपए के करीब

नई दिल्ली (ईएमएस)। सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में सुस्ती देखने को मिल रही है। बुधवार के कारोबार में घरेलू बाजार में दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। इस समय घरेलू बाजार में सोने के भाव 97,200 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,06,600 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। लेकिन बाद में भाव लुढ़क गए। चांदी गिरावट के साथ ही खुली। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 9 रुपये की गिरावट के साथ 97,242 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 97,251 रुपये था। इस समय यह 64 रुपये की गिरावट के साथ 97,187 रुपये के भाव पर



कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 97,242 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 97,157 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रेक्ट 29 रुपये की गिरावट के साथ 1,06,684 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,06,713 रुपये था। इस समय यह 96 रुपये की गिरावट के साथ 1,06,617 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,0,6,690 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,0,6,617 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स पर सोना 3,350 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,349.80 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 1.10 डॉलर की गिरावट के साथ 3,348.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 36.08 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 36.23 डॉलर था। इस समय यह 0.04 डॉलर की गिरावट के साथ 36.19 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## पंजाब नेशनल बैंक में मिनिमम बैलेंस की अनिवार्यता खत्म

नई दिल्ली (ईएमएस)। निजी क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक ने मिनिमम बैलेंस की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। पंजाब नेशनल बैंक ने कहा है कि अब मिनिमम बैलेंस नहीं होने पर ग्राहकों से पेनल्टी नहीं वसूली जाएगी। पीएनबी का उद्देश्य है कि इस नियम को ख़त्म करते हुए ज्यादा से ज्यादा महिलाओं और कम आय वाले लोगों को भी बैंक से जोड़ा जा सके। इस बारें में बैंक प्रबंधन का कहना है कि इससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलेगा। यानी ज्यादा से ज्यादा लोग बैंकिंग सेवाओं से जुड़ेंगे। इससे ग्राहकों को भी फायदा होगा। अब उन्हें अपने खातों में न्यूनतम बैलेंस बनाए रखने की फ़िक्र नहीं रहेगी। पंजाब नेशनल बैंक का कहना है कि यह निर्णय महिलाओं, किसानों और न्यून आय वाले परिवारों को ध्यान में रखकर लिया गया है। इन लोगों को बैंकिंग सेवाओं का इस्तेमाल करने में आसानी होगी।

## आरबीआई ने कहा- वैध हैं 2000 के नोट लेन-देन में कर सकते हैं उपयोग

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने स्पष्ट किया है कि 2000 के नोट अभी भी लीगल टेंडर हैं यानी आप इनका उपयोग खरीदारी या भुगतान के लिए कर सकते हैं। हालांकि, इन्हें धीरे-धीरे सिस्टम से हटाने की प्रक्रिया जारी है। हालांकि बैंकों में 2000 के नोट बदलवाने की सुविधा 7 अक्टूबर 2023 को समाप्त हो गई थी, लेकिन आरबीआई के 19 इश्यू ऑफिस अब भी यह सेवा दे रहे हैं। लोग वहां जाकर अपने नोट जमा कर सकते हैं या उन्हें बदल सकते हैं। अगर आप आरबीआई के ऑफिस तक नहीं जा सकते, तो भारतीय डाक सेवा के जरिए भी नोट भेजे जा सकते हैं। डाकघर से नोट आरबीआई को भेजने पर वह राशि आपके बैंक खाते में जमा कर दी जाती है। यह सुविधा विशेष रूप से दूरदराज इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। आरबीआई का कहना है कि 2000 का नोट एक तत्काल समाधान था, जो 2016 की नोटबंदी के बाद नकदी की कमी को दूर करने के लिए पेश किया गया था।

# एसबीआई की बैलेंस शीट का आकार 175 देशों की जीडीपी से अधिक




नई दिल्ली (ईएमएस)। देश के प्रमुख बैंकों में से एक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने कहा कि वर्तमान में उसका वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 1.1 प्रतिशत और भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 16 प्रतिशत योगदान है। एसबीआई की बैलेंस शीट का आकार 175 देशों की जीडीपी से भी अधिक है। बैंक ने बताया कि सभी सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के कार्यान्वयन में अब बैंक की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत से अधिक हो गई है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) में एसबीआई ने 15 करोड़ खाते खोले हैं, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के तहत 14.6 करोड़ लोगों का पंजीकरण किया है। वहीं, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के तहत 6.7 करोड़ और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) में 1.73 करोड़ लोगों को नामांकित किया है। एसबीआई के मुताबिक वित्त वर्ष 2025 में बैंक का सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के लाभ में 40 प्रतिशत की हिस्सेदारी थी। वहीं कॉर्पोरेट आयकर (वित्त वर्ष 2026) में 2.53 प्रतिशत का योगदान था। बैंक ने कहा कि अगर एसबीआई देश होता तो 52 करोड़ से ज्यादा ग्राहकों के साथ अमेरिका की आबादी से भी बड़ा और पृथ्वी पर तीसरा सबसे ज्यादा आबादी वाला देश होता। देश के सबसे बड़े वित्तीय संस्थान की बैलेंस शीट अपने संचालन के 70वें वर्ष में 66 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। एसबीआई योनो ऐप पर ग्राहकों के पंजीकरण की संख्या 8.8 करोड़ तक पहुंच गई है और यह संख्या बढ़ती जा रही है। एसबीआई के 70 साल पूरा होने पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंक को बधाई देते हुए कहा कि 23,000 से अधिक ब्रांच, 78,000 कस्टमर सर्विस पॉइंट्स (सीएसपी) और 64,000 एटीएम के साथ आज एसबीआई की स्थिति बहुत अच्छी है और यह वास्तव में हर भारतीय का बैंक है।

## भारत इंटरनेशनल फाइनेंशियल आर्किटेक्चर में सुधारों का समर्थन करता हैः वित्त मंत्री

### इंटरनेशनल फाइनेंशियल आर्किटेक्चर में सुधारों से समावेशिता और समानता को मिलेगा बढ़ावा



सेविले (ईएमएस)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत समावेशिता और समानता को बढ़ाने के लिए मल्टीलेटेरल डेवलपमेंट बैंक (एमडीबी) सुधारों और निष्पक्ष क्रेडिट रेटिंग सिस्टम सहित इंटरनेशनल फाइनेंशियल आर्किटेक्चर में सुधारों का समर्थन करता है। वित्त मंत्री सीतारमण ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोजित फाइनेंसिंग फॉर डेवलपमेंट की चौथी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के दौरान तीसरी बैठक में कहा कि एमडीबी लेंडिंग दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों के साथ जोड़ा जाना चाहिए। साथ ही इसे मजबूत निगरानी फ्रेमवर्क में लाना सुनिश्चित करना चाहिए ताकि फंड का सही इस्तेमाल हो सके। उन्होंने कहा कि हम टैक्स सिस्टम को आधुनिक बनाने और अवैध वित्तीय प्रवाह को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग का समर्थन करते हैं। भारत के व्यापक कर सुधारों और कर प्रशासन में डिजिटल परिवर्तन ने राजस्व में वृद्धि की है और अनुपालन लागत को कम किया है। हमारा मानना है कि विनियमन इनोवेशन और स्थिरता को बढ़ावा देता है।

भारतीय वित्तीय प्रणाली खासकर एमएसएमई के लिए आसान ऋण और कम अनुपालन लागत के माध्यम से समावेशिता को बढ़ावा देती है। हमने इंफ्रास्ट्रक्चर में स्टार्ट-अप और पीपीपी के लिए एक गतिशील इकोसिस्टम विकसित किया है। उन्होंने कहा कि लक्षित नीतिगत हस्तक्षेपों के माध्यम से हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है और समावेशी डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाया है। हम साउथ-साउथ और त्रिकोणीय सहयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एफएफडी बैठकों के दौरान यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक (ईआईबी) की अध्यक्ष नादिया कैल्विनो से मुलाकात की। बैठक के दौरान, कई मुद्दों पर चर्चा की गई, जिसमें भारत में ईआईबी के विस्तारित पोर्टफोलियो - सात मेट्रो परियोजनाएं और एक शहरी रेल परियोजना, जल और स्वच्छता जैसे अन्य क्षेत्रों में विविधता लाने जैसे मुद्दे शामिल थे।

# सीसीआईए यूरोप ने यूरोपीय संघ से एआई अधिनियम को रोकने का आग्रह किया

वाशिंगटन, (ईएमएस)। टेक लॉबिंग समूह सीसीआईए यूरोप, जो अल्फाबेट, मेटा और एप्पल जैसी बड़ी कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है, ने यूरोपीय संघ (ईयू) से एआई अधिनियम की शुरुआत को रोकने का अनुरोध किया है। समूह ने चिंता जाहिर की है कि वर्तमान गति से एआई अधिनियम का कार्यान्वयन नवाचार को रोक सकता है और यूरोप के व्यापक एआई लक्ष्यों को कमजोर कर सकता है। एआई अधिनियम यूरोप की व्यापक विधायी रूपरेखा है, जिसका उद्देश्य विकसित हो रही एआई प्रौद्योगिकियों को विनियमित करना है, जिससे अधिकारों की सुरक्षा और नवाचार के प्रचार के बीच संतुलन बनाया जा सके। यह आधिकारिक तौर पर जून 2024 में लागू हुआ, जिसे वैश्विक एआई नियमों में एक बड़ा मील का पत्थर माना जाता है। हालांकि,



जबकि यह अधिनियम अब कानूनी रूप से बाध्यकारी है, कुछ प्रमुख प्रावधान विशेषकर सामान्य प्रयोजन एआई (जीपीएआई) मॉडल से संबंधित 2 अगस्त 2025 को लागू होने वाले हैं। इस समयसीमा के बावजूद, जीपीएआई से संबंधित दिशानिर्देश के कुछ हिस्सों में देरी हो रही है, जिससे हितधारकों के बीच और चिंताएँ उत्पन्न हुई हैं।सीसीआईए यूरोप के उपाध्यक्ष, डैनियल फ्राइडलेंडर ने संगठन की स्थिति पर जोर देकर कहा कि पूर्ण रूप से कानून को तत्काल रोका जाए। उनका तर्क है कि पर्याप्त स्पष्टता और तैयारी के बिना आगे बढ़ना नवाचार को रोक सकता है और अंततः यूरोप की एआई विकास में प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति को कमजोर कर सकता है। विरोध में स्वीडिश प्रधानमंत्री ऊल्फ क्रिस्टर्सन ने एआई अधिनियम के नियमों को भ्रमित करने वाला कहा, जिससे राजनीतिक नेतृत्व के बीच बढ़ती आशंकाओं का संकेत मिलता है कि यह नियमावली जटिल और समय-सुथरी है। चिंता न केवल राजनीतिक और कॉर्पोरेट क्षेत्र तक सीमित है।ईयू अधिकारी अपने संकल्प को दोहराते हुए कहते हैं कि वे एआई अधिनियम को व्यापक रूप से लागू करते हुए नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वे इस बात पर जोर देते हैं कि एक नीतिगत ढांचा स्थापित करना आवश्यक है जो नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करे और तकनीकी प्रगति में आवश्यक बाधा न बने। हालांकि, आलोचक तर्क देते हैं कि नियमों में अनिश्चितता और आंशिक देरी से अस्पष्टता पैदा हो रही है, जो यूरोपीय टेक इकोसिस्टम को नुकसान पहुंचा सकती है, जिससे यह निवेश और नवाचार के लिहाज से कम आकर्षक हो जायेगा, विशेषकर अमेरिका और चीन जैसे क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले, जहां नियामक दृष्टिकोण अधिक लचीले और प्रौद्योगिकीय परिवर्तनों के अनुकूल होते हैं।

# पूर्व पीएम इमरान की बहन का बड़ा आरोप, सेना प्रमुख मुनीर उन्हें जेल के अंदर मरवाना चाहते

लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खान ने एक सनसनीखेज दावा कर पड़ोसी मुल्क में हलचल मचा दी है। दरअसल इमरान की बहन ने दावा किया है कि जेल के अंदर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख की हत्या की साजिश हो रही है। मीडिया से बात करते हुए अलीमा ने कई विस्फोटक आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि इमरान को व्यवस्थित रूप से अलग-थलग किया जा रहा है, उनके बुनियादी अधिकारों को नकारा जा रहा है, और पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर की योजना के तहत इमरान को निशाना बनाया जा रहा है।अलीमा ने इमरान की जमानत याचिकाओं को जानबूझकर टालने पर गहरी चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि उनके भाई को बिना किसी उचित सुनवाई या राहत के अनिश्चित काल तक जेल में रखने के लिए कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग हो रहा है। उनके अनुसार, इमरान को वे बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं, जो



आम कैदियों को जेल के अंदर मिलती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि परिवार के सदस्यों और वकीलों को भी जेल में जाने से रोका जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अलीमा और उनकी बहन उज्मा खान ने फिर से रावलपिंडी की अदियाला जेल का दौरा किया, लेकिन उन्हें इमरान खान से मिलने की अनुमति नहीं दी गई, जिससे उनकी स्थिति और सुरक्षा को लेकर और भी आशंकाएं बढ़ गई हैं। अलीमा खान ने आरोप लगाया कि सेना प्रमुख मुनीर ने पाकिस्तान में अघोषित मार्शल लॉ लागू किया है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका अब स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर रही है, बल्कि सेना के दबाव में काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि इमरान खान को राजनीतिक रूप से खत्म करने की सोची समझी साजिश हो रही है और यहां तक कि जेल में यातना भी दी जा रही है। उन्होंने दावा किया कि हालांकि जेल की कोठरी में पंखा और कूलर उपलब्ध कराने के लिए अदालती आदेश जारी हुए थे, लेकिन बिजली की आपूर्ति जानबूझकर काट दी गई थी। इसके अलावा, डॉक्टरों और वकीलों को उनसे मिलने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

अलीमा खान ने यह कहते हुए डर व्यक्त किया कि उन्हें डर है कि किसी भी समय जेल से बुरी खबर आ सकती है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### युद्ध के बीच यूक्रेन को अमेरिका ने दिया करारा झटकाः हथियारों की सप्लाई रोकी, भंडार में कमी का दिया हवाला

वाशिंगटन(ईएमएस)। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच अमेरिका ने यूक्रेन को दिए जाने वाले कुछ हथियारों की आपूर्ति अस्थायी तौर पर रोक दी है, जिससे कीव को बड़ा रणनीतिक झटका लगा है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने यह निर्णय हथियारों के घटते भंडार और नई प्रशासनिक प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए लिया है।अधिकारियों के अनुसार, अमेरिका की आंतरिक समीक्षा में यह पाया गया कि कुछ प्रमुख हथियार प्रणालियों का भंडार जोखिमपूर्ण स्तर तक कम हो चुका है। इस स्थिति को देखते हुए पेंटागन ने यूक्रेन को हथियार भेजने की योजना पर रोक लगा दी है। वहीं व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एना केली ने एक बयान में कहा है, कि हमने दुनिया भर में दी जा रही सैन्य सहायता की समीक्षा की है। यह निर्णय अमेरिका के दीर्घकालिक सामरिक हितों और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए लिया गया है। उन्होंने आगे कहा, कि अमेरिका की सैन्य शक्ति पर कोई संदेह नहीं कर सकता — ईरान से पूछिए। यह टिप्पणी हाल ही में ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी मिसाइल हमलों की पृष्ठभूमि में आई है, जो ट्रंप प्रशासन की आक्रामक विदेश नीति का संकेत मानी जा रही है।हालांकि अमेरिका ने यह स्पष्ट नहीं किया कि कौन से हथियारों की आपूर्ति रोकी गई है, लेकिन पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने आश्वस्त किया कि, अमेरिकी सेना पहले से कहीं अधिक तैयार और सक्षम है। हम अपने रक्षा भंडार का आधुनिकीकरण कर रहे हैं ताकि आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।रूस के हमलों से जूझ रहे यूक्रेन के लिए यह झटका ऐसे समय में आया है जबकि उसे पश्चिमी हथियारों और गोला-बारूद की तत्काल आवश्यकता है। अमेरिका द्वारा की गई यह कटौती जमीनी लड़ाई पर असर डाल सकती है, खासकर तब जबकि रूस की तरफ से सैन्य दबाव लगातार बढ़ रहा है।

### कैंसर ने ली एक और जान, 23 की उम्र में मशहूर सिंगर का निधन

लंदन,(ईएमएस)। मशहूर सिंगर जेह्युन उर्फ शिम जेह्युन का 23 साल की उम्र में निधन हुआ है। जेह्यु लंबे समय से ल्यूकेमिया नाम के कैंसर से जूझ रहे थे हालांकि सिंगर की इस बीमारी का किसी को पता नहीं था। उनके निधन की जानकारी उनके दोस्त बैंडमेट होजुन ने दी। इसके बाद से उनके फैंस और करीबी दोस्त उनकी फोटो शेयर कर भावभीनी श्रद्धांजलि दे रहे हैं। किसी को यकीन ही नहीं हो पा रहा है कि इतनी छोटी उम्र में जेह्युन दुनिया छोड़कर चले जाएंगे।जेह्युन के करीबी दोस्त होजुन ने कहा कि मैंने बहुत देर बाद ये खबर सुनी। मुझे पछतावा है कि आपकी अंतिम यात्रा में शामिल नहीं हो पाया। कभी-कभी सोचता हूं कि मैं कुछ ठीक कर पाता। आपके जाने से काफी दुखी हूं। पिछले पांच साल में आपने मेरे लिए जो भी किया उसके लिए तहे दिल से शुक्रिया। जेह्युन साल 2020 में पॉप ग्रुप शामिल हुए थे। इसमें वे पांच सदस्यों में से एक थे।

### सीजफायर की शर्तों पर इजराइल ने जताई सहमति, हमास भी करें हस्ताक्षरः ट्रंप

ह्यूस्टन,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास से 60 दिन के संघर्ष विराम प्रस्ताव को स्वीकार करने की अपील की है। ट्रंप ने कहा कि इस प्रस्ताव की जरूरी शर्तों पर इजराइल ने भी सहमति जताई है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा- मुझे उम्मीद है कि मिडिल ईस्ट की भलाई के लिए हमास इस समझौते पर हस्ताक्षर करेगा। इस दौरान हम युद्ध को समाप्त करने के लिए सभी पक्षों के साथ मिलकर काम करेंगे।उन्होंने कहा कि मेरे प्रतिनिधियों ने गाजा पर इजराइल के साथ लंबी बातचीत की। इसके साथ ही ट्रंप ने बताया कि कतर और मिस्र अंतिम प्रस्ताव पेश करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक नए प्रस्ताव में हमास की कुछ चिंताओं को दूर करने की कोशिश की गई है। सीजफायर के दौरान फिलिस्तीनी कैदियों के बदले इजराइली बंधकों को रिहा किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पिछले सप्ताह ट्रंप ने उम्मीद जताई थी कि अगले एक सप्ताह में गाजा में सीजफायर हो सकता है, लेकिन उस समय उन्होंने और ज्यादा जानकारी नहीं दी थी।इससे पहले मंगलवार को ट्रंप ने कहा था कि वह ईरान और गाजा के मुद्दे पर अगले सोमवार को व्हाइट हाउस में नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे। ट्रंप ने जनवरी 2025 में अपने दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली थी। इसके बाद से यह नेतन्याहू का तीसरा व्हाइट हाउस दौरा होगा। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा था कि ईरान पर इजराइल के हमलों के बाद अब इजराइल-हमास संघर्ष को खत्म करना ट्रंप की प्राथमिकता है।

### गाजा में इजराइल युद्धविराम को तैयार ट्रंप बोले- विवाद को करेंगे खत्म

वाशिंगटन,(ईएमएस)। इस समय दुनिया में कई देश या तो सीधे या कूटनीतिक रूप से युद्ध लड़ रहे हैं। वहीं लोगों सोच रहे हैं कि इस जंग का अंत कब और कैसे होगा। ईरान-इजराइल की जंग हो या फिर रूस-यूक्रेन की, ज्यादातर देशों का हित इनसे किसी न किसी तरह से जुड़ा है। इसी बीच गाजा में युद्धविराम की खबर राहत देने वाली है।हमास-इजराइल के बीच चल रहे युद्ध में पूरा गाजा शहर तबाह हो चुका है। इतने दिन मिसाइलें बरसाने के बाद आखिरकार इजराइल दो महीने के युद्धविराम के लिए तैयार हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि हमास को भी ये सीजफायर मानना चाहिए ताकि स्थितियां थोड़ी सुधरें। 60 दिनों के युद्धविराम के दौरान ट्रंप ने ये भी कहा है कि वे इस विवाद को खत्म करने की दिशा में भी काम करेंगे।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप का महत्वाकांक्षी वन बिग ब्यूटीफुल बिल अमेरिकी सीनेट में पारित हो गया। इस बिल के विरोध में डेमोक्रैट्स के साथ-साथ खुद रिपब्लिकन पार्टी के भी सीनेट थे। इस विधेयक के पक्ष में 50-50 वोट पड़े, जिसके बाद उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अपना टाई ब्रेकिंग वोट डाला और विधेयक को मंजूरी मिल गई। ये विधेयक पिछले दिनों ट्रंप और एलन मस्क की लड़ाई की वजह से चर्चा में रहा था।अमेरिका के बी-2 बॉम्बर्स ने पिछले दिनों ईरान के न्यूक्लियर सेंटर्स पर हमला किया था। खासतौर पर फोर्डो न्यूक्लियर सेंटर को निशाने पर लेकर अमेरिका ने इसे बर्बाद करने का दावा किया था। हालांकि जब युद्धविराम हुआ तो ईरान एक बार फिर से इस सेंटर की मरम्मत में जुट गया है।

# क्वाड बैठक में वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में लोकतांत्रिक देश एकजुट

### संयुक्त बयान पर अमेरिका ने भी किए हस्ताक्षर, पाकिस्तान के उड़ गए होश

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका में क्वॉड बैठक में सदस्य देशों ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का विरोध करते हुए संयुक्त बयान जारी किया है यह बयान दर्शाता है कि भारत की आवाज विश्व की आवाज बन गई है। क्वॉड का बयान देखकर पाकिस्तान के होश उड़ गए हैं क्योंकि इस पर अमेरिका ने भी हस्ताक्षर किए हैं। क्वॉड सदस्य देशों ने स्पष्ट कर दिया है कि वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में लोकतांत्रिक देश एकजुट हैं।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक क्वॉड बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर के संबोधन ने वैश्विक विस्तार की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने 'सीमापार आतंकवाद', ड्रोन आधारित हमले, साइबर आतंकवाद और आतंकी फंडिंग नेटवर्क्स पर विशेष चिंता जताई। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि आतंकवाद अब



केवल एक क्षेत्रीय या सीमित समस्या नहीं रही, बल्कि वैश्विक खतरा बन चुकी है, जिसका सामना बहुपक्षीय सहयोग और समन्वित रणनीति से ही किया जा सकता है। जयशंकर ने दोहराया कि भारत आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति पर चलता है और उसे समर्थन देने वाले देशों व संगठनों को अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।बता दें इस समूह के सदस्य भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों ने पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की तीव्र निंदा की है। क्वाड ने संयुक्त बयान में कहा कि हम संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से आग्रह करते हैं कि वे अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों के तहत अपने दायित्वों के अनुसार इस संबंध में सभी संबंधित प्राधिकारों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करें।'क्वाड' की बैठक में इस साल मुंबई में ''भविष्य के क्वाड बंदरगाह'' साझेदारी शुरू करने की योजना की भी घोषणा की गई। मंत्रियों ने कहा कि वे पूर्वी चीन सागर और दक्षिण चीन सागर की स्थिति को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने चीनी सैन्य कार्रवाइयों का जिक्र करते हुए कहा कि हम किसी भी एकतरफा कार्रवाई का कड़ा विरोध दोहराते हैं जिसमें बलपूर्वक या जबरन यथास्थिति को बदलने की कोशिश की जा रही हो।क्वॉड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में जिन मुद्दों पर सहमति बनी है उनमें आतंकी फंडिंग पर रोक लगाने के लिए संयुक्त वैश्विक तंत्रों को और प्रभावी बनाना है, इंटेलिजेंस साझा करना, खासकर इंडो-पैसिफिक और दक्षिण एशियाई क्षेत्र में। डिजिटल आतंकवाद, साइबर कट्टरपंथ और सोशल मीडिया के जरिए भर्ती जैसे नए खतरों से निपटना और मानवाधिकारों तथा धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना है।बता दें विदेश मंत्री जयशंकर का भाषण और पहलगाम हमले पर क्वॉड देशों की संयुक्त प्रतिक्रिया ने यह दिखाया कि लोकतांत्रिक राष्ट्र आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं। यह सहयोग केवल सांकेतिक नहीं, बल्कि व्यावहारिक स्तर पर साझा कार्रवाई की ओर संकेत करता है। यह भी साफ हो गया है कि भारत की भूमिका न केवल क्षेत्रीय स्थिरता बल्कि वैश्विक सुरक्षा संरचना में भी निर्णायक होती जा रही है।

### एससीओ में चीन की चाल से क्वाड देश सहमत नहीं, दिया करारा जवाब

वाशिंगटन,(ईएमएस)। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में चीन ने भले ही आतंकवादियों और उसके पनाहगाह को बचाने के लिए ताकत लगा दी हो लेकिन दुनिया उसकी चाल से सहमत नहीं। क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक में पहलगाम टेरर अटैक का उल्लेख हुआ और इसके जिम्मेदारों को न्याय के कठघरे तक लाने की एक सुर में मांग उठी। हाल में ही चीन में एससीओ के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक के बाद तैयार ज्वाइंट स्टेटमेंट में पहलगाम अटैक का उल्लेख नहीं किया था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया था। अब भारत ने चीन को करारा जवाब दिया है।इंटरनेशनल लेवल पर क्वाड का ज्वाइंट स्टेटमेंट भारत के लिए बड़ी डिप्लोमेटिक विन है। साथ ही पाकिस्तान और उसके दोस्त चीन के मुंह पर करारा तमाचा है। ज्वाइंट स्टेटमेंट में कहा गया कि क्वाड सीमा पार आतंकवाद सहित सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद की निंदा करता है और आतंकवाद विरोधी सहयोग के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है।

# ईरान से जुड़े एक हैकिंग समूह की ट्रंप को धमकी निजी और आपत्तिजनक ईमेल लीक कर देगा

तेहरान,(ईएमएस)। ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बीच ईरान से जुड़े एक हैकिंग समूह ने अमेरिका को धमकी दी है कि वह 100 गीगाबाइट बैच का ईमेल लीक कर देगा। धमकी में ईरानी समूह ने कहा है कि इन इमेल्स में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सलाहकार रोजर स्टोन और वाइट हाउस के चीफ ऑफ स्टाफ सूसी विल्स सहित उनके लंबे समय के सहयोगियों के बीच के संवाद शामिल हैं, जो कि उसने चुराए थे। रिपोर्ट में बताया गया हैं कि 2024 में राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान एक साइबर अटैक समूह ने दावा किया था कि उसके पास करीब 100 गीगाबाइट ईमेल हैं, जिन्हें वह लीक कर सकता है।हालांकि, फर्जी नाम रॉबर्ट के तहत काम करने वाले हैकर्स ने ईमेल की सामग्री या उन्हें कब जारी करने की योजना के बारे में जानकारी नहीं दी है। हैकर ने बताया कि उसके पास ट्रम्प की वकील लिंडसे हॉलिगन और स्टॉर्मी डेनियल्स के ईमेल अकाउंट्स के भी विवरण हैं। स्टॉर्मी डेनियल्स वहीं एडल्ट फिल्मों की अभिनेत्री हैं, जिसे कथित तौर पर ट्रंप के साथ संबंधों का खुलासा नहीं करने और मुंह बंद रखने के लिए ट्रंप की ओर से 130,000 डॉलर का भुगतान किया गया था।यह घटनाक्रम तब सामने आया है, जब अमेरिका ने कुछ दिनों पहले ही ईरान-इजरायल युद्ध के दौरान ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर 30,000 पाउंड के बंकर बस्टर बम गिराए हैं। इन हमलों के बाद ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान के परमाणु टिकाने पूरी तरह से तबाह हो गए हैं और भविष्य में ईरान संवर्द्धन कार्यक्रम आगे नहीं बढ़ा सकता।रिपोर्ट के मुताबिक, ईरानी हैकर्स ने कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के लिए निर्वाचित होने के बाद चुराए गए ईमेल डेटा को लीक करने की कोई योजना नहीं थी लेकिन अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले ने अपना फैसला बदलने को मजबूर किया है। राष्ट्रपति चुनाव के दौरान भी बाइडेन प्रशासन ने इस लीक कांड के पीछे ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स के तीन सदस्यों का हाथ बताया था लेकिन ईरान ने इससे इंकार किया था।दूसरी ओर, यू.एस. साइबरसिक्योरिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी एजेंसी (सीआईएसए) के प्रवक्ता मार्सी मैकार्थी ने कहा है कि यह शत्रुतापूर्ण विदेशी अभियान ध्यान भटकाने, बदनाम करने और विभाजन करने की एक कोशिश है। मैकार्थी ने कहा कि कथित रूप से चुराई गई सामग्री असत्यापित सामग्री है और उसका इस्तेमाल कर शत्रु शोषण करने की धमकी दे रहा है।

# पाकिस्तान ने माना भारत नहीं देगा एक बूंद पानी, अब करेगा जल भंडारण

इस्लामाबाद, (ईएमएस)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया था। तब से पाकिस्तान भारत से संधि को बहाल करने की गुहार लगा रहा है। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने मंगलवार को कहा कि भारत पानी को हथियार बना रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के इरादों के जवाब में पाकिस्तान को अपनी जल भंडारण क्षमता बढ़ानी होगी। उन्होंने भारत पर सिंधु जल संधि को एकतरफा निलंबित करने का आरोप लगाया।सिंधु जल संधि 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व बैंक की मध्यस्थता में हस्ताक्षरित एक ऐतिहासिक समझौता है, जो सिंधु नदी प्रणाली की छह नदियों के जल बंटवारे को नियंत्रित करता है। इसके तहत, भारत को सतलज, ब्यास और रावी नदियों पर पूर्ण नियंत्रण दिया गया है, जबकि सिंधु, झेलम और चिनाब नदियों का पानी मुख्य रूप से पाकिस्तान को आवंटित किया था। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने संधि को निलंबित करने की घोषणा की। भारत ने इस हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया है।केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने अप्रैल में स्पष्ट किया था कि मोदी सरकार का सिंधु जल संधि पर लिया गया ऐतिहासिक निर्णय पूरी तरह से उचित और राष्ट्रीय हित में है। हम यह तय करेंगे कि सिंधु नदी का एक बूंद पानी भी पाकिस्तान को न जाए। यह बयान भारत की उस नीति को दर्शाता है, जो आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस रखती है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा है कि सिंधु जल संधि अब कभी बहाल नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पाक को जाने वाला पानी भारत के राजस्थान जैसे राज्यों की ओर मोड़ा जाएगा।शहबाज शरीफ ने कहा कि अब खुद पाकिस्तान को ही अपने जल की भंडारण क्षमता बढ़ानी होगी। उन्होंने कहा कि भारत के पास पाकिस्तान के खिलाफ कुछ नापाक इरादे हैं और वह जल संधि के खिलाफ कदम उठाना चाहता है। इसके लिए सरकार ने फैसला किया है कि हम अपना जल भंडारण बनाएंगे। उन्होंने 1991 के जल समझौते का हवाला देते हुए कहा कि इसमें प्रांतों के बीच जल भंडारण क्षमता बढ़ाने का प्रावधान है। सरकार डायमर भाशा बांध जैसे संसाधनों का उपयोग करेगी।

# क्या पाकिस्तान अब्राहम अकॉर्ड में होगा शामिल! इजराइल को देगा मान्यता

### पाक रक्षामंत्री बोले, हम अपने हित देखेंगे, प्रपोजल आया तो करेंगे विचार

इस्लामाबाद,(ईएमएस)। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इजरायल के साथ संबंधों को सामान्य करने के संकेत दिए हैं। अब्राहम अकॉर्ड में पाकिस्तान के शामिल होने पर आसिफ ने कहा कि ऐसी कोई स्थिति आती है तो हम अपने फायदे को सबसे ऊपर रखने के बारे में फैसला लेंगे। आसिफ का ये बयान इसलिए खास है क्योंकि एक हफ्ते पहले तक वह ईरान के समर्थन में मुस्लिम दुनिया से एकजुट होने की अपील कर रहे थे। अब उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान अब्राहम अकॉर्ड में शामिल होने पर विचार करेगा।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आसिफ ने भारत-पाक तनाव, गाजा युद्ध, ईरान-इजराइल संघर्ष और पश्चिम एशिया में अमेरिका की भूमिका जैसे



मुद्दों पर बात की है। आसिफ से सवाल किया गया कि पाकिस्तान पर अब्राहम अकॉर्ड में शामिल होने का दबाव आया तो उनकी सरकार क्या करेगी। इस पर उन्होंने कहा कि हम अपने हित देखेंगे। अभी ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है, अगर प्रपोजल आया तो हम इस पर विचार किया जाएगा। पाकिस्तान सरकार इजराइल के खिलाफ सख्त रुख अपनाती रही है। ऐसे में आसिफ का अब्राहम अकॉर्ड में शामिल होने से इनकार नहीं करना देश के दक्षिणपंथी गुटों को नाराज कर सकता है। आसिफ ने खुद ईरान-इजराइल संघर्ष के दौरान कहा था कि इजराइल एक बड़ा खतरा बनता जा रहा है और मुस्लिम वर्ल्ड को एकजुट होकर इसका सामना करना चाहिए।ट्रंप प्रशासन की ओर से अब्राहम अकॉर्ड-2 पर आगे बढ़ने के संकेत दिए हैं। इजराइल को मान्यता देने वाले इस समझौते पर साल 2020 में अमेरिका की कोशिश से बहरीन और यूएई ने अब्राहम अकॉर्ड्स पर हस्ताक्षर किए थे। बाद में मोरक्को और सूडान भी इसमें शामिल हो गए। ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद सऊदी अरब और पाकिस्तान जैसे देशों के अब्राहम अकॉर्ड्स में शामिल होने की चर्चा है, जिससे इजराइल को मुस्लिम दुनिया में मान्यता मिल सके।आसिफ ने दावा किया कि हम कह रहे हैं कि हम बातचीत करने को तैयार हैं। हम चाहते हैं कि अमन कायम हो और कश्मीर मुद्दे का हल निकले लेकिन भारत आक्रामकता दिखा रहा है। सिंधु जल संधि से जुड़े विवाद पर आसिफ ने कहा कि हम भारत को ऐसा नहीं करने देंगे। उन्होंने कहा कि अगर भारत ने पानी रोका तो इसे पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। सिंधु संधि के तहत मिला पानी पाकिस्तान का अधिकार है और इससे कोई भी हमें वंचित नहीं कर सकता है। हम इसके लिए लड़ेंगे।

# शुभांशु के बाद अब अंतरिक्ष में जाएंगे डॉ मेनन, नासा ने किया ऐलान

टेक्सास,(ईएमएस)। शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर पहुंचे हैं और वहां वह कई जानकारी हासिल कर रहे हैं। अब एक और भारतवंशी आईएसएस जाने की तैयारी में हैं। बता दें अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने साल 2021 में अनिल मेनन का चयन किया था। इसके बाद इनको ट्रेनिंग दी गई थी।नासा के भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्री डॉ. अनिल मेनन को उनके पहले अंतरिक्ष मिशन पर भेजने की घोषणा की है।नासा ने कहा कि डॉ. मेनन जून 2026 में रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कॉसमॉस के सोयूज एमएस-29 यान से आईएसएस के लिए उड़ान भरेंगे। इस मिशन में वे फ्लाइट इंजीनियर और एक्सपीडिशन 75 के क्रू सदस्य के रूप में शामिल होंगे। डॉ. मेनन के साथ इस अभियान में रोस्कॉसमॉस के दो अनुभवी अंतरिक्ष यात्री प्योत्र डुबरोव और अन्ना किकीना भी जाएंगे। यह टीम कजाखस्तान स्थित बैकानूर कोस्मोड्रोम से रवाना होगी और करीब आठ महीनों तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी परीक्षणों को अंजाम देगी।नासा के मुताबिक इस मिशन में डॉ. अनिल मेनन मानवता के लाभ के लिए और भविष्य के गहरे अंतरिक्ष अभियानों की तैयारी के तहत कई तरह के अनुसंधान कार्यों को अंजाम देंगे। डॉ. मेनन को 2021 में नासा द्वारा अंतरिक्ष यात्री के रूप में चयनित किया गया था और उन्होंने 2024 में 23वीं एस्ट्रोनॉट कक्षा के साथ प्रशिक्षण पूरा किया। प्रशिक्षण के बाद वे अपने पहले स्पेस स्टेशन मिशन की तैयारी में जुट गए हैं। मिनेसोटा के मिनियापोलिस में जन्मे और पले-बढ़े अनिल मेनन एक आपातकालीन चिकित्सा विशेषज्ञ, मैकेनिकल इंजीनियर और अमेरिका की स्पेस फोर्स के कर्नल हैं। उनके पिता भारतीय और माता यूक्रेनी मूल की हैं।डॉ. मेनन वर्तमान में टेक्सास मेडिकल सेंटर में आपातकालीन चिकित्सा सेवा देते हैं और टेक्सास विश्वविद्यालय के रेजिडेंसी कार्यक्रम में छात्रों को प्रशिक्षण देते हैं। बता दें बीते करीब 25 साल से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर लगातार वैज्ञानिक कार्य हो रहे हैं। यह मिशन न केवल पृथ्वी पर मानव जीवन की बेहतरी के लिए है, बल्कि चंद्रमा और मंगल जैसे गहरे अंतरिक्ष अभियानों की तैयारी में भी अहम भूमिका निभाता है।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दूसरा टी20 भी जीता, इंग्लैंड को 24 रनों से हराया



लंदन (ईएमएस)। जेमिमा रॉड्रिग्स और अमनजोत कौर की शानदार बल्लेबाजी से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दूसरे टी20 मुकाबले में मेजबान इंग्लैंड को 24 रनों से हराकर पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की बढ़त ले ली है। भारतीय टीम ने पहला मैच भी 97 रनों से जीता था। इस मैच में टॉस जीतकर इंग्लैंड की टीम ने भारतीय टीम को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी इस मैच से वापसी की पर वह रन बनाने में विफल रहीं। टीम ने 31 रन देकर 3 विकेट खो दिए थे पर इसके बाद अनुभवी बल्लेबाज जेमिमा रॉड्रिग्स और अमनजोत कौर ने अच्छी बल्लेबाजी कर स्कोर आगे बढ़ाया। जेमिमा ने 9 चौके और एक छक्का लगाकर 41 गेंदों में 63 रन बना दिये जबकि अमनजोत ने 40 गेंदों में 9 चौकों की सहायता से 63 रन बनाये। ऋचा घोष ने 20 गेंदों में 32 रन बनाए। भारतीय टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 181 रन बनाये। इंग्लैंड की ओर से लॉरेन बेल ने दो जबकि लॉरेन फिलर और एम अरलॉट से एक-एक विकेट लिया। इसके बाद इंग्लैंड की टीम 182 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 157 रन ही बना पायी इस प्रकार उसे 24 रनों से हार का सामना करना पड़ा। टैम ब्यूमोंट ने 54 जबकि एमी जोन्स ने 32 रन बनाये पर अन्य बल्लेबाज असफल रहीं। भारतीय टीम की ओर से श्री चरणी ने दो विकेट जबकि दीप्ती व अमनजोत ने एक-एक विकेट लिया।

# इंग्लैंड ने टॉस जीता, भारत को दिया बल्लेबाजी का न्यौता, बुमराह के बगैर उतरी टीम

लंदन (ईएमएस)। मेजबान इंग्लैंड ने यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में टॉस जीतकर भारतीय क्रिकेट टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया है। इंग्लैंड ने जहां इस मैच के लिए कोई बदलाव नहीं किया है। वहीं भारतीय टीम ने तीन बदलाव किये हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है। वहीं शार्दुल और साई सुदर्शन को बाहर कर दिया है। शार्दुल और सुदर्शन पहले टेस्ट में असफल रहे थे। वहीं इस मैच में आकाश दीप, वॉशिंगटन सुंदर और नीतीश रेड्डी को शामिल किया गया है। कप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के तहत आराम दिया गया है जिससे उनकी फिटनेस पूरे समय बरकरार रहे। उनकी जगह तेज गेंदबाज आकाशदीप को अवसर मिला है। बुमराह पांच टेस्ट की सीरीज में केवल तीन मुकाबले खेलेंगे।



इंग्लैंड सीरीज में 1-0 से आगे है। भारत को लीड्स में पांच विकेट से हार मिली थी।वहीं आकाशदीप के अलावा ऑलराउंड नितीश कुमार रेड्डी और स्पिन ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को भी अंतिम ग्याहर में जगह मिजी है जबकि साई सुदर्शन और शार्दुल ठाकुर को बाहर कर दिया गया है। एजबेस्टन की पिच से शुरुआत में तेज गेंदबाजों को सहायता मिलेगी। वहीं बाद में विकेट धीमे होने पर बल्लेबाजी आसान हो जाएगी। मैच के अंतिम दो दिन में स्पिनरों को सहायता मिलेगी। मैच के दौरान मैसम ठीक रहेगा हालांकि बादल छाये रहने की संभावना है। इंग्लैंड : बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्राउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, जैमी स्मिथ, क्रिस वोक्स, बायडन कार्स, शोएब बशीर और जोश टंग. भारत : शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जड़ेजा, वाशिंगटन सुंदर, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा



मियामी में फीफा क्लब विश्वकप फुटबॉल में खेलते हुए रियल मैड्रिड के फुटबॉलर विनीशियस जूनियर व जुवेंटस के डिफेंडर पियरे केलूलू।

## गेंदबाजों के बचाव में उतरे अश्विन

चेन्नई (ईएमएस)। भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली हार के लिए गेंदबाजों को जिम्मेदार बताने की आलोचना की है। अश्विन ने कहा कि जिस प्रकार से कहा जा रहा है गेंदबाजी कमजोर रही वह सही नहीं है। यहां तक कि कमेंट्री के दौरान भी गेंदबाजों पर ही निशान साधा गया उन्होंने कहा कि शुरुआती बल्लेबाजों ने शतक लगाये पर निचले क्रम के बल्लेबाज असफल रहे जिससे टीम बड़ा स्कोर नहीं बना पायी। अश्विन ने कहा है कि भारतीय गेंदबाजों के बारे में कमेंट्री अपमानजनक रही पर ये भी पुछा जाना चाहिये निचले क्रम के बल्लेबाजों ने रन क्यों नहीं बनाये ? एक वीडियो में अश्विन ने कहा कि हार के बाद गेंदबाजों को हार के लिए दोषी बताया गया। उन्होंने बताया कि इंग्लैंड ने जिस तरह चौथी पारी में 370 रनों से ज्यादा स्कोर का पीछा किया है। उसमें सिर्फ गेंदबाजों की गलती नहीं थी। अश्विन ने कहा कि भारतीय बल्लेबाजों ने खेल में पांच शतक बनाए, लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाज कुछ नहीं कर पाये। उन्होंने कहा, एक बार जब 370 से अधिक रनों के लक्ष्य का पीछा किया गया, तो मुझे लगा कि कमेंट्री भारतीय गेंदबाजों के बारे में अपमानजनक हो गई है। ऐसा कहा जाने लगा कि भारतीय गेंदबाज मैच जिताने में असफल रहे पर य नहीं भूलना चाहिये कि बल्लेबाजों को जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने गेंदबाजी को लेकर कहा, टेस्ट में, मुझे लगता है कि मेडन ओवर्स को काफी कम आंका जाता है। मुझे जसप्रीत बुमराह द्वारा हाई इकॉनमी रेट के साथ जाने में कोई दिक्कत नहीं होगी, लेकिन अन्य को कम जाना चाहिए। टेस्ट में, आपको पहले दिन से धीरे-धीरे अपनी गेंदबाजी को विकसित करना होता है और इसका लाभ अंतिम पारी में मिलता है।।

### एशिया कप 5 सितंबर से शुरु होगा

## 7 सितंबर को हो सकता है भारत-पाक मुकाबला

मुम्बई (ईएमएस)। एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 को लेकर अभी तक एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है पर माना जा रहा है कि ये टूर्नामेंट 5 सितंबर से शुरु होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार इस टूर्नामेंट का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में किया जाएगा हालांकि इसका मेजबानी अधिकार भारत के पास ही रहेगा। रिपोर्ट के अनुसार इसमें भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 7 सितंबर को हो सकता है। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम के अलावा, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और यूएई की टीमें भाग लेंगी। ये टूर्नामेंट टी-20 अंतरराष्ट्रीय प्रारुप में खेला जाएगा। इसमें पहले ग्रुप स्तर का मुकाबला होगा जिसके बाद सुपर फोर दौर खेला जाएगा। इसके बाद सुपर फोर की शीर्ष दो टीम 21 सितंबर को खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगी। वहीं इससे पहले कहा जा रहा था कि भारत एशिया कप की मेजबानी से हट सकता है पर बाद में भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने इस प्रकार की अटकलों को खारिज कर दिया। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने इन रिपोर्टों को सिरे से खारिज करते हुए कहा, एशिया कप या किसी भी एसीसी भी इवेंट को लेकर बोर्ड ने कोई आधिकारिक चर्चा नहीं की है और न ही एसीसी को कोई पत्र लिखा गया है। इसमें ग्रुप स्तर के बाद भारत-पाकिस्तान की टीमें 14 सितंबर को सुपर-4 राउंड में भी मुकाबला कर सकती हैं।

## साक्षी, जैस्मिन और लक्ष्य विश्व मुक्केबाजी कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

अस्ताना (ईएमएस)। भारतीय मुक्केबाजों साक्षी, जैस्मिन, मीनाक्षी और लक्ष्य चाहर व मनीष राठौर ने कजाकिस्तान में जारी विश्व मुक्केबाजी कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। इस टूर्नामेंट में महिलाओं के 54 किग्रा भार वर्ग में साक्षी ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड की चार्ली डेविसन को 5-0 से हराया। साक्षी के अलावा जैस्मिन ने 57 किग्रा वर्ग में अजरबैजान की अयनुर मिकायिलोवा को 5-0 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। महिलाओं के ही वर्ग में भारत की मीनाक्षी ने लाइट-फ्लाईवेट श्रेणी में ऑस्ट्रेलिया की मैडेलीन बोवेन को 5-0 से पराजित किया जबकि मुस्कान ने मिडिलवेट श्रेणी में इंग्लैंड की केरी डेविस को करीबी मुकाबले में 3-2 से हराकर अगले दौर में जगह बनायी है। दूसरी ओर पुरुष वर्ग में भारत के लक्ष्य ने 80 किग्रा वर्ग में बुल्गारिया के विलियम चोलोव को 4 -1 से हराया। वहीं भारत के ही मनीष राठौर को 55 किग्रा वर्ग में जापान के रुई यामागुची के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। साक्षी, लक्ष्य और जैस्मिन अब सचिन सिवाच, हितेश गुलिया, मुस्कान, मीनाक्षी और संजू के साथ अगले दौर में पहुंच गये हैं। इससे पहले हितेश और सचिन सिवाच ने अपने मुकाबलों में आसानी से जीत हासिल की थी।

## लाबुशेन एक बार फिर वापसी करेंगे : स्मिथ

सिडनी (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ अब खराब फार्म के कारण टीम से बाहर हुए मार्नस लाबुशेन के बचाव में उतरे हैं। स्मिथ ने कहा है कि लाबुशेन की प्रतिभा और तकनीक पर किसी को भी संदेह नहीं है और वह फार्म हासिल करने के बाद वह एक बार फिर टीम से खेलते दिखेंगे। लाबुशेन को पिछले कुछ समय से लगातार खराब प्रदर्शन के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में भी वह रन नहीं बना पाये थे। इसी कारण लाबुशेन को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए टीम से बाहर कर दिया गया था। पूर्व कप्तान के अनुसार वह अपनी तकनीक में कुछ सुधार करने के बाद फिर वापसी करेंगे। स्मिथ ने कहा, "वह बल्लेबाजी में खराब स्थिति में हैं। मेरा मानना है कि लाबुशेन ने डब्ल्यूटीसी फाइनल में बहुत अच्छे तरीके से गेंदों का सामना किया वह बड़ा स्कोर नहीं बना पाये। इस दौरान मूवमेंट्स और बल्लेबाज का अंदाज गलत नहीं था। स्मिथ ने साथ ही कहा, "जब वह ऑफ-स्टंप लाइन से ऐसा कर रहे होते हैं, तो मुझे लगता है कि वह अच्छी स्थिति में होते हैं, उनका संतुलन अच्छा होता है

# काउंटी में ईशान ने लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक लगाया

### मैच के बाद भोजपुरी गाने पर डांस करते दिखे



लंदन (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन आजकल इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं। ईशान भारत ए टीम के साथ यहां आये थे जिसमें अच्छे प्रदर्शन के आधार पर उन्हें काउंटी क्रिकेट में नॉटिंघमशायर ने अपने यहां शामिल कर लिया था। उसके बाद से वह लगातार छाये हुए हैं। ईशान ने काउंटी क्रिकेट चैंपियनशिप डिविजन 1 में लगातार दो मुकाबलों में अर्धशतक लगाये हैं। लीग के दूसरे मुकाबले में ईशान ने तेजी से बल्लेबाजी करते हुए 128 गेंदों में ही 77 रन बनाए हैं। अपनी इस पारी में ईशान ने 8 चौके और 2 छक्के लगाए। वहीं इससे पहले मैच में भी ईशान ने अर्धशतकीय पारी खेली थी। यॉर्कशायर के खिलाफ इस डेब्यू मैच में ईशान ने 98 गेंदों में 87 रन बनाये। इस पारी में इन्होंने 12 चौके और एक छक्का लगाया। इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट चैंपियनशिप डिविजन 1 का 42वां मैच नॉटिंघमशायर और समरसेट के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में सोमरसेट ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 379 रन बनाए। वहीं नॉटिंघमशायर ने इसका पीछा करते हुए 125 ओवर में ही 5 विकेट के नुकसान पर 396 रन बना दिये। नॉटिंघमशायर ने ईशान की बल्लेबाजी से पहली पारी में ही 17 रनों की बढ़त हासिल कर ली। ईशान काउंटी मैच में लंदन की सड़कों पर भोजपुरी गाने पर डांस करते भी दिखे। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ हैं। . ईशान किशन के साथी क्रिकेटरों का भी कहना है कि जब भी उन्हें अवसर मिलता है वह भोजपुरी गाने पर डांस करने लगते हैं।



लंदन में सर्बिया के नोवाक जोकोविच विंबलडन टेनिस में पहले दौर का मैच जीतने के बाद उत्साहित होते हुए।

## ऋषभ ने हासिल किये 801 रेटिंग अंक , बूमराह शीर्ष पर बरकरार

दुबई (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत एक स्थान के लाभ के साथ ही छठे स्थान पर पहुंच गए। ऋषभ को पहले टेस्ट में लगाये दो शतकों का लाभ मिला है। उनके अब सर्वश्रेष्ठ 801 रेटिंग अंक हो गये हैं। वहीं नंबर एक पर चल रहे इंग्लैंड के जो रूट के 889 अंक हैं। ऋषभ इससे पहले जुलाई 2022 में करियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग पर पहुंचे थे। वहीं गेंदबाजी रैंकिंग में भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 907 रेटिंग अंक के साथ नंबर एक पर बने हुए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट लिए थे। बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर बने हुए हैं जबकि कप्तान शुभमन गिल एक स्थान नीचे आकर 21वें पायदान पर फिसल गये हैं। वहीं इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट आठवें स्थान पर पहुंच गये हैं। वहीं गेंदबाजी रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस दूसरे और तीसरे स्थान पर बने हुए हैं जबकि जोश हेजलवुड एक स्थान के लाभ से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत के ही रविंद्र जडेजा टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में नंबर एक पर बरकरार हैं। वहीं वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स भी एक स्थान के सुधार के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं



## संन्यास से पहले भारत में टेस्ट सीरीज जीतना चाहते हैं लियोन

सिडनी (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर नाथन लियोन ने कहा है कि अभी उनका संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है। लियोन के अनुसार वह संन्यास लेने से पहले भारत में एक टेस्ट सीरीज जीतना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम बार भारत में साल 2004 में टेस्ट सीरीज जीती थी। इसके बाद से ही कंगारु टीम मैच जीती है पर सीरीज अपने नाम नहीं कर पायी है। इस प्रकार टीम दो दशक से भारत में सीरीज जीतने में विफल रही है।

37 साल के हो रहे लियोन ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल ऑफ स्पिनर हैं। उन्होंने भारतीय टीम के खिलाफ 32 टेस्ट मैच खेले हैं। इन मैचों में उनको 130 विकेट भी मिले हैं पर वह कभी भी भारत में टेस्ट सीरीज जीत नहीं पाये हैं। ऑस्ट्रेलिया ने साल 2004-05 में अंतिम बार भारत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर जीती थी पर तब लियोन टीम में शामिल नहीं थे। इसके बाद से ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत में टेस्ट सीरीज नहीं जीत पायी है। लियोन ने कहा, मैंने हमेशा ही कहा है कि मैं भारत के अलावसा इंग्लैंड में भी टेस्ट सीरीज जीतना चाहता हूं। हमें कुछ सालों में यह अवसर मिल सकता है। हमें इसके लिए लगातार टेस्ट खेलना होगा और तय करना होगा कि हम पहले वेस्टइंडीज में जीत कर लय हासिल करें। फिर हमें अपनी धरती पर एशेज में बेहतर प्रदर्शन में आसानी होगी। एक और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल पर मेरी नजरें रहेंगी।



लंदन में विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में खेलती हुई पोलैंड की इगा स्वीटेक।

## पिता के बनाये बल्ले से खेलकर भारतीय टीम तक पहुंची अमनजोत



लंदन (ईएमएस)। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 में 40 गेंद में 63 रन बनाकर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाली अमनजोत कौर का यहां तक का सफर आसान नहीं रहा है। अमनजोत बचपन में एक बार जब मोहाली की गलियों में खेल रही थीं तो उन्हें इसलिए बल्लेबाजी नहीं मिली थी क्योंकि उनके पास अपना बल्ला नहीं था।' इसके बाद उनके पिता ने लकड़ी का एक बल्ला बनाकर उन्हें दिया। इसको लेकर अमनजोत लड़कों के साथ क्रिकेट खेलने लगीं। इसी बल्ले के मिलने के बाद अमनजोत का मनोबल बना और वह आगे बढ़ती गयीं। वहीं इसके एक दशक से अधिक समय क बाद जब साल 2023 में अमनजोत ने भारतीय टीम की ओर से डेब्यू मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 30 गेंदों पर 41 रन बनाये तो पिता की पुरानी यादें ताजा हो गयीं। अमनजोत ने अपनी सफलता का श्रेय पिता को ही दिया है। वह याद करती हैं कि कैसे पापा अपने काम छोड़कर उन्हें अभ्यास के लिए मैदान ले जाते थे। एक समय ऐसा भी आया जब मोहाली, चंडीगढ़ और पंचकूला में लड़कियों की क्रिकेट अकादमी में प्रवेश में अमनजोत को काफी परेशानी आई। इसके बाद कोच नागेश गुप्ता ने अमनजोत की प्रतिभा का निखारा। इसके बाद उसे महिला प्रीमियर लीग (डब्यलूपीएल ) की पहली नीलामी में ही मुंबई इंडियंस ने 50 लाख रुपये में खरीदा लिया।

## बर्मिंघम में संदिग्ध पैकेट मिलने के बाद भारतीय क्रिकेटरों की सुरक्षा बढ़ी

बर्मिंघम (ईएमएस)। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले बर्मिंघम में एक संदिग्ध पैकेट मिलने के बाद भारतीय टीम की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। इसके साथ ही भारतीय टीम के होटल से बाहर निकलने पर भी रोक लगा दी गयी। भारतीय खिलाड़ी आम-तौर पर घूमने के लिए आसपास के इलाकों में जाते हैं। भारतीय टीम जिस मुख्य इलाके में रुकी उसके के पास वाले इलाके में एक संदिग्ध पैकेट मिला है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर कहा कि हालात सामान्य हैं पर वह अपनी ओर से कोई कमी नहीं रखना चाहती है। भारतीय क्रिकेटर आमतौर पर टीम होटल के करीबीइलाकों में घूमते हैं और दूसरे टेस्ट के लिए यहां पहुंचने के बाद वे ब्रॉड स्ट्रीट पर जाते थे। अभी कुछ समय के लिए खिलाड़ियों के बाहर निकलने पर रोक रहेगी। वहीं भारतीय टीम ने कुछ खिलाड़ियों ने इस दौरान अभ्यास किया जबकि कुछ ने आराम किया। वहीं बर्मिंघम सिटी सेंटर पुलिस की ओर से कहा गया, ''हमने सिटी सेंटर के सेंटेनरी स्क्वायर के आसपास घेरा बनाया हुआ है और हम एक संदिग्ध पैकेट की जांच कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमें दोपहर तीन बजे से ठीक पहले ये जानकारी मिली थी। हमने सुरक्षा के तौर पर कई इमारतों को खाली भी कराया है। इस लिए इन क्षेत्रों में न जायें।।'' पुलिस ने एक घंटे के बाद सुरक्षा घेरा हटा

## क्लासिक अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता शनिवार को होगी


नई दिल्ली (ईएमएस)। नीरज चोपड़ा क्लासिक अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता इसी सप्ताह शनिवार को बेंगलुरु में होगी। श्री कांतीरवा स्टेडियम में आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता में 12 खिलाड़ी भाग लेंगे। इससे पहले ये प्रतियोगित 24 मई को होनी थी पर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण स्थागित कर दिया गया था। ये पहली बार है जब भारत में किसी अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का आयोजन जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से किया जा रहा है और इसे भारतीय एथलेटिक्स महासंघ से भी मंजूरी मिली हुई है। इस टूर्नामेंट में देश विदेश के कुल 12 खिलाड़ी होंगे शामिल होंगे।

इस टूर्नामेंट में नीरज चोपड़ा समेत पांच भारतीय सचिन यादव, किशोर जेना, रोहित यादव और साहिल सिलवाल शामिल होंगे। वहीं विदेश के सात सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेड के एंडरसन पीटर्स, जर्मनी के 2016 ओलंपिक स्वर्ग विजेता थॉमस रोहलर, कीनिया के 2015 के वर्ल्ड चैंपियन जूलियस येगो, अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन, जापान के एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जेनकी डीन, श्रीलंका के रुमेश पथिरेज और ब्राजील के लुईज मौरिसियो दा सिल्वा शामिल हैं। इस प्रतियोगिता के लिए टिकट की कीमत 199 रुपये से लेकर 9,999 रुपये तक होगी। इसके अलावा 15 व्यक्तियों के लिए पांच कॉर्पोरेट बॉक्स 44,999 रुपये में उपलब्ध हैं। वहीं थ्रोअर रनवे के पास एक विशेष स्टैंड की कीमत 9,999 रुपये है, जबकि रनवे के ठीक पीछे स्थित नॉर्थ अपर स्टैंड में एक और विशेष स्टैंड 2,999 रुपये में है।

# टी20 विश्वकप के लिए 13 टीमें तय हुईं

### बचे हुए 22 स्थानों के लिए 22 टीमों में होगा मुकाबला

मुम्बई (ईएमएस)। अगले साल की शुरुआत में संयुक्त रुप से भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अभी तक 13 टीमें तय हो गयी हैं जबकि बचे हुए सात स्थानों के लिए 22 टीमों के बीच मुकाबला होना है। इस टूर्नामेंट में कुल 20 टीमों को खेलने का अवसर मिलेगा। हैं। इनमें से मेजबान भारत और श्रीलंका सहित कुल 13 टीमें घोषित को गयी हैं जबकि सात और टीमों की घोषणा इस साल अक्टूबर तक होगी। कनाडा की टीम ने इसके लिए क्वालीफाई कर लिया है जबकि यूरोप क्वालीफायर्स के जरिए दो टीमों पर फैसला होगा। ये टूर्नामेंट भी पिछले टूर्नामेंट के प्रारुप के




अनुसार ही होगा। जिसके तहत पहले 20 टीमों को चार ग्रुप में बांटा जाएगा। इसके बाद सुपर 8 के मुकाबले होंगे और फिर सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले जाएंगे। मेजबान के रूप में भारत और श्रीलंका को पहले दो स्थान मिले हैं। उसके बाद अगले 10 स्थानों का पिछले संस्करण में सुपर आठ क्वालीफायर और 30 जून 2024 की कट-ऑफ डेट पर टीम रैंकिंग के आधार पर हुआ। पिछले टी20 विश्व कप 2024 में सुपर 8 में प्रवेश के कारण अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज को 2026 टी20 विश्व कप में जगह मिली।

अमेरिका ने भी टॉप 8 में पाकिस्तान को हराकर प्रवेश किया था। सुपर 8 में नहीं पहुंचने के बाद भी पाक ने न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ अपनी टी20I रैंकिंग के आधार पर अगले संस्करण में अपना स्थान तय किस है। अब तक भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, कनाडा, इंग्लैंड, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका और वेस्टइंडीज ने इसके लिए प्रवेश हासिल किया है। इन टीमों के अलावा सात और टीमें इस टूर्नामेंट में खेलेंगी। एक तरह से देखा जाए तो 22 टीमों में बाकी के सात स्थानों के लिए मुकाबला होगा। एशिया और पूर्वी एशिया पेसिफिक रीजन से तीन टीमें प्रवेश करेंगी, जबकि दो-दो टीमें यूरोप क्वालीफायर और अफ्रीका क्वालीफायर से आएंगी। एशिया-ईस्ट एशिया पेसेफिक रीजन से जापान, कुवैत, मलेशिया, नेपाल, ओमान, पापुआ न्यू गिनी, कतर, समोआ और यूएई की टीमें क्वालीफायर्स खेलेंगी और इनमें से तीन टीमें सीधे टूर्नामेंट में प्रवेश करेंगी। वहीं, यूरोप क्वालीफायर्स में इटली, जर्सी, ग्वेर्नसे, नीदरलैंड और स्कॉटलैंड की टीम खेलेगी। इनमें से दो टीमें टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# मुहर्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित की गई शांति समिति की बैठक

**सभी अखाड़ा दल निर्धारित रूट व समय का करेंगे पालन, उपायुक्त**

**सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई,**

**डीजे बजाने पर रहेगी पूर्ण पाबंदी, एसएसपी**

**उपद्रवियों को चिह्नित कर प्रशासन को करें सूचित,**





धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को न्यू टाउन हॉल में मुहर्रम को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सभी अखाड़ा दल निर्धारित रूट एवं समय का पालन करना सुनिश्चित करेंगे। वहीं संबंधित अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी त्योहार से पहले रूट का भौतिक सत्यापन भी कर लेंगे। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान सोशल मीडिया में दुष्प्रचार, भ्रामक प्रचार, किसी की धार्मिक भावना को आहत करने या किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। उन्होंने सोशल मीडिया में प्रसारित होने वाली अफवाह या दुष्प्रचार की जानकारी निकटतम थाना को देने का अनुरोध किया।उपायुक्त ने कहा कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले के सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी मुस्तैद रहेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने पानी, बिजली, साफ सफाई इत्यादि से संबंधित जो भी मुद्दे उठाए हैं, उसका जिला प्रशासन द्वारा समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक, प्रभात कुमार ने कहा कि उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालय के आदेशानुसार डीजे बजाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से उपद्रवी तत्वों, सोशल मीडिया पर किसी की धार्मिक भावना को आहत करने वालों की सूचना पुलिस को देने, त्योहार में प्रशासन के साथ मौजूद रहने का अनुरोध किया।

वरीय पुलिस अधीक्षक ने सभी अखाड़ा दलों को ताजिया की ऊंचाई पर विशेष ध्यान देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा की ताजिया की ऊंचाई ऐसी रखें जिससे मार्ग में कहीं भी अवरोध उत्पन्न न हो।बैठक में, भोला राम, राम गोपाल भुवानिया, गुरमीत सिंह, भगत सिंह, विजय शर्मा, शकील अहमद, मेराज खान, गुल्लू चौधरी, मोहम्मद अफजल, निसार आलम, रतिलाल महतो, डब्लू बाउरी, दिल मोहम्मद, आनंद कुमार सिंह, एजाज अहमद, राजेंद्र कुमार सिंह, प्रदीप नारनोली, मोहम्मद तबरेज, पिंटू कुमार तुरी, मोबिन अंसारी, अजीत कुमार मिश्रा सहित अन्य सदस्यों ने अपने - अपने सुझाव व्यक्त किए। जिसमें खतरनाक करतब दिखाने से परहेज करने, जुलूस के दौरान भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने, जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों का एक वाट्सएप ग्रुप बनाने, पानी एवं बिजली की सुचारू आपूर्ति करने, बंद स्ट्रीट लाइट चालू कराने, स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक के साथ एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित कराने, सड़क की मरम्मत कराने सहित अन्य सुझाव दिए। बैठक में उपायुक्त, आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक, प्रभात कुमार, सिटी एसपी, ऋत्विक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी, कपिल चौधरी, प्रभारी एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, नगर आयुक्त, रवि राज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी, राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए, राजीव रंजन, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी, राम नारायण, सभी विभागों के पदाधिकारी, डीएसपी, शंकर कामती, धीरेंद्र नारायण बंका, सुमित कुमार, नौशाद आलम, अरविन्द कुमार सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## हाईवा की टक्कर से बजरंगबली मंदिर ध्वस्त वाहन मालिक ने किया पुनर्निर्माण का वादा



बाघमारा, (धनबाद), बीसीसीएल एरिया वन अंतर्गत बरोरा क्षेत्र के मुराईडीह चेकपोस्ट के समीप स्थित बजरंगबली मंदिर मंगलवार देर रात एक दुर्घटना का शिकार हो गया। कोयला लोड कर रिवर्स में खड़ी की जा रही एक हाइवा वाहन अनियंत्रित होकर मंदिर से जा टकराई, जिससे मंदिर पूरी तरह ध्वस्त हो गया।घटना के तुरंत बाद इलाके में सनसनी फैल गई 1 स्थानीय ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। मंदिर को नुकसान पहुंचाने वाला हाइवा वाहन राकेश कुमार राय के स्वामित्व में है। उन्होंने तुरंत मुराईडीह चेकपोस्ट पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और मंदिर के पुनर्निर्माण एवं प्राण-प्रतिष्ठा की पूरी जिम्मेदारी लेने की बात कही।

घटना स्थल पर डुमरा उत्तर के मुखिया विनोद कुमार, बेहराकुंदर के मुखिया जालिम रजक, अनिल सिंह समेत कई स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे। सभी ने मंदिर के पुनर्निर्माण में सहयोग का आश्वासन दिया और मंदिर स्थल पर जल्द कार्य आरंभ कराने की बात कही।

स्थानीय लोगों ने वाहन चालकों से धार्मिक स्थलों के पास सावधानीपूर्वक वाहन संचालन की अपील की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

# उपायुक्त ने किया कला भवन का निरीक्षण

**खिलाड़ियों एवं कलाकारों को बेहतर सुविधाएं एवं प्रोत्साहन देने की दिशा में किया जाएगा कार्य : उपायुक्त**








धनबाद, जिला में खेल-कूद एवं कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन ने लुबी सर्कुलर रोड स्थित कला भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने कलाभवन स्थित इंडोर स्टेडियम, मल्टी जिम, ओपन थिएटर, कार्यालय कक्ष समेत पूरे परिसर का निरीक्षण किया।

उपायुक्त ने कला भवन के रख रखाव, स्टाफ की प्रतिनियुक्ति, कार्यक्रम हेतु बुकिंग की जानकारी, आय-व्यय, साफ-सफाई समेत विभिन्न बिंदुओं की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला के खिलाड़ियों एवं कलाकारों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं प्रोत्साहन हेतु इस भवन का निर्माण किया गया था। इसी उद्देश्य को सफल करने की दिशा में आगे कार्य किया जाएगा। जिसके लिए कार्य योजना तैयार की जाएगी, जिसका फायदा जिला वासियों को मिलेगा।

इस दौरान निदेशक डीआरडीबी सह विशेष कार्य पदाधिकारी, राजीव रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी, राजेश कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, आलोक कुमार मिश्रा, केयर टेकर मौजूद रहें।

# धनबाद में पहला और एकमात्र किडनी अस्पताल का हुआ बारामुरी में भव्य उद्घाटन

धनबाद, जिले में पहला और एकमात्र किडनी अस्पताल का भव्य उद्घाटन बिरसा मुंडा पार्क के सामने बारामुरी,धनबाद में हुआ । इस संदर्भ में हिंदी दैनिक अखबार कोयलांचल संवाद के पत्रकार को इस अस्पताल के निदेशक, डॉ मिहिर कुमार ने बतलाया की इस अस्पताल का मुख्य उद्देश्य, धनबाद और इसके आसपास के किडनी मरीजों को किफायती एवं उच्च गुणवत्ता वाला इलाज प्रदान करना हैं 1 आगे उन्होंने कहा की यह अस्पताल मरीजों को विश्व स्तरीय इलाज प्रदान करने में सक्षम होगा। ज्ञात हो की इस अस्पताल के दो मुख्य अनुभवी डॉक्टर मिहिर कुमार,




नेफ्रोलॉजिस्ट एवं डॉक्टर प्रदीप सिंह, यूरोलॉजिस्ट जो 24 * 7 अपनी उच्च गुणवत्ता सेवा प्रदान करेंगे 1 साथ ही इमरजेंसी एमबीबीएस डॉक्टर भी अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे । इस अस्पताल में वेंटीलेटर 3 ,आईसीयू के 8 बेड डायलिसिस के 8 बेड एवं एयर कंडीशन जनरल वार्ड 15, लग्जरी केबिन इत्यादि उपलब्ध है। इसी अस्पताल में सीटी स्कैन, एक्स-रे अल्ट्रासाउंड एवं आधुनिक पैथोलॉजी की सुविधा भी मरीज के लिए उपलब्ध हैं 1 मौके पर डॉ० मिहिर कुमार, डॉ० प्रदीप सिंह सहित अनेक गण्यमान्य लोग मौजूद थे1

## मुहर्रम का जुलुस तय रूट पर ही ले जाना है : पिकू प्रसाद





**तय रुट में किसी भी तरह का बाधा उत्पन्न होता है तो पुलिस को तुरंत सूचित करें**

**मुहर्रम में पुलिस के तरफ से आखाड़ा दलों के लिए शर्बत का व्यवस्था की जाएगी**

लोयाबाद।मुहर्रम का जुलुस तय रूट पर ही ले जाना है।बुधवार को लोयाबाद थाना में शांति समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए लोयाबाद थाना प्रभारी पिकू प्रसाद ने कहा कि तय रुट में किसी भी तरह का बाधा उत्पन्न होता है तो पुलिस को तुरंत सूचित करें। पुलिस उस बाधा को दूर करने का प्रयास करेगा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से ताजिया और झंडा ज्यादा ऊंच नही बनना है। कहा कि मुहर्रम खेल प्रदर्शन में आग, ट्यूबलाइट,का इस्तेमाल पर प्रतिबंध है।इस बात को अखाड़ा वाले ख्याल रखेंगे। थाना प्रभारी ने कहा कि रामनवमी में पुलिस की ओर शर्बत वितरण हुआ था । उसी प्रकार मुहर्रम में भी पुलिस के तरफ से अखाड़ा दलों के लिए शर्बत का व्यवस्था की जाएगी। सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार से बचे । अन्यथा कार्रवाई होगी । किसी की धार्मिक भावना को आहत करने या किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।उन्होंने सोशल मीडिया में प्रसारित होने वाली अफवाह या दुष्प्रचार की जानकारी पुलिस को देने की अपील भी की। शांति समिति की बैठक का अध्यक्षता लोयाबाद थाना प्रभारी पिकू प्रसाद व संचालन सुनील पांडेय ने किया। बैठक में पुलिस प्रशासन की ओर से एस आई रोहित कुमार महतो,ए एस आई मिन्हाज खान,कारू मुर्मू,आदि पुलिस बल थे।वहीं शांति समिति के सदस्यों में जयप्रकाश पांडेय,राजेन्द्र पासवान,चेम्बर अध्यक्ष राजकुमार महतो,मुस्लिम कमेटी महामंत्री असलम मंसुरी, मनोज मुखिया,अनवर मुखिया,मन्नू सिंह,निसार मंसुरी,गुलाम जिलानी, रंजीत साहनी,फेकू सिंह,एसएस प्रसाद,संतोष महतो,श्यामसुंदर भुइयां, मुकेश पासवान,मोहम्मद जहँगीर, आदि मौजूद थे।

## प्रतिभा को सम्मान, राष्ट्र को प्रगति, युवा मोर्चा का प्रतिभा सम्मान समारोह भव्य रूप से हुआ संपन्न

धनबाद, भारतीय जनता युवा मोर्चा, धनबाद महानगर द्वारा बुधवार 2 जुलाई को इंडस्ट्री एंड कमर्स हाउस, जोड़ा फाटक रोड में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह अत्यंत गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। इस समारोह का आयोजन महानगर अध्यक्ष, नित्यानंद मंडल के नेतृत्व में किया गया 1 जिसमें 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भा.ज.यु.मो. के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, भा.ज.पा. महानगर अध्यक्ष श्रवण राय, प्रदेश युवा मोर्चा महामंत्री रूपेश सिन्हा, भा.ज.पा. जिला महामंत्री व युवा मोर्चा प्रभारी, मानस प्रसून, तथा युवा नेत्री शताक्षी सिंह मंचासीन रहे।सभी गणमान्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल भेंटकर सम्मानित किया 1 साथ ही बाघमारा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रंजन सिन्हा सहित अन्य शिक्षकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतिभा सम्मान को संबोधित करते हुए शशांक राज, प्रदेश अध्यक्ष, भा.ज.यु.मो ने कहा प्रतिभा







को सम्मान देना भाजपा की परंपरा रही है। ये छात्र भारत का भविष्य हैं और हम इनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। शत्रुघ्न महतो, विधायक, बाघमारा ने कहा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान सिर्फ एक आयोजन नहीं, समाज को एक सकारात्मक दिशा देने वाली पहल है। शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण का मूल है।श्रवण राय, भाजपा महानगर अध्यक्ष ने कहा धनबाद की प्रतिभाएं देश के किसी कोने से कम नहीं हैं।

ऐसे सम्मान समारोह न केवल विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि समाज को भी शिक्षा के प्रति जागरूक बनाते हैं। भारतीय जनता पार्टी हमेशा युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के साथ खड़ी है।शारदा सिंह, अध्यक्ष, जिला परिषद ने कहा बच्चों में छुपी प्रतिभा को पहचानना और उन्हें प्रोत्साहन देना, हमारा सामाजिक कर्तव्य है। ये युवा ही कल के नेता, वैज्ञानिक और नीति निर्माता हैं। रूपेश सिन्हा, प्रदेश महामंत्री, युवा मोर्चा ने कहा जो विद्यार्थी आज सम्मानित हो रहे हैं, वे कल भारत के नेतृत्वकर्ता बनेंगे। युवा मोर्चा हर उस कदम का साथी बनेगा जो उन्हें आगे बढ़ाए। मानस प्रसून, भाजपा जिला महामंत्री व युवा मोर्चा प्रभारी ने कहा सम्मान सिर्फ ट्रॉफी नहीं होता, यह अगली उड़ान के लिए आत्मविश्वास के पंख देता है। ऐसे समारोह समाज को यह संदेश देते हैं कि परिश्रम और प्रतिभा की कद्र करने वाले लोग आज भी हैं।

यह आयोजन सिर्फ विद्यार्थियों का ही नहीं, शिक्षकों और अभिभावकों की तपस्या का भी उत्सव है। युवाओं के भविष्य को दिशा देना ही हमारी सबसे बड़ी राष्ट्रसेवा है।

नित्यानंद मंडल, महानगर अध्यक्ष ने कहा यह सम्मान समारोह विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाने की दिशा में हमारा प्रयास है। हमें गर्व है कि धनबाद की धरती से देश के लिए चमकते सितारे निकल रहे हैं। शताक्षी सिंह, युवा नेत्री कहा ने युवतियों और छात्राओं की बढ़ती भागीदारी और सफलता यह साबित करती है कि अब बेटियाँ भी हर क्षेत्र में परचम लहरा रही हैं। हमें गर्व है इन नायिकाओं पर।मंच संचालन तमाल राय ने प्रभावशाली रूप से किया। समारोह में विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और भाजपा कार्यकर्ताओं की बड़ी उपस्थिति ने आयोजन को प्रेरणादायक और ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम में सुभम बनर्जी, पुष्परंजन राय, चितरंजन सिंह,,साकेत श्रीवास्तव, रवि मिश्रा, आमोद साहू, भगीरथ दास, रूपेश पासवान,आदि मौजूद थे



# क्रेडो वर्ल्ड स्कूल में वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का किया आयोजन



धनबाद, क्रेडो वर्ल्ड स्कूल, धनबाद में छात्रों के संपूर्ण स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी "वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर" का आयोजन 2 एवं 3 जुलाई 2025 को किया गया है। इस स्वास्थ्य शिविर में बच्चों की सामान्य जांच से लेकर विशेष चिकित्सकीय सलाह प्रदान की जा रही है। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएँ दे रहे हैं जिसमें,डॉ. करन नरंग, डेंटिस्ट, दंत चिकित्सक, डॉ. कुमार गौतम, जनरल फिजिशियन, सामान्य चिकित्सक,डॉ. मनीष नरायण, नेत्र विशेषज्ञ शामिल थे ।ज्ञात हो की 2 जुलाई को कई विद्यार्थियों का सफलतापूर्वक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शेष विद्यार्थियों की जांच कल 3 जुलाई को की जाएगी। विद्यालय प्रबंधन के निर्देशक, हर्षित अग्रवाल ने कहा है कि "बच्चों की शैक्षणिक प्रगति के साथ-साथ उनका स्वास्थ्य भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य से यह हेल्थ कैंप आयोजित किया गया है 1 जिससे बच्चों को प्रारंभिक चरण में ही स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान कर उचित देखभाल मिल सके।विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती शर्मिला सिन्हा ने कहा कि इस प्रकार के शिविर न केवल विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाते हैं, बल्कि अभिभावकों को भी उनके बच्चों की सेहत के प्रति सजग रहने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने आगे कहा की क्रेडो वर्ल्ड स्कूल निरंतर अपने छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार की पहलों के लिए प्रतिबद्ध है।

## लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में पूर्व पार्षद एवं समाजसेवी स्व. संजय कुमार का मनाया गया 5वाँपुण्यतिथि, नम आंखों से दी गई श्रद्धांजलि

धनबाद, धनबाद के टुंडी स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में पूर्व पार्षद सह समाजसेवी स्व संजय कुमार की पुण्यतिथि मनाई गई 1 सर्वप्रथम उनकी धर्मपत्नी पुत्र एवं उनके भाइयो और आश्रम में रह रहे माता-पिता तुल्य वृद्ध लोगों ने उनके तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी 1 साथ ही उन्हें याद किया, उनकी धर्मपत्नी और भाइयों नें आश्रम मे रह रहे वृद्ध लोगों को अपने हाथों से खाना खिलाया एवं उनके साथ कुछ पल भी बिताया 1वही स्वर्गीय संजय यादव की पुण्यतिथि के मौके पर उनके परिवार के लोगों ने आश्रम में निवास करने वाले माता-पिता तुल्य वृद्ध जनों के बीच में वस्त्र का भी वितरण किया1मौके पर स्वर्गीय संजय यादव के भाई संजीत कुमार यादव उर्फ टुनटुन यादव, पुत्र पप्पू यादव,वीरेंद्र यादव, ब्रह्मदेव यादव, मोहन राम, रामआशीष यादव,भोलू यादव, भुटाली




यादव, संजीत कुमार पांडे,संतोष यादव, शिव कुमार यादव, रंजीत यादव, शिव कुमार यादव,रंजीत यादव, गणेश यादव, इसराईल अंसारी, साकेत कुमार,आदित्य यादव, रवि कुमार यादव, अवध बिहारी सिंह, सुनील सिंह,आश्रम के सह सचिव सुरेंद्र यादव, मीडिया प्रभारी विजय सिन्हा, सुबल सिंह, शांति देवी सहित आश्रम के सदस्य गण मौजूद थे 1

# धनबाद जिला डेकोरेटर एसोसिएशन की कार्यकारिणी बैठक संपन्न





धनबाद। धनबाद जिला डेकोरेटर एसोसिएशन की कार्यकारिणी बैठक हिरापूर के गीताश्री मैरेज हॉल मे प्रदीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सर्वप्रथम 2022-2025 की कमिटी को भंग करने के पुर्व महासचिव विश्वनाथ सिंह के द्वारा तीन वर्षो मे किये गए कार्यो पर चर्चा की ।उसके उपरांत राजगंज क्षेत्र की आज की बैठक में नये शाखा की घोषणा ऐसोंशियसन के पुरानी कमिटी के द्वारा की गई। कमिटी के द्वारा अपने ऐसोंशियसन के भवन निर्माण हेतु जमीन पर चर्चा कर बहुत जल्द जमीन खरीद की जाएगी। प्रदीप कुमार सिंह के द्वारा पुरानी कमिटी को भंग कर नया चुनाव प्रभारी में मुख्य रूप से मनजीत सिंह, भरतजी भगत चन्दन सेन और विकास सरकार को चुना गया। चुनाव की तिथी 7 सितम्बर को की जायेगी। ज्ञात हो की जिले भर में कुल 20 शाखा है।सभी 20 शाखाओ में 15 अगस्त से 25 अगस्त 2025के बीच चुनाव करा ली जायेगी। सभी सदस्य से आग्रह की गई 31 जुलाई तक अपने अपने सदस्यता शुल्क जमा कर देने की बात की गई। बैठक में मनौवर रब्बानी, गुडडु साव,प्रवीण कुमार द्वारिका तिवारी ,संजय कुमार,प्रसाद तिवारी,पुरूषोत्तम कुमार, रंजन गौतम चक्रवर्ती के साथ साथ सभी शाखाओ के पदाधिकारी मौजूद थे 1

## बच्चों को नए कौशल सीखाने तथा सामाजिक संपर्क बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल धनबाद



धनबाद, बैंक मोड़ स्थित, गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, धनबाद के कक्षा 9 से कक्षा 12 के बच्चों को "सितारे जमीन पर" सिनेमा दिखाने हेतु प्रभातम आइनॉक्स ले जाया गया। विद्यार्थियों के साथ क्लास टीचर, एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर सोमा मजूमदार, डिसिप्लिन इंचार्ज राजीव रंजन सिन्हा, सिन्हा, सीनियर कोऑर्डिनेटर शिव कुमार मौजूद थे I ऐसे पाठ्येतर गतिविधियों से छात्र-छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है I विद्यालय के प्राचार्य, सुदीप कुमार ठाकुर ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूलों का ऐसा वातावरण होना चाहिए जो छात्रों को सुरक्षित, सहायक और सकारात्मक महसूस कराये I

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▶ समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।




# ₹6300+ करोड़ के निवेश की 11 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का झारखंड वासियों को उपहार

## शिलान्यास

**दामोदर नदी पर हाई लेवल पुल एवं भौरा रेलवे लेवल क्रॉसिंग पर आरओबी का निर्माण**
(NH-218, लम्बाई 4 किमी, लागत ₹285 करोड़)

**मुर्गातांल से मानपुर खंड तक 2 लेन पेव्ड शोल्डर का चौड़ीकरण**
(NH-218, लम्बाई 27 किमी, लागत ₹95 करोड़)

**सिमडेगा जिले में 8 हाई लेवल ब्रिजों का निर्माण**
(NH-143, लम्बाई 4 किमी, लागत ₹35 करोड़)

## लोकार्पण

**पलमा से गुमला तक 4 लेन सड़क का निर्माण**
(NH-23, लम्बाई 63 किमी, लागत ₹1900 करोड़)

**बरही-कोडरमा खंड का 4 लेन का निर्माण**
(NH-31, लम्बाई 28 किमी, लागत ₹825 करोड़)

**रांची शहर के अंतर्गत रातु रोड पर एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण**
(NH-75, लम्बाई 4 किमी, लागत ₹560 करोड़)

**गोड्डा से सुंदरपहाड़ी खंड तक 2 लेन पेव्ड शोल्डर का चौड़ीकरण**
(NH-333 A, लम्बाई 18 किमी, लागत ₹100 करोड़)

**झारखंड भाग में बाराहाट से तुलसीपुर खंड तक 2-लेन पेव्ड शोल्डर का चौड़ीकरण**
(NH-133, लम्बाई 15 किमी, लागत ₹70 करोड़)

**गिरीडीह शहर में सड़क का चौड़ीकरण**
(NH-114 A, लम्बाई 9 किमी, लागत ₹20 करोड़)

**गुरुवार, 03 जुलाई 2025 | रांची | दोपहरः 2:30 बजे**

## शिलान्यास

**छत्तीसगढ़/झारखंड सीमा से गुमला तक 4 लेन सड़क निर्माण**
(NH-43, लम्बाई 32 किमी, लागत ₹1330 करोड़)

## लोकार्पण

**शंखा से खजुरी तक 4 लेन सड़क निर्माण**
(NH-39, लम्बाई 23 किमी, लागत ₹1130 करोड़)

**गुरुवार, 03 जुलाई 2025 | ग्राम हुर के पास, गढ़वा बाईपास, गढ़वा, झारखंड | सुबह : 11:30 बजे**

## विकास परियोजनाओं से लाभ

- रांची शहर में रातु रोड पर लगने वाले जाम से निजात, समय और ईंधन की बचत
- आस पास के राज्यों से सुगम संपर्क, माल ढुलाई आसान और व्यापार को बढ़ावा
- रांची और पटना के बीच कनेक्टिविटी आसान
- तिलैया डैम और कोडरमा वन जैसे पर्यटन स्थलों तक आसान पहुँच
- अंजनी धाम, टांगीनाथ धाम जैसे धार्मिक स्थलों तक सुगम कनेक्टिविटी, श्रद्धालुओं को सुविधा
- एनएच - 114A के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से गिरडीह शहर में यातायात हुआ सुगम
- धनबाद और पश्चिम बंगाल के बीच बेहतर हुआ संपर्क, कोयला ढुलाई आसान
- लॉजिस्टिक लागत में कटौती से औद्योगिक और कृषि गतिविधियों को बढ़ावा
- स्थानीय उत्पादों एवं कृषि उपज की बड़े बाजारों तक पहुँच आसान

## नितिन गडकरी
**सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री**
**भारत सरकार**
के कर कमलों द्वारा

एवं

## हेमंत सोरेन
**मुख्यमंत्री, झारखंड**
की अध्यक्षता में

**गुरुवार, 03 जुलाई 2025**

### गरिमामयी उपस्थिति

अन्नपूर्णा देवी — केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री | संजय सेठ — केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री | बाबु लाल मरांडी — नेता प्रतिपक्ष, झारखंड | रघुवर दास — पूर्व मुख्यमंत्री, झारखंड | शिबू सोरेन — पूर्व मुख्यमंत्री, झारखंड एवं सांसद (राज्यसभा) | संजय प्रसाद यादव — उद्योग मंत्री, झारखंड | दीपिका पाण्डेय सिंह — पंचायती राज मंत्री, झारखंड | सुदिव्य कुमार — पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल एवं युवा मामले मंत्री, झारखंड | शिल्पी नेहा तिर्की — कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री, झारखंड | चमरा लिण्डा — अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री, झारखंड

### माननीय सांसद गण

दीपक प्रकाश, आदित्य प्रसाद, महुआ माजी, प्रदीप कुमार वर्मा, डॉ. सरफराज अहमद, डॉ. निशिकांत दुबे, विजय कुमार हांसदाक, विष्णु दयाल राम, चंद्र प्रकाश चौधरी, दुलू महतो, मनीष जायसवाल, कालीचरण मुंडा, सुखदेव भगत

### माननीय विधायक गण

सी.पी. सिंह, प्रदीप यादव, नीरा यादव, नमन बिक्सल कोनगाडी, भूषण तिर्की, जिगा सुसरन होरो, मनोज कुमार यादव, उमाकांत रजक, रागिनी सिंह, धनंजय सोरेन, सत्येन्द्र नाथ तिवारी, नरेश प्रसाद सिंह

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

FOR LIVE STREAMING : www.facebook.com/nitingadkary | https://twitter.com/nitin_gadkari | www.youtube.com/c/NitinGadkariOfficial

CBC 37107/15/0005/2526